राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, बुधवार, 19 नवंबर 2025
वर्ष 07, अंक 50, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाजियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

समाजसेवी पत्रकार पर जानलेवा हमलाः साजिश का दावा, मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग तेज...03

फर्जी बिल लगाकर मालामाल हो रहे सचिव सरपंच करकटी...12

## दिल्ली दंगा अचानक नहीं भड़का था, सोच-समझकर किया हमला था', SC में उमर खालिद- शरजील इमाम की जमानत का विरोध

**● दिल्ली पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट में 2020 के दिल्ली दंगों को पूर्व-नियोजित साजिश बताया। पुलिस ने उमर खालिद और शरजील इमाम जैसे आरोपियों की जमानत का विरोध किया। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि यह दंगा समाज को बांटने की साजिश थी और आरोपी ट्रायल में देरी कर रहे हैं। उमर खालिद ने आरोपों को निराधार बताया। अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी।**

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों के मामले में कार्यकर्ता उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य आरोपियों की जमानत का कड़ा विरोध किया। पुलिस ने कहा कि फरवरी 2020 की हिंसा कोई अचानक भड़का मामला नहीं था, बल्कि पूर्व-नियोजित, संगठित और सोच-समझकर किया गया हमला था, जो राष्ट्र की संप्रभुता को निशाना बनाकर किया गया।

उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर और रेहमान के खिलाफ UAPA और पुराने IPC प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है। दिल्ली पुलिस का दावा है कि ये लोग दंगों के मास्टरमाइंड थे। इन दंगों में 53 लोगों की मौत हुई थी और 700 से अधिक घायल हुए थे। हिंसा CAA और NRC के खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों के दौरान भड़की थी।

**यह सिर्फ CAA/NRC का विरोध नहीं था: तुषार मेहता**

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच को बताया कि एक सोची-समझी कोशिश की गई कि समाज को सांप्रदायिक आधार पर बांटा जाए।

उन्होंने कहा कि यह मिथक तोड़ना जरूरी है कि यह अपने आप हुआ दंगा था। यह एक सुनियोजित, सुव्यवस्थित और प्लान किया हुआ दंगा था। सबूतों से यह साफ पता चलता है। मेहता ने शरजील इमाम के एक कथित भाषण का जिक्र भी किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि मुसलमान 'हर शहर में चक्का जाम' करें।

**ट्रायल में देरी के लिए आरोपी खुद जिम्मेदार**

सॉलिसिटर जनरल मेहता ने दावा किया कि सोशल मीडिया पर ऐसा नैरेटिव बनाया जा रहा है कि युवाओं के साथ कुछ गंभीर हो रहा है, जबकि ट्रायल में देरी का कारण आरोपी ही हैं।

उन्होंने कहा कि हम छह महीने में ट्रायल खत्म कर सकते हैं, लेकिन हर चार्ज पर आरोपी वर्षों तक बहस करते हैं। इसलिए वे खुद ही जमानत के लिए आधार बनाने के लिए ट्रायल को खींचते हैं।

उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस के पास एक तस्वीर है जिसमें सभी आरोपी साजिश रचते के लिए एक साथ बैठे दिखाई देते हैं।

**UAPA लागू है, सिर्फ CrPC से जमानत नहीं मिलेगी: एसवी राजू**

अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कहा कि आरोपी, नताशा नरवाल, देवांगना कलीता और आसिफ इकबाल तनहा जैसी जमानत की बराबरी नहीं मांग सकते, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट पहले ही कह चुका है कि वे जमानत आदेश किसी मामले में मिसाल नहीं माना जाएगा।



राजू ने यह भी दलील दी कि शरजील इमाम को दिल्ली हाई कोर्ट ने मई 2024 में जो धारा 436-A CrPC के तहत सांकेतिक जमानत दी थी, वह त्रुटिपूर्ण है, क्योंकि UAPA के कड़े प्रावधान भी लागू हैं।

**उमर खालिद ने कहा- उन पर लगा आरोप निराधार**

उमर खालिद ने सुप्रीम कोर्ट में कहा है कि कोई भी सबूत उन्हें हिंसा से नहीं जोड़ता और उन पर लगे साजिश के आरोप निराधार हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने उमर खालिद, शरजील इमाम और अन्य सात आरोपियों की जमानत यह कहते हुए ठुकरा दी थी कि प्रदर्शन के नाम पर की गई हिंसा स्वीकार नहीं की जा सकती।

हाई कोर्ट ने यह भी कहा था कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार संविधान देता है, लेकिन यह पूर्ण अधिकार नहीं है और यह कानून और व्यवस्था की सीमा में रहकर ही इस्तेमाल किया जा सकता है।

**अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी**

मामले की सुनवाई मंगलवार को अधूरी रही और अब 20 नवंबर को जारी रहेगी। आरोपी सभी आरोपों से इनकार करते रहे हैं और अब तक उनकी जमानत याचिकाएं निचली अदालत और हाई कोर्ट दोनों खारिज कर चुके हैं।

**शरजील इमाम पर आरोप**

मेहता ने आगे कहा, 'शरजील इमाम का कहना था कि उनकी दिली इच्छा है कि हर उस शहर में 'चक्का जाम' हो जहां मुसलमान रहते हैं. सिर्फ दिल्ली में ही नहीं. उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर यह कहानी गढ़ी जा रही थी कि युवाओं के साथ कुछ बहुत गंभीर हो रहा है. उन्होंने कहा कि आरोपी शरजील इमाम ने मुसलमानों को एकजुट होने और दिल्ली सहित शहरों को ठप करने के लिए प्रेरित किया था.

**फरवरी 2020 में हुए थे दंगे**

खालिद, इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर और रहमान पर फरवरी 2020 के दंगों के मास्टरमाइंड होने के आरोप में आतंकवाद विरोधी कानून और तत्कालीन आईपीसी के प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया था, जिसमें 53 लोग मारे गए थे और 700 से अधिक घायल हुए थे. इस मामले की अगली सुनवाई 20 नवंबर को होगी

## ट्रेड मार्क केस की बहस के बीच टेट्रा पैक शराब पर चिंता, क्या है पूरा विवाद, कांच की बोतल से खतरनाक कैसे?

शराब कारोबार की दो बड़ी कंपनियां, एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलरीज और जॉन डिस्टिलरीज के बीच ट्रेडमार्क की सुनवाई उस वक्त दूसरे मुद्दे पर शिफ्ट हो गई गई जब सुप्रीम कोर्ट ने टेट्रा पैक में बिकने वाली शराब हो लेकर गंभीर चिंता जताई है. उन्होंने कहा कि जूस जैसा दिखने वाला शराब का टेट्रा पैक आसानी से बच्चों की पहुंच में आ सकता है और इन्हें स्कूल बैग में भी छिपाकर आसानी से ले जाया जा सकता है। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जोयमाल्या बागची की बेंच ने यह भी सवाल उठाया कि इस तरह के टेट्रा पैक शराब में किसी भी तरह की स्वास्थ्य चेतावनी तक नहीं लिखी गई है. कोर्ट ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि राज्य सरकारें सिर्फ राजस्व बढ़ाने के लिए इन तरह के पैकेटों की बिक्री की अनुमति दे रही हैं. बता दें कि टेट्रा पैक शराब का मतलब है ऐसी शराब जो बोतल में नहीं बेची जाती. ये जूस या दूध के पैकट जैसे पेपर-कार्टन पैकेट में मिलती है. इस तरह के शराब टेट्रा पैक को कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और दिल्ली, तेलंगांना, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में बेचा जाता है।

**कांच की तुलना काफी कम पड़ती है कीमत?**

टेट्रा पैक में मिलने वाली शराब की लागत, कांच की बोतलों की तुलना में काफी कम पड़ती है. एक रिपोर्ट में बताया गया है कि अगर बोतल की जगह टेट्रा पैक का इस्तेमाल किया जाए, तो एक यूनिट पर करीब 1015 रुपये तक की बचत हो सकती है. अभी जो सस्ती क्वार्टर बोतल लगभग 120 रुपये में आती है, वही शराब टेट्रा पैक में लगभग 105 रुपये तक मिल सकती है. यह अनुमान तेलंगाना के आबकारी विभाग के फैसले से जुड़ी रिपोर्ट के आधार पर लगाया गया था. देश के अलग-अलग राज्यों में कीमतें बदलती रहती हैं.



**कोर्ट को चिंता किस बात की है?**

टेट्रा पैक देखकर यह समझना बच्चों और किशोरों के लिए मुश्किल हो जाता है कि यह शराब है. इसका साधारण-सा दिखना इसे जल्दी पकड़ में आने नहीं देता. जिससे परेशानी बढ़ सकती है. छोटे पैक आसानी से स्कूल बैग, जेब या किसी भी सामान में छिपाए जा सकते हैं।

पैकिंग पर सेहत से जुड़े खतरे या चेतावनियां ठीक से नहीं लिखी होतीं, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है।

**दोनों शराब कंपनियों के बीच क्या है विवाद?**

शराब कारोबार की दो बड़ी कंपनियां, एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड जो ऑफिसर्स चॉइस व्हिस्की बनाती है और जॉन डिस्टिलरीज प्राइवेट लिमिटेड जो ओरिजिनल चॉइस व्हिस्की की निर्माता है के बीच कई सालों से ट्रेडमार्क को लेकर विवाद चल रहा है. यह मामला पहले भी कई अदालतों और बोर्डों में चला और अब सुप्रीम कोर्ट के सामने पहुंच गया है. सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने इस लंबे विवाद को अदालत में जारी रखने के बजाय मध्यस्थता के जरिए हल करने की सलाह दी है।

**विवाद की मूल वजह: दोनों ब्रांड के नाम**

ऑफिसर्स चॉइस और ओरिजिनल चॉइस, दोनों ब्रांड के नामों में एक जैसा शब्द चॉइस आता है. दोनों कंपनियां दावा करती हैं कि दूसरी कंपनी का नाम उनके ब्रांड से मिलता-जुलता है और इससे ग्राहक भ्रमित हो सकते हैं. दोनों ने अपने-अपने ब्रांड का ट्रेडमार्क रजिस्टर करवा रखा है. लेकिन हर कंपनी चाहती है कि दूसरी कंपनी के ट्रेडमार्क को बदला जाए या हटाया जाए. इसी वजह से मामला कानूनी लड़ाई बन गया. दोनों कंपनियां इस मसले को लेकर सबसे पहले Intellectual Property Appellate Board (IPAB) पहुंचीं, जहां उन्होंने एक-दूसरे के ट्रेडमार्क को हटाने की मांग की. 2013 में IPAB ने दोनों की याचिकाएं खारिज कर दीं. बोर्ड ने कहा कि दोनों ब्रांडों के नाम भले ही चॉइस एक हो, लेकिन कुल मिलाकर वे इतने भी एक जैसे नहीं हैं कि ग्राहक इससे भ्रमित हो जाए. इसलिए किसी भी ब्रांड का ट्रेडमार्क हटाने की जरूरत नहीं है।

**हाई कोर्ट ने मामला फिर क्यों खोल दिया?**

कई साल बाद यह विवाद फिर सामने आया. 7 नवंबर 2024 को मद्रास हाई कोर्ट ने IPAB के फैसले का एक हिस्सा बदल दिया और ओरिजिनल चॉइस के ट्रेडमार्क में संशोधन का आदेश दिया. हाई कोर्ट का कहना था कि इस मार्क को लेकर लगातार आपत्तियां और विवाद चलते रहे हैं, जिससे यह 'लगातार परेशानी वाला ट्रेडमार्क' बन गया है. इसके बाद कंपनी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।

## संक्षिप्त ख़बरें

### गोरखपुर- लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप, भदोही स्टेशन पर चार घंटे तक रुकी रही ट्रेन



**भदोही।** भदोही रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब गोरखपुर-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस में बम होने की सूचना कंट्रोल रूम को मिली। बनारस से ट्रेन के रवाना होने के कुछ समय बाद ही मिली इस संदिग्ध सूचना ने रेलवे व पुलिस प्रशासन को सतर्क कर दिया। तुरंत आदेश जारी कर ट्रेन को भदोही स्टेशन पर रोक दिया गया, जिससे स्टेशन परिसर में अफरा-तफरी जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही डॉग स्क्वायड, बम निरोधक दस्ता, जीआरपी, आरपीएफ तथा स्थानीय पुलिस की टीमें भारी संख्या में मौके पर पहुंचीं और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी। सुरक्षा एजेंसियों ने लगभग चार घंटे तक ट्रेन की बोगियों को खंगाला। हर कोच की बारीकी से जांच की गई और यात्रियों के सामान को एक-एक कर चेक किया गया। यात्रियों से शांत रहने और सहयोग करने की अपील की गई। लंबे समय तक चली सघन तलाशी के दौरान सुरक्षा बलों को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। इसके बाद रेलवे अधिकारियों ने सभी यात्रियों के सुरक्षित होने की पुष्टि की। स्थिति सामान्य पाए जाने पर चार घंटे बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना कर दिया गया। घटना के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने बताया कि किसी भी संभावित खतरे को देखते हुए जांच में कोई ढिलाई नहीं बरती गई। वहीं, यात्रियों ने भी सुरक्षा एजेंसियों की तत्परता और सतर्कता की सराहना की। अधिकारियों ने कहा कि सूचना कहां से आई, इसकी जांच की जा रही है। रेलवे व पुलिस प्रशासन ने यात्रियों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत दें, ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके।

## NIA को मिली आरोपी जसीर की 10 दिन की रिमांड, श्रीनगर से हुआ था गिरफ्तार

**● पटियाला हाउस स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत ने आत्मघाती हमलावर उमर उन नबी के सह-साजिशकर्ता जासिर बिलाल को 10 दिन की एनआईए हिरासत में भेज दिया। रिमांड से NIA को ब्लास्ट के पीछे की साजिश और मकसद का पता लगाने में मदद मिलेगी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाल किले के पास हुए आतंकी हमले के मामले में जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर जासिर बिलाल वानी उर्फ दानिश को मंगलवार को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की मांग पर कोर्ट ने आरोपी जसीर को 10 दिन की हिरासत में भेज दिया है।

जासिर बिलाल आतंकी उमर का सहयोगी है। उसकी रिमांड मिलने से जांच एजेंसी को धमाके के पीछे की साजिश का पता चल सकेगा। जसीर की गिरफ्तारी से ब्लास्ट के तार कश्मीर से जुड़ गए हैं।

मालूम हो कि 10 नवंबर दिन सोमवार को शाम सात बजे के आसपास लाल किला मेट्रो स्टेशन के बाहर एक कार धमाका हुआ था। इस आतंकी हमले में अब तक 15 लोगों की जान जान गई है, जबकि करीब 30 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। मामले की जांच में एजेंसियों के हाथ कई सबूत लगे हैं। इसी क्रम में कई संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है, जसीर भी उन्हीं में से एक है।

## पति ने डॉक्टरों और अस्पताल पर लगाया था लापरवाही से इलाज करने का आरोप, आयोग ने महिला की मौत के आरोप से किया बरी

**● नई दिल्ली जिला उपभोक्ता आयोग ने आरपी मेमोरियल अस्पताल और डॉक्टरों को चिकित्सा लापरवाही के आरोप से बरी कर दिया। 2015 के एक मामले में, आयोग ने कहा कि गर्भवती महिला की मृत्यु दुखद है, लेकिन यह डॉक्टरों की लापरवाही नहीं थी। महिला को गंभीर हालत में लाया गया था और अस्पताल ने उसे बचाने की पूरी कोशिश की थी।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने एक वर्ष 2015 के मामले में आरपी मेमोरियल अस्पताल और उसके चार डॉक्टरों को चिकित्सा लापरवाही के आरोपों से पूरी तरह मुक्त कर दिया है। आयोग ने शिकायतकर्ता की याचिका खारिज करते हुए कहा कि मरीज की मृत्यु दुखद है, लेकिन इसे डॉक्टरों की लापरवाही नहीं माना जा सकता। आयोग ने पाया कि अस्पताल ने उपलब्ध साधनों में महिला को बचाने की पूरी कोशिश की थी और ऑपरेशन मेडिकल इमरजेंसी में किया गया था।

यह मामला उस समय का है, जब एक गर्भवती महिला को प्लेसेंटा प्रिविया ग्रेड-4 जैसी बेहद खतरनाक स्थिति में अस्पताल लाया गया था। उस दौरान महिला 18-19 सप्ताह की गर्भवती थी और उसे भारी रक्तस्राव हो रहा था। अस्पताल के अनुसार, महिला की जान बचाने के लिए इमरजेंसी में आपरेशन किया गया। भ्रूण मृत अवस्था में मिला और प्लेसेंटा गर्भाशय से चिपका होने के कारण उसे निकालते समय काफी खून बहा।

अस्पताल ने खून चढ़ाने, दवाएं देने और अन्य जरूरी उपायों से मरीज को बचाने की कोशिश की लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे तुरंत लेडी हार्डिंग अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शिकायतकर्ता ने डॉक्टरों पर बिना विशेषज्ञ के ऑपरेशन करने और गलत इलाज का आरोप लगाया था।

## पति के कंधे पर पत्नी की लाश... कैमरे में कैद हुआ खौफनाक मंजर

**बाहरी दिल्ली।** बाहरी दिल्ली में महिंद्रा पार्क पुलिस थाना इलाके राजस्थान उद्योग नगर में पत्नी की हत्या के बाद सबूत मिटाने के उद्देश्य से शव को कंधे पर लादकर नाले की ओर जाते हुए आरोपी सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी विष्णु शर्मा आदतन अपराधी पाया गया है और वह पूर्व में आबकारी अधिनियम और घर में चोरी के तीन मामलों में शामिल रहा है। उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि जहांगीरपुरी के राजस्थान उद्योग नगर में रहने वाला आरोपी विष्णु शर्मा अपनी पत्नी पर किसी अन्य व्यक्ति से संबंध होने का शक करता था। 13 नवंबर की रात दोनों के बीच गंभीर विवाद हुआ, जिसके दौरान आरोपी ने गुस्से व शक की स्थिति में अपनी पत्नी की हत्या कर दी। अपराध के बाद उसने सबूत छिपाने के उद्देश्य से शव को एक खुले नाले में फेंक दिया। पुलिस ने तत्परता से विष्णु शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। जांच के दौरान आसपास लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई, जिसमें स्पष्ट दिखाई देता है कि आरोपी अपनी पत्नी श्वेता के शव को कंधे पर उठाकर नाले की ओर जा रहा है।

## अवैध खनन ने चला जिलाधिकारी का चाबुक

**● 10 वाहनों और 24 लोकेटरों पर दर्ज हुआ मुकदमा**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हमीरपुरः-** जनपद में अवैध मौरंग खनन और ओवर लोडिंग धड़ल्ले से चल रही है, जिसकी खबरें समाचारपत्रों की अक्सर सुर्खियां बनती रहती हैं।बावजूद इसके मौरंग माफिया अवैध खनन से बाज नहीं आते।लगातार खबरों में प्रकाशित होने की वजह से जिलाधिकारी घनश्याम मीणा ने इस अवैध कारोबार को रोकने के लिए सख्त निर्देश दिए हैं जिसके चलते ओवरलोडिंग में संलिप्त लोकेटर्स और इस कार्य में जुडे लोगों के विरूद्ध जांच टीम गठित की गयी है। जांच टीम द्वारा पेश की गई रिपोर्ट के आधार पर मंगलवार को थाना कोतवाली हमीरपुर में कुल 10 वाहनों एवं 24 लोकेटर्स के विरूद्ध नामजद एवं अन्य अज्ञात के विरूद्ध बी0एन0एस0 की धारा 49, 132 191(2), 191 (3), 221, 303(2), 318(4), 351 (2), 352 तथा सार्वजनिक सम्पत्ति नुकसान अधिनियम 1984 की धारा-3 एवं 5 तथा खान एवं खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4 एवं 21 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

एफ0आई0आर0 में लोकेशनकर्ताओं द्वारा अपने भिन्न-भिन्न गाड़ियों से प्रवर्तन वाहनों को 24 घण्टे लोकेशन देते हुये उप खनिजों के अवैध खनन / परिवहन ओवरलोड़िग किये जाने वाले वाहनों को पास कराते हुये राजस्व की चोरी व राजकीय सम्पत्ति की क्षति पहुचाते है। लोकेशनकर्ताओं द्वारा जांच कर रही टीम के साथ गाली-गलौज व जान से मारने की भी धमकी भी प्रायः दी जाती है। लोकेशन का कार्य वाट्सएप पर तथा भौतिक रुप से आगे-पीछे गाड़ी लगाकर संगठित रुप से गिरोह बनाकर यथा भिन्न-भिन्न स्थानों जैसे मौदहा, राठ, सरीला, चण्डौत, चिकासी जैसे दूरस्थ स्थानों के वाहनों को वाहन स्वामियों के माध्यम से सूचित कर देते है, जिससे अवैध परिवहन ओवरलोड का जांच कार्य प्रभावित होता है।





एफ0आई0आर0 में कई अन्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा जांच टीमों की पल-पल की लोकेशन देने तथा वाट्सएप पर ग्रुप बनाकर 200 से अधिक लोगो को जोड़कर लोकेशन वायस मैसेज व लिखित मैसेज देकर अधिकारियों/जांच टीमों का लोकेशन प्रसारित करते हुये अवैध परिवहन/ओवरलोडिंग का बढावा देते हुये राजकीय सम्पत्ति का चोरी व शासकीय कार्य को प्रभावित करते है। उपरोक्त व्यक्तियों द्वारा संगठित गिरोह बनाकर खतरनाक हथियारों से लैस होकर छलपूर्वक, ट्रको से उपखनिजों का अवैध खनन, परिवहन व ओवरलोडिंग करते हुये राजकीय सम्पत्ति की क्षति व राजस्व की चोरी, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कर गाली-गलौज व जांच टीम में लगे अधिकारियों के ऊपर हमलावर होकर, जान से मारने की धमकी देने, अबैध खनन / परिवहन करने को दुष्प्रेरित करने वाले वाहनों को बढावा देने के सम्बन्ध में उक्त गिरोह के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है।

## एसआईआर प्रक्रिया में अनियमितता का आरोप

**● विधायक जाहिद बेग ने सरकार व चुनाव आयोग की कार्यशैली पर उठाए सवाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** समाजवादी पार्टी के भदोही विधायक जाहिद बेग ने मंगलवार को अपने मलिकाना स्थित विधानसभा कैम्प कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में एसआईआर (स्पेशल समरी रिवीजन) प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नागरिकों से बातचीत में स्पष्ट रूप से सामने आया है कि मतदाता सूची के गणना पत्रों के वितरण में भारी अनियमितताएं हो रही हैं। विधायक ने बताया कि कहीं गणना पत्र मिला ही नहीं, कहीं दो-दो पत्र बाँटे जा रहे हैं, तो कई स्थानों पर सिर्फ एक ही पत्र दिए जा रहे हैं। नए मतदाताओं का नाम जोड़ने के लिए स्पष्ट निर्देश होने के बावजूद बीएलओ द्वारा फॉर्म-6 भरने में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने कहा कि पहले चुनाव आयोग सरकार से स्वतंत्र होकर काम करता था, लेकिन अब




स्थितियाँ बदल चुकी हैं। 'आज ऐसा प्रतीत होता है कि चुनाव आयोग सरकार के अधीन होकर काम कर रहा है। सरकार की मंशा साफ है—किसी भी तरीके से चुनाव जीतना,' विधायक ने कहा।

उन्होंने आरोप लगाया कि पहले चुनाव के दौरान रुपए बाँटने जैसी गतिविधियों पर चुनाव आयोग सख्त कार्रवाई करता था, छापेमारी भी होती थी, लेकिन अब आचार संहिता लागू होने के बाद भी मतदाताओं के खातों में पैसे भेजे जा रहे हैं, जिससे चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। विधायक जाहिद बेग ने नागरिकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण एसआईआर प्रक्रिया में पूरी जागरूकता के साथ शामिल हों और अपने सभी मतदाताओं का गणना पत्र सही तरीके से भरवाएँ, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित रूप से शामिल हो सके।

## संक्षिप्त खबरें

### अमेठी में आकांक्षात्मक विकासखंड शुकुलबाजार में रोजगार मेला सम्पन्न



**रामकुमार स्मारक शिक्षण प्रशिक्षण बालिका महाविद्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का सफल आयोजन किया**

**अमेठी।** मिशन रोजगार के अंतर्गत जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा विकासखंड शुकुलबाजार स्थित रामकुमार स्मारक शिक्षण प्रशिक्षण बालिका महाविद्यालय में एक दिवसीय रोजगार मेले का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक निदेशक सेवायोजन, अयोध्या मंडल देवव्रत कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार अवसरों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। जिला सेवायोजन अधिकारी अनुपमा रानी ने अभ्यर्थियों को विभिन्न निजी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार विकल्पों की जानकारी विस्तार से दी। मेले में कुल 12 प्रतिष्ठित निजी कंपनियों ने प्रतिभाग किया। कंपनियों द्वारा आयोजित साक्षात्कार में 350 में से 264 अभ्यर्थियों का चयन प्रथम चरण के लिए किया गया, जिससे युवाओं में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में राजकीय आईटीआई जगदीशपुर के कार्यदेशक राजीव प्रजापति, आईटीआई टीम तथा सेवायोजन कार्यालय के सभी कार्मिकों ने सक्रिय योगदान दिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक पंडित राम उंजेरे शुक्ला, विश्व प्रकाश शुक्ला सहित छात्र-छात्रा व उनके अभिभावक मौजूद रहे।

### राज्य महिला आयोग की सदस्य 19 व 20 नवम्बर को विभिन्न कार्यक्रमों में होंगी सम्मिलित

**प्रतापगढ़।** राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रतिभा कुशवाहा का जनपद में दो दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम 19 व 20 नवम्बर निर्धारित है। महिला आयोग की सदस्य 19 नवम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ आयेंगी। पूर्वान्ह 11.15 बजे माध्यमिक विद्यालय रखहा में आंगनबाड़ी निरीक्षण/गोद भराई एवं अन्न प्रासन्न कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। पूर्वान्ह 11.45 बजे मां केवला पंडित चिंतामणि भवन गहरीचक आयेंगी जहां पर पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिपाठी के आवास पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भेंट करेंगी। अपरान्ह 01 बजे बाबा बेलखरनाथधाम सभागार में जनसुनवाई एवं जागरूकता चौपाल कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 3.15 बजे गांगपाटी बेलखरनाथ में दीपक कुमार के आवास पर औपचारिक भेंट करेंगी। अपरान्ह 3.45 बजे दिलीपपुर थाना में महिला हेल्पडेस्क का निरीक्षण करेंगी। 20 नवम्बर को महिला आयोग की सदस्य पूर्वान्ह 10 बजे मेडिकल कालेज पूरेकेशवराय/प्रशिक्षु छात्रों से संवाद करेंगी। पूर्वान्ह 11 बजे गुलशने मदीना पल्टन बाजार में मदरसे का निरीक्षण करेंगी। पूर्वान्ह 11.45 बजे श्रीराम बालिका इण्टर कालेज चिलबिला में मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। अपरान्ह 2 बजे निरीक्षण भवन प्रतापगढ़ आयेंगी। अपरान्ह 03 बजे औचक निरीक्षण किया जायेगा।

### जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन अब 22 नवम्बर को

**प्रतापगढ़।** प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी सुमित सिंह पाल ने बताया है कि 20 नवम्बर को विधानसभा क्षेत्र सदर में विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम मीरा भवन में किया जाना था,जिसे अपरिहार्य कारणवश प्रतियोगिता की तिथि परिवर्तन करते हुये अब 22 नवम्बर को जिला स्पोर्ट्स स्टेडियम मीरा भवन में आयोजित करायी जायेगी।

### आज रामपुरखास आयेंगे प्रमोद तिवारी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बुधवार को रामपुरखास के एक दिवसीय दौरे पर आयेंगे। वह दिन में दो बजे लालगंज चौक पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गांधी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पहले सांसद प्रमोद तिवारी 1.15 बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में वहां संचालित योजनाओं की प्रगति का जायजा लेंगे। सांसद प्रमोद तिवारी पूर्वान्ह 11.30 बजे ननौती व पूरे दुबान, उदयपुर, खानीपुर, रेहुआ लालगंज, पूरे गंगू मिश्र में भी आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने दी है।

## ग्राम पंचायत पोखरा में तैनात सफाईकर्मी को पोखरा गौशाला पर तैनाती की खबर प्रकाशित होने पर भड़के ADO पंचायत

**●ADO पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव ने मनमानी तरीके से सफाईकर्मी को पोखरा गौशाला पर किया है तैनात**

**शासनादेश के खिलाफ सफाई कर्मियों की तैनाती की खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार के खिलाफ षंडयंत्र रच रहे ADO पंचायत सफाईकर्मियों की मनमानी तरीके से तैनाती करने वाले ADO ( पंचायत ) के खिलाफ उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की चल रही तैयारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले मेंसहायक विकास अधिकारी एडीओ पंचायत कप्तानगंज सुशील कुमार श्रीवास्तव के कारनामों को लेकर वर्तमान समय में जिले में चर्चा का बाजार गर्म है । एडीओ पंचायत ने ग्राम पंचायत पोखरा में 04 राजस्व गांवों में 06 सफाई कर्मियों की तैनाती किया है जिसमें दो सफाई कर्मचारी ग्राम पंचायत पोखरा में अधिक है तो एडीओ पंचायत ने शासनादेश को दरकिनार करके पोखरा गांव में तैनात सफाई कर्मी कृष्ण कुमार चौधरी को पोखरा गौशाला पर तैनात कर दिया है और एक सफाईकर्मी राधा रमन को ब्लॉक मुख्यालय कप्तानगंज पर तैनात कर दिया है । ग्राम पंचायत महुआ लखनपुर में 02 राजस्व गांवों में 06 सफाई कर्मियों की तैनाती किया है जो शासनादेश के विरुद्ध है । ग्राम पंचायत पोखरा ,महुआलखनपुर ,परसपुरा आदि ऐसे ही पूरे विकासखंड में लगभग एक दर्जन ग्राम पंचायतों में एडीओ पंचायत ने शासनादेश को ताक पर रखकर सफाई कर्मियों की तैनाती किया है । शासनादेश को ताख पर रखकर सफाई कर्मियों की तैनाती करने की खबर सोशल मीडिया / सम्मानित समाचार पत्रों में प्रकाशित होने पर एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव बौखलाए हुए हैं और खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज करने की फिराक में जुटे हुए हैं । एडीओ पंचायत निष्पक्ष पत्रकारिता पर भारी पड़ रहे हैं जब पत्रकार निष्पक्ष खबर प्रकाशित कर रहा है तो एडीओ पंचायत क्यों ? पत्रकार के खिलाफ षडयंत्र रच रहे हैं और फर्जी मुकदमें में फंसाने का प्रयास कर रहे हैं जिसका सीधा मतलब दाल में कुछ काला है अर्थात् एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव को अपने द्वारा किये जा रहे भ्रष्टाचार का खुलासा होने का डर सता रहा है । पोखरा गौशाला पर तैनात सफाईकर्मी कृष्ण कुमार चौधरी क्यों ग्राम पंचायत पोखरा में तैनात होने के बाद ग्राम पंचायत में साफ सफाई छोड़ कर पोखरा गौशाला पर रहकर मौज कर रहा है जो एक जांच का विषय बना हुआ है । आखिर कब मनमानी / लापरवाही करने वाले एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ होगी कार्रवाई ? इस प्रकरण में जिलाधिकारी ज्योत्सना कृत्तिका ने कहा कि शासनादेश के खिलाफ तैनाती करने वाले एडीओ पंचायत सुशील कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी ।

## सड़क निर्माण में खुली लूट, विभागीय मिलीभगत से भ्रष्टाचार चरम पर - भारतीय किसान यूनियन भानू ने किया बड़ा खुलासा

**●पचपेड़वा वार्ड 10 की सड़क पर चल रहा घटिया निर्माण, जिम्मेदार अधिकारी गायब – श्वह ने फोन काटकर झाड़ा पल्ला**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर** -आदर्श नगर पंचायत पचपेड़वा के वार्ड संख्या 10, मरही माता स्थान मंदिर से होकर गुजरने वाले मार्ग पर इंटर लॉकिंग सड़क निर्माण कार्य ने क्षेत्र में भारी रोष पैदा कर दिया है। स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ भारतीय किसान यूनियन भानू ने इस कार्य में सामने आ रही अनियमितताओं, भ्रष्टाचार, बंदरबांट और विभागीय अधिकारियों की ढिलाई का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाते हुए कहा है कि यह सीधे-सीधे सरकारी धन की खुली लूट है।

**निर्माण स्थल पर उजागर हुआ गंभीर भ्रष्टाचार**

किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने जब तहसील उपाध्यक्ष मोहम्मद आलम खान के नेतृत्व में स्थल का निरीक्षण किया, तो हालात चौंकाने वाले थे—मौके पर ठेकेदार का अनिवार्य इंफ्रामेट्री बोर्ड तक नहीं लगा था, जिससे यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा था कि कार्य किसके निर्देश में हो रहा है। ठेकेदार खुद भी निर्माण स्थल पर मौजूद नहीं था, न ही उसके पास मानक पत्र दिखाने की व्यवस्था थी। संबंधित जेई पूरी तरह नदारद मिले, जिससे निर्माण की निगरानी ही नहीं हो रही। मजदूरों के भरोसे मनमाने तरीके से इंटर लॉकिंग बिछाई जा रही थी। मीठा व घटिया क्वालिटी की ईटों का उपयोग किया जा रहा था, जो नियमों के अनुसार पूरी तरह अवैध है। मसाला इतना निम्न गुणवत्ता का था कि निर्माण के दौरान ही टूटकर अलग होता दिखा, जो यह दर्शाता है कि सड़क के टिकाऊ होने पर बड़ा प्रश्नचिह्न है।

**ईओ ने पहले काम रुकवाने का आश्वासन दिया, फिर फोन काटकर बच निकले**

जब आलम खान ने E O अवनीश सिंह को फोन कर मौके की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया, तो पहले उन्होंने कार्रवाई और निर्माण रोकने की बात कही। लेकिन कुछ देर बाद उन्होंने फोन कर उल्टा यह कह दिया कि– यह काम डूडा विभाग का है, नगर पंचायत का नहीं... इसमें हमारा कोई वश नहीं।

जब आलम खान ने कड़े शब्दों में उनसे पूछा कि– क्या नगर क्षेत्र में हो रहे डूडा के कार्यों की निगरानी और जवाबदेही आपकी नहीं है? तो ईओ ने फोन काट दिया। इसके बाद कई बार फोन मिलाने पर भी उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। यह रवैया विभागीय मिलीभगत और भ्रष्टाचार पर संदेह को और गहरा करता है।

भारतीय किसान यूनियन भानू ने आरोप लगाया कि– कुछ भ्रष्ट अधिकारी और ठेकेदार मिलकर सरकारी धन की बंदरबांट कर रहे हैं, घटिया निर्माण कर जनता की मेहनत की कमाई का दुरुपयोग किया जा रहा है,और इस तरह की गतिविधियां प्रदेश की योगी सरकार को बदनाम करने की साजिश का हिस्सा लगती हैं।

**कार्यवाही नही हुई तो होगा जोरदार प्रदर्शन**

किसान यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि प्रदेश सरकार और उच्च अधिकारी इस मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर कार्रवाई नहीं करते, तो 18/09/2025 को नगर पंचायत कार्यालय पर भारी संख्या में किसान एकत्र होकर एक जोरदार प्रदर्शन किया और अधिशासी अधिकारी सहित जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। यूनियन का कहना है कि जनता की गाढ़ी कमाई के पैसों की बंदरबांट किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सड़क निर्माण में पारदर्शिता तथा गुणवत्ता को सुनिश्चित कराने के लिए संघर्ष जारी रहेगा।जब इस संबंध में हमारे संवाददाता द्वारा नगर पंचायत अधिकारी पचपेड़वा को फोन कर जानकारी लिया गया तो उन्होने कहा कि सड़क का निर्माण तूडा विभाग कर रही है हमारा इसमे कोई जिम्मेदारी नही है आप तूडा विभाग से बात कीजिए ।

## डीएम एवं सीडीओ के मार्गदर्शन में अमेठी में एनआर एलएम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को मिली नई गति

**●आरती मिश्रा ने 'माँ वैष्णो स्वयं सहायता समूह' के माध्यम से स्थापित की आत्मनिर्भरता की मिसाल**

**समूह आधारित आजीविका मॉडल बनी ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरक उदाहरण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM) के अंतर्गत जनपद अमेठी में महिलाओं को आर्थिक, सामाजिक एवं कौशल आधारित सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत फत्तेपुर, विकासखंड सिंहपुर की आरती मिश्रा ने 'माँ वैष्णो महिला स्वयं सहायता समूह' तथा 'संगम महिला प्रेरणा संकुल संघ (CLF)' से जुड़कर उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त की है।समूह से पूर्व आरती मिश्रा एक सामान्य गृहिणी थीं। आर्थिक संसाधनों की कमी और सीमित अवसरों के कारण वह अपना व्यवसाय प्रारम्भ नहीं कर पा रही थीं। परंतु उनमें कौशल सीखकर स्वरोज़गार प्रारम्भ करने की गहरी इच्छा थी।ग्राम पंचायत फत्तेपुर में समूह सखी द्वारा NRLM के अंतर्गत 'माँ वैष्णो महिला स्वयं सहायता समूह' का गठन किया गया।

आरती दीदी समूह की बुक कीपर बनीं तथा NRLM द्वारा प्रदान किए जाने वाले नियमित प्रशिक्षण, क्षमता-वृद्धि कार्यक्रम, वित्तीय प्रबंधन, उद्यम विकास एवं बैंकिंग प्रक्रियाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की।उन्हें समूह के CCL ऋण के माध्यम से वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ, जिसके आधार पर उन्होंने अपना ब्यूटी पार्लर स्थापित किया।धीरे-धीरे उन्होंनेयुवतियों एवं महिलाओं को प्रशिक्षण देना शुरू किया विवाह एवं सामाजिक आयोजनों में ब्यूटी बुकिंग प्राप्त करनी शुरू की इस प्रकार NRLM ने उन्हें रोजगार का अवसर ही नहीं दिया, बल्कि उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ने का मंच भी प्रदान किया।आरती मिश्रा – आत्मनिर्भरता एवं प्रेरणा की प्रतीकआरती दीदी ने अपनी मेहनत, NRLM के प्रशिक्षण एवं समूह सहयोग की बदौलत आज स्वयं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ किया है।उनका प्रयास उनके गाँव की महिलाओं में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं आजीविका के प्रति नई सोच विकसित कर रहा है।जिलाधिकारी संजय चौहान ने कहा कि 'NRLM के माध्यम से जनपद में महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव लाया जा रहा है। आरती मिश्रा जैसी दीदियाँ यह सिद्ध कर रही हैं कि यदि अवसर, सहयोग और प्रशिक्षण मिले तो महिलाएं उत्कृष्ट उद्यमी बन सकती हैं। 'मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह ने कहा कि 'NRLM की वास्तविक शक्ति गाँव-स्तर पर सक्रिय दीदियाँ हैं। आरती जैसी महिलाएँ समूह आधारित आजीविका मॉडल को सफल बनाकर अन्य महिलाओं को प्रेरित कर रही हैं। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि अधिक से अधिक महिलाएँ समूह से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें। 'आरती मिश्रा का उदाहरण यह दर्शाता है की NRLM ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक स्वतंत्रता देने का प्रभावी मंच है समूह आधारित मॉडल महिलाओं को बचत, ऋण, प्रशिक्षण और उद्यमिता से जोड़ता है महिलाएँ घर की सीमाओं से निकलकर सम्मानजनक ढंग से स्वरोजगार स्थापित कर रही हैं हर दीदी समूह से जुड़े, सशक्त बने और अन्य महिलाओं को भी प्रोत्साहित करे – यही NRLM की सबसे बड़ी सफलता है।

## कंधई पुलिस द्वारा एक वारण्टी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** थाना कंधई के उ0नि0 रज्जन राव मय हमराह हे का0 ऋषिकेष तिवारी द्वारा तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मु0अ0सं0 155/25 धारा 115(2)/352/351 (2)/351 (3) बीएनएस व315 (1)उ0प्र0 विधि विरुद्ध धर्म समपरिवर्तन अधिनियम थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित एक वारण्टी मकसूद अली सुत हनीफ निवासी ग्राम हरदत्तपुर फतेहपुर थाना कंधई जनपद प्रतापगढ़ उम्र 55 वर्ष को आसलपुर पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार किया गया।

## बजट की उपलब्धता के बाद भी शिक्षामित्र व अनुदेशकों को नहीं मिल पाया समर कैंप का मानदेय, प्रदेश सरकार की छवि हो रही धूमिल

**●जनपद में 21 मई से 10 जून तक परिषदीय विद्यालयों में आयोजित हुआ था समर कैंप कुल 1267 शिक्षामित्र व अनुदेशकों ने चलाया था समर कैंपजनपद को 04 अक्टूबर 2025 को ही प्राप्त हो चुका है मानदेय का बजट-छः हजार (6000 ) प्रति शिक्षा मित्र / अनुदेशक की दर से होना है मानदेय का भुगतान**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** प्रदेश सरकार की साख को कमजोर करने में जनपद के अधिकारी कैसे मशगूल हैं इसे जनपद के बेसिक शिक्षा का महकमा व लेखा विभाग से ज्यादा कौन जान सकता है क्योंकि इनके मिलीजुली संलिप्ता से परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियों में चले समर कैंप में लगे शिक्षामित्रों व अनुदेशकों को मानदेय , बजट जारी होने के बाद भी नहीं मिल सका प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद के परिषदीय विद्यालयों में गर्मी की छुट्टियों में 21 मई से 10 जून के दरम्यान समर कैंप शासन के निर्देश पर आयोजित हुए थे । प्रति शिक्षामित्र / अनुदेशक 6000 रुपया मानदेय के रूप में समर कैंप हेतु भुगतान किए जाने की व्यवस्था निर्धारित है । शासन द्वारा ह4 अक्टूबर 2025 को ही समर कैंप के मानदेय मद का बजट जनपद को प्राप्त हो गया है परन्तु लाभार्थियों को अभी तक मानदेय का भुगतान नहीं मिल पाया है । शासन द्वारा बजट आवंटन के बाद भी शिक्षामित्र / अनुदेशकों को मानदेय न प्राप्त होने का प्रकरण जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है । निर्धारित अवधि में मानदेय भुगतान न होने से जनहित प्रभावित होने के साथ ही साथ सरकार की भी छवि धूमिल हो रही है परन्तु जिम्मेदार प्रकरण की गंभीरता से अनभिज्ञ बने हैं ।

## कलवारी पुलिस की बड़ी कार्रवाई: दुष्कर्म के वांछित 25 हजार के इनामी आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत कलवारी पुलिस और सर्विलांस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए दुराचार मामले में वांछित और 25,000 के इनामी आरोपी को महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के इस ऑपरेशन को सफल माना जा रहा है, क्योंकि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और न्यायालय से जारी NBW के बाद भी गिरफ्तारी से बचने की कोशिश कर रहा था।

**महाराष्ट्र से पकड़ा गया आरोपी**

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी शफीकुर्रहमान निवासी झकहिया, थाना कठेला समयमाता, जनपद सिद्धार्थनगर है। उसके खिलाफ थाना कलवारी में मुकदमा संख्या 162/2025 धारा 64(1)/316(2) भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत केस दर्ज है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक द्वारा ?25,000 का इनाम भी घोषित किया गया था।कलवारी पुलिस द्वारा सर्विलांस सेल की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रैक की गई, जिसके बाद एक टीम को नियमानुसार गैर राज्य रवाना किया गया। महाराष्ट्र के बृह्मन मुंबई क्षेत्र में मानखुर्द थाना इलाके में आरोपी की मौजूदगी की पुष्टि हुई। पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से मानखुर्द रेलवे स्टेशन के पास एक कबाड़ की दुकान से शफीकुर्रहमान को गिरफ्तार किया। आरोपी को स्थानीय न्यायालय में पेश कर 19 नवंबर 2025 तक का ट्रांजिट रिमांड लिया गया है। अब उसे बस्ती लाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।लंबे समय से था फरार

अभियुक्त शफीकुर्रहमान दुराचार के मामले में वांछित था और माननीय न्यायालय से वारण्ट जारी होने के बाद भी लगातार फरार चल रहा था। उसी दौरान उसकी गिरफ्तारी के लिए पुरस्कार घोषित किया गया था। पुलिस को उसके महाराष्ट्र में छिपे होने के इनपुट मिले, जिसके बाद पूरी योजना के साथ दबिश दी गई।ऑपरेशन में शामिल पुलिस टीम थानाध्यक्ष कलवारी गजेन्द्र प्रताप सिंहप्रभारी सर्विलांस सेल शेषनाथ यादवउपनिरीक्षक रामकेश यादवहेड कांस्टेबल सत्येन्द्र सिंह हेड कांस्टेबल देशदीपक सिंह कांस्टेबल देवेन्द्र निषाद पुलिस टीम की तेजी और सतर्कता की वजह से यह गिरफ्तारी संभव हो पाई। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

## डीएम ने प्रातः 9:00 बजे जिला मेमोरियल चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय का किया निरीक्षण

**● मरीजों से वार्ता कर डीएम ने स्वास्थ्य सुविधाओं का लिया फीडबैक, इमरजेंसी, पैथोलॉजी, वार्ड, एनआरसी आदि का किया जायजा**

**डीएम ने चिकित्सालय में बेहतर साफ सफाई, मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के दिए निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर**– जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं एवं चिकित्सा सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़ करने हेतु जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने आज प्रातः 9:00 बजे जिला मेमोरियल चिकित्सालय एवं जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। जिला मेमोरियल चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले इमरजेंसी कक्ष का भ्रमण किया और वहाँ मौजूद डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ से आपातकालीन सेवाओं की उपलब्धता, उपकरणों की कार्यस्थिति, दवाओं के स्टॉक तथा मरीजों की त्वरित देखभाल की व्यवस्था के बारे में विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि इमरजेंसी सेवाओं में किसी भी प्रकार की देरी या अव्यवस्था कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके उपरांत उन्होंने पैथोलॉजी विभाग, लेबर रूम, महिला वार्ड, जनरल वार्ड, एक्स-रे कक्ष तथा एनआरसी (बाल पोषण पुनर्वास केंद्र) का भी विस्तार से निरीक्षण किया। डीएम ने मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उपचार, दवाइयों की उपलब्धता, स्वच्छता, भोजन, चिकित्सकीय व्यवहार एवं अन्य सुविधाओं को लेकर उनका फीडबैक लिया। निरीक्षण में कुछ स्थानों पर सफाई और रखरखाव में सुधार की आवश्यकता पाई गई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए।




जिलाधिकारी ने ओटी का निरीक्षण कर सर्जरी सेवाओं की उपलब्धता की समीक्षा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि सामान्य एवं आवश्यक सभी प्रकार की सर्जरी नियमित रूप से संचालित की जाएं, ताकि मरीजों को बाहरी संस्थानों पर निर्भर न रहना पड़े। उन्होंने सर्जिकल उपकरणों, ऑपरेशन थिएटर की तैयारी, टीम की उपलब्धता एवं आपातकालीन प्रोटोकॉल की स्थिति की भी जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला मेमोरियल चिकित्सालय के सामने स्थित चिकित्सालय की भूमि का भी अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि भूमि पर हुए सभी अतिक्रमणों को तत्काल प्रभाव से हटाया जाए तथा चिकित्सा सुविधाओं से युक्त बहुमंजिला नए भवन के निर्माण का विस्तृत प्रस्ताव तैयार किया जाए, जिससे जिले में स्वास्थ्य ढांचे को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरा का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं सुचारु रखने व नियमित संचालन के निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी ने जिला महिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया एवं पैथोलॉजी, वार्ड, एसएनसीयू आदि का जायजा लिया। उन्होंने एसएनसीयू में फायर सेफ्टी के सभी मानक पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में कुछ स्थानों पर रखरखाव और सफाई को और बेहतर किए जाने की आवश्यकता पाई गई, जिस पर संबंधित अधिकारियों को तुरंत सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी, संबंधित सीएमएस एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर अमेठी में 'यूनिटी मार्च पदयात्रा' एवं जनसभा का भव्य आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**अमेठी।** लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर मंगलवार को गौरीगंज नगर में सरदार @ 150 यूनिटी मार्च पदयात्रा एवं जनसभा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सरदार पटेल के राष्ट्र निर्माण, एकता और अखंडता में अद्वितीय योगदान को स्मरण करना तथा समाज में उनकी विचारधारा को आगे बढ़ाना रहा। पदयात्रा की शुरुआत मुसाफिरखाना तिराहे से हुई, जो सब्जी मंडी एवं हनुमान तिराहा होते हुए मटियारी भवन पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सरदार पटेल के आदर्शों के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री एवं अमेठी जिले के प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरदार पटेल की अदम्य साहस, अद्भुत दूरदृष्टि और मजबूत इच्छाशक्ति ने देश को एकजुट किया। 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का जो संकल्प उन्होंने लिया, वही आज राष्ट्र की एकता की नींव है। मंत्री ने उपस्थित जनसमूह से राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने की तथा संयोजन की जिम्मेदारी पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्र मटियारी ने निभाई। दोनों नेताओं ने अपने संबोधन में संगठन, एकता और जनसंवाद की निरंतरता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश को जोड़ने का कार्य किया और आज उसी भावना को आगे बढ़ाना समय की आवश्यकता है। जनसभा में पूर्व जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, डॉ. आर. ए. वर्मा, जिला महामंत्री केशव सिंह, जिला उपाध्यक्ष भवानी दत्त दीक्षित, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र शुक्ला मेरा युवा भारत अमेठी की जिला युवा अधिकारी रश्मि शबनम गुप्ता, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विषुव मिश्रा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रतिभाग किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण उत्साहपूर्ण और ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। जनसभा में उपस्थित लोगों ने सरदार पटेल की दूरदृष्टि एवं राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण को याद करते हुए देश की एकता एवं अखंडता को बनाए रखने का संकल्प व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### सपा प्रत्याशी अफजाल कौशर की अध्यक्षता में जाम को लेकर उप जिलाधिकारी शिखा शुक्ला को सौपा ज्ञापन



**बिसवां सीतापुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पूर्व सपा प्रत्याशी अफजाल कौशर की अगुवाई में कस्बे में लगने वाले जाम को लेकर ज्ञापन उप जिला अधिकारी शिखा शुक्ला को सौपा। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है। कि गन्ने की गाड़ियों की वजह से आये दिन कस्बे में जाम लग रहा है। जिससे आम जनमानस परेशान हो रहा है साथ ही व्यापार भी प्रभावित है।इसके साथ ही उन्होंने मांग की है कि गन्ने की गाड़ियों में रेडियम प्लेट नहीं लगी है। जिसके चलते अंधेरे में सामने से आने वाली गाड़ियां नजर नहीं आती। जिसके चलते अक्सर लोग दुर्घटना का शिकार होते है। कस्बे और ग्रामीण क्षेत्र से कस्बे को आने वालों में दुर्घटनाएं होने का भय बना रहता है। उन्होंने सभी गन्ने की गाड़ियों में रेडियम प्लेट लगाने की भी बात मांग पत्र मे कही है। ज्ञापन देने वालों में श्याम सिंह यादव, नूर नेता, अनिल मिश्रा, सावेज अंसारी, लुकमान अली, अयूब खान, शिव प्रताप वर्मा, धर्मेंद्र सिंह सहित कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समाजसेवी पत्रकार पर जानलेवा हमला: साजिश का दावा, मुख्यमंत्री से निष्पक्ष जांच की मांग तेज

**● .......पीड़ित ने प्रभावशाली कारोबारी पर साजिश रचने का आरोप लगाया, डीसीपी दक्षिणी ने एसीपी मोहनलालगंज को जांच सौंपी; विभिन्न संगठनों ने उठाई कड़ी कार्रवाई की मांग।**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मोहनलालगंज।** संवाददाता राजधानी लखनऊ के मोहनलालगंज में समाजसेवी व पत्रकार मुकेश द्विवेदी पर हुए जानलेवा हमले के मामले में नया मोड़ सामने आया है। पीड़ित पत्रकार ने मंगलवार को डीसीपी दक्षिणी निपुण अग्रवाल से मुलाकात कर इस हमले के पीछे गहरी साजिश होने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल असल साजिशकर्ता अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं और हमलावरों को किसी प्रभावशाली कारोबारी के इशारे पर भेजा गया था। शिकायत पर डीसीपी दक्षिणी ने पूरे प्रकरण की जांच एसीपी मोहनलालगंज को सौंपते हुए तथ्यों की गहराई से जांच के निर्देश दिए हैं।

पत्रकार मुकेश द्विवेदी के अनुसार 13 नवंबर को वह अपनी कार सर्विस सेंटर से लेकर लौट रहे थे, तभी तीन कारों में सवार हमलावर उनका लगातार पीछा कर रहे थे। बीबीसी हाइट्स के पास जैसे ही उन्होंने गाड़ी मोड़ी, हमलावरों ने उनकी कार को दोनों ओर से घेरकर टक्कर मारने का प्रयास किया। स्थिति भांपते हुए वह अपनी सूझबूझ से गाड़ी को मोड़कर अंदर स्थित एक प्लॉट तक पहुंच गए, लेकिन हमलावर भी वहां तक पहुंच गए थे। पीड़ित के शोर मचाने पर स्थानीय लोग दौड़े, जिसके बाद हमलावर फायरिंग करते हुए मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपियों अभिषेक तिवारी, विनीत तिवारी, चंदन भट्ट, हरिनाम, राहुल रावत और अमित मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पीड़ित ने अपनी शिकायत में कहा कि हमले के पीछे किसी बड़े कारोबारी की भूमिका हो सकती है, जिसने द्वेषवश यह साजिश रची। उन्होंने कहा कि उनकी जान पूरी तरह खतरे में थी, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों की सक्रियता और उनकी सतर्कता से वह बच सके। उन्होंने पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण बिंदु सौंपे हैं और दावा किया है कि यदि उन बिंदुओं पर निष्पक्ष जांच की जाए तो पूरे हमले की साजिश का पर्दाफाश हो जाएगा और असली मास्टरमाइंड सामने आ जाएगा।

इधर मामले को लेकर विभिन्न संगठनों ने भी चिंता जताई है। प्रेस क्लब निगोहा, करनी सेना के दुर्गेश सिंह दीपू, किसान नेता अनमोल तिवारी तथा पत्रकार एसोसिएशन मोहनलालगंज के महामंत्री अखिलेश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि पूरे मामले की गहनता से जांच कर साजिशकर्ताओं पर कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि समाज में भय का माहौल खत्म हो और पीड़ित को न्याय मिल सके।

## भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार रस्तोगी पर लाठियां से हमला अध्यक्ष गंभीर रूप से घायल

**बिसवां सीतापुर।** भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष कृष्ण कुमार रस्तोगी पर अज्ञात हमलावर ने लाठियों से हमला कर दिया। जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गये। कस्बे के मोहल्ला पुरवारी टोला निवासी प्रतिदिन की भाति सुबह पांच बजे कस्बे के शीतला देवी मंदिर से होकर कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थिति पत्थर शिवाला धाम आ रहे थे कि सियाल मेडिकल स्टोर के पास अज्ञात हमलावर ने लाठी से हमला कर दिया जिससे वो गंभीर रूप से घायल हो गये, डायल एक सौ बारह पुलिस को फोन पर सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने सीएचसी बिसवां पहुंचाया जहा डाक्टरों ने उन्हे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रिफर कर दिया।जहा उनका उपचार चल रहा है। कस्बे की मनसा राम चौकी प्रभारी सुधाकर सिंह ने बताया घटना जानकारी मे नही है।तहरीर मिलेगी तो कार्यवाही की जाएगी।

## कार्यवाही की मांग को लेकर सड़क जाम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** मलिहाबाद में प्रेम प्रसंग से जुड़े एक मामले में 17 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। परिजनों ने इसे हत्या बताते हुए किशोरी के परिवार पर आरोप लगाया है। मंगलवार को शव घर पहुंचने पर आक्रोशित परिजनों ने लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन किया। मौके पर पुलिस बल ने पहुंचकर परिजनों को समझाया। पाठकगंज महमूदनगर निवासी रामगोपाल ने बताया कि उनका बेटा विकास कुमार एक माल इलाके की लड़की से प्रेम-प्रसंग में था। रविवार को विकास किशोरी को कहीं भगा ले गया था। इससे नाराज होकर लड़की के परिजन सोमवार सुबह उनके घर पहुंचे और पुलिस केस करने की धमकी दी थी। इसके बाद विकास के परिजन उसकी तलाश में जुट गए। सोमवार शाम लगभग साढ़े चार बजे उन्हें सूचना मिली कि विकास का शव घर से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर मुजासा रेलवे फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर पड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही परिजनों का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने महमूदनगर ढाल स्थित लखनऊ-हरदोई राजमार्ग पर शव रखकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजन हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़े रहे, जिससे करीब एक घंटे तक दो किलोमीटर लंबा जाम लग गया। पुलिस अधिकारियों के आश्वासन के बाद परिजन शांत हुए और सड़क से जाम हटाया गया। मलिहाबाद इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## रीता वर्मा प्रजापति बनीं समाजवादी महिला सभा की प्रदेश महासचिव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश तथा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की संस्तुति पर समाजवादी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रिबू श्रीवास्तव ने भदोही की पूर्व जिलाध्यक्ष रीता वर्मा प्रजापति को प्रदेश महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नव-नियुक्त प्रदेश महासचिव रीता वर्मा प्रजापति के समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय में प्रथम आगमन पर कार्यकर्ताओं और नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए फूलमालाओं से लाद दिया। सभी ने उन्हें बधाई देते हुए पार्टी की नीतियों को मजबूती से आगे बढ़ाने और महिलाओं के हक व अधिकारों की लड़ाई को और सशक्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं।पार्टीजनों का मानना है कि रीता वर्मा प्रजापति के अनुभव व संगठन कौशल से महिला मोर्चा को और मजबूती मिलेगी।

स्वागत कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव, विधायक जाहिद बेग, पूर्व मंत्री रामकिशोर बिंद, पूर्व विधायक मधुबाला पासी, प्रदेश सचिव आरिफ सिद्दीकी, पूर्व प्रत्याशी अंजनी सरोज, पूर्व जिला पंचायतअध्यक्ष श्यामला सरोज, जिलामहासचिव हृदय नारायण प्रजापति, वि.स. अध्यक्ष भदोही संतोष यादव, वि.स. अध्यक्ष ज्ञानपुर लालचंद बिद, वि.स. अध्यक्ष औराई केशनारायण प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष कल्लन यादव, कमलेश यादव, सलाउद्दीन अंसारी, गामा प्रसाद यादव, प्रदीप वियोगी, पवन विश्वकर्मा, कमलाशंकर महतो, पिछड़ा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष काशीनाथ पाल, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष दिलीप भीम कनौजिया, मजदूर सभा जिलाध्यक्ष गुलाब पाल, संतोष यादव, बैजनाथ यादव, राम सिंह, कमलेश बिंद, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र कुमार मिश्र पप्पू सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## किराए पर लिये तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां हड़पने का आरोप

**भट्टे में लगाने के लिए दतिया ले गये थे, एफआईआर दर्ज**

**ललितपुर।** तालबेहट के ग्राम रजावन निवासी छक्कीलाल पुत्र सु मान ने पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि बीती 15 जून 2025 को शाम करीब 4 बजे उसके घर से सोनालिका ट्रैक्टर नंण् यूण्पीण् 94 एण्केण् 5450 व मनोज कुमार पुत्र सालिगराम का ट्रैक्टर आयशर नंण् यूण्पी०94 एण्एफण् 6652ए ग्राम चन्द्रापुर के मजरा कशा निवासी रामकुंवर पत्नी छत्रपाल सिंह का ट्रैक्टर स्वराज नंण् यूण्पीण् 94 जेड 5056 को मध्य प्रदेश के जिला दतिया में भट्टे पर किराए पर लगाने के लिए गांव का ही राजेश प्रजापति पुत्र हन्ना ने बात करके मध्य प्रदेश के जिला दतिया के भाण्डेरी फाटक ग्राम बंदर की हवेली हाऊस नंण् 164 ;कद्ध निवासी राजेन्द्र व शंकर प्रजापति पुत्रगण लालाराम और दतिया की आरामशीन दरगाह के मुहल्ला ठण्डी सडक़ निवासी राहुल कुशवाहा पुत्र सुरेश के साथ तीनों ट्रैक्टर एवं ट्रॉलियों को साथ ले गये। आरोप है कि अभी तक उक्त ट्रैक्टर.ट्रालियां अभी तक वापस नहीं किये। पीड़ित का आरोप है कि उक्त लोगों ने तीनों ट्रैक्टरों व ट्रॉलियों को बेईमानी की नीयत से रख लिया है और वापस नहीं कर रहे हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 316 ;2द्ध के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## स्टेशन तिराहे पर शराबियों का आतंक, यात्रियों से अभद्रता, आवागमन में बाधा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** नगर के व्यस्तम स्टेशन रोड तिराहे पर स्थित कलारियों के चलते शराबियों का जमावड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। स्थिति यह है कि दिनभर आनेदृजाने वाले यात्रियों को इनकी हरकतों से परेशानी झेलनी पड़ती है। शराब के नशे में धुत लोग राहगीरों से अभद्रता करते हैं और वाहनों की आवाजाही में बाधा उत्पन्न करते हैं। इससे न सिर्फ यात्री बल्कि स्थानीय लोग भी भारी असुविधा महसूस कर रहे हैं। यह तिराहा न सिर्फ रेलवे स्टेशन से यात्रा करने वालों का प्रमुख मार्ग हैए बल्कि आसपास के दर्जनों ग्रामों का संपर्क मार्ग भी इसी रास्ते से गुजरता है। ऐसे में यहाँ शराबियों की बढ़ती उपस्थिति सुरक्षा के लिहाज से गंभीर चिंता का विषय बन गई है।

कई बार यात्रियों और वाहन चालकों के साथ विवाद की परिस्थितियाँ भी उत्पन्न हो जाती हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम ढलते ही तिराहा शराबियों के कब्जे में चला जाता हैए जिससे महिलाएं व छात्र.छात्राएँ सुरक्षित महसूस नहीं करतीं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तिराहे पर पुलिस गश्त बढ़ाई जाए और कलारियों पर नियंत्रण के लिए स त कार्रवाई की जाए। यात्रियों और आमजन का कहना है कि यदि जल्द ही प्रभावी कदम न उठाए गए तो किसी भी दिन बड़ी घटना हो सकती है। स्थानीय नागरिकों ने सुरक्षा व्यवस्था बहाल करने की अपील की है।

## अपर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली का किया निरीक्षण

**लालगंज रायबरेली।** अपर पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान अभिलेखों और मालखाने की जांचकर उचित रखरखाव के निर्देश दिए। लंबित शिकायतों और उनके निस्तारण की समीक्षा की।उन्होंने महिला सुरक्षा साइबर अपराध और रात्रि गस्त को लेकर जरूरी दिशा निर्देश दिए। एएसपी संजीव कुमार सिन्हा दोपहर करीब 2 बजे कोतवाली पहुंचे। जहां उन्होंने सबसे पहले आगंतुक रजिस्टर माल खाना महिला हेल्प डेस्क मिशन शक्ति केंद्र, महिला पुलिस परामर्श केंद्र कंप्यूटर सलाह कक्षा का निरीक्षण किया। दस्त भेजो कि जांच कर उनके उचित रखरखाव के निर्देश दिए। कोतवाली परिषद में साफ सफाई सुनिश्चित करने के लिए कहा। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों को क्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए नियमित गस्त, निगरानी टीम और ग्राम स्तर तक संपर्क सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहां की प्राथमिकता के आधार पर अधिकारियों की शिकायतें निस्तारित की जाए। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह इंस्पेक्टर क्राइम अनिल कुमार सिंह सहित अन्य पुलिस अफसर मौजूद रहे।

## इलाहाबाद हाई कोर्ट से मोदीनगर बम ब्लास्ट में दोषसिद्ध इलियास बरी, हाई कोर्ट ने कहा- पुलिस के समक्ष कबूलनामा अस्वीकार्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** वर्ष 1996 में मोदीनगर-गाजियाबाद में चलती बस में हुए विस्फोट की घटना को लेकर उम्र कैद काट रहे मोह मद इलियास को इलाहाबाद हाई कोर्ट ने यह कहते हुए भारी मन से बरी कर दिया है कि पुलिस के सामने दिया गया कबूलनामा अस्वीकार्य है। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ और न्यायमूर्ति राम मनोहर नारायण मिश्रा की खंडपीठ ने यह आदेश दिया है। अपने 51 पेज के निर्णय में खंडपीठ ने कहा- अभियोजन पक्ष आरोपों को साबित करने में विफल रहा और पुलिस द्वारा दर्ज इकबालिया बयान साक्ष्य अधिनियम की धारा 25 के तहत प्रतिबंध के मद्देनजर अस्वीकार्य है। इलियास की आपराधिक अपील स्वीकार करते हुए कोर्ट ने कहा, अपीलकर्ता के खिलाफ कानूनी रूप से स्वीकार्य कोई साक्ष्य नहीं बचा है। इसलिए वह 'भारी मन से' बरी करने का आदेश पारित कर रही है। घटना में 18 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। प्राथमिकी के अनुसार, रुड़की डिपो की बस 27 अप्रैल 1996 की दोपहर 3:55 बजे लगभग 53 यात्रियों को लेकर दिल्ली से रवाना हुई। मोहननगर में 14 और यात्री इसमें सवार थे। शाम करीब पांच बजे, बस के अगले हिस्से में शक्तिशाली विस्फोट हुआ और 10 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि लगभग 48 यात्री घायल हुए। पोस्टमार्टम में शवों में धातु के टुकड़े पाए गए। डॉक्टरों ने बताया कि मौतें बम विस्फोट के बाद अत्यधिक रक्तस्राव के चलते कारण हुई। फोरेंसिक जांच में ड्राइवर की सीट के नीचे कार्बन मिला आरडीएक्स रखे जाने की पुष्टि हुई थी।

विस्फोट रिमोट स्विच के ज़रिए किया गया था। अभियोजन का आरोप था हमले को पाकिस्तानी नागरिक और हरकत-उल-अंसार के कथित जिला कमांडर अब्दुल मतीन उर्फ इकबाल ने मोह मद इलियास (अपीलार्थी) और तस्लीम के साथ मिलकर अंजाम दिया था। मूल रूप से मुज फरपुर निवासी लेकिन लुधियाना में रहने वाले इलियास को ज मू-कश्मीर के आतंकवादियों ने भड़काया था। वर्ष 2013 में निचली अदालत ने सह अभियुक्त तस्लीम को बरी कर दिया, लेकिन इलियास और अब्दुल मतीन को विभिन्न धाराओं में आजीवन कारावास के साथ-साथ कठोर कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई। तस्लीम को बरी किए जाने के खिलाफ सरकार ने कोई अपील दायर नहीं की। हाई कोर्ट के समक्ष मु य मुद्दा इलियास के इकबालिया बयान की स्वीकार्यता था। पुलिस का दावा था कि जून 1997 में लुधियाना में गिर तारी के बाद उसने पिता और भाई की मौजूदगी में बम लगाने की बात कबूल की थी। बयान सीबीसीआईडी के सेक्टर अधिकारी, विवेचनाधिकारी ने ऑडियो कैसेट पर रिकॉर्ड किया था। हाई कोर्ट ने पाया कि अभियोजन ने कुल 34 गवाहों को परीक्षित कराया था। यात्रियों और प्रत्यक्षदर्शियों ने घटना को साबित कर दिया, लेकिन कोई भी यह नहीं पहचान सका कि विस्फोटक किसने लगाया था? दरअसल बस के आईएसबीटी दिल्ली से रवाना होने से पहले बम रखा गया था, जिससे पहचान असंभव हो गई। खंडपीठ ने अभियोजन पक्ष के इस तर्क को खारिज कर दिया कि टाडा अधिनियम की धारा 15 के तहत, पुलिस अधीक्षक के पद से नीचे के पुलिस अधिकारी के समक्ष दिया गया इकबालिया बयान स्वीकार्य है। खंडपीठ ने कहा, विस्फोट अप्रैल 1996 में हुआ था, जब टाडा लागू नहीं था और इस प्रकार टाडा में प्रदत्त विशेष अपवाद (जो पुलिस के इकबालिया बयानों को सबूत के तौर पर इस्तेमाल करने की अनुमति देता था), मामले में लागू नहीं होता। कोर्ट ने यह भी कहा कि जिस टेप रिकॉर्डर में कथित तौर पर बयान दर्ज किया गया था, उसे साक्ष्य के रूप में प्रस्तुत नहीं किया गया था।

## प्रेमी जोड़े ने बाल्हेश्वर मंदिर में रचाई शादी, चार साल पुराने प्रेम को मिला अंजाम



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के ऐहार गांव स्थित सुप्रसिद्ध बाल्हेश्वर मंदिर में मंगलवार को एक प्रेमी जोड़े ने परिवार की सहमति से विधि-विधान के साथ विवाह संपन्न किया। नवविवाहित दंपती को परिजनों व ग्रामीणों ने आशीर्वाद देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।नकफुलहा गांव के निवासी बृजेश और ऐहार के पूरे अजबी मजरे की रामपती पिछले चार वर्षों से प्रेम संबंध में थे। प्रारंभ में दोनों परिवार इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं हुए। विवाह को लेकर कई बार पंचायत भी बैठी, लेकिन समाधान नहीं निकल सका। मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच सहमति बनने के बाद परिजन युवक-युवती को बाल्हेश्वर मंदिर ले गए। जहां वैदिक मंत्रोच्चार और हिंदू रीति- रिवाजों के बीच उनका विवाह सम्पन्न कराया गया। वर-वधू ने एक- दूसरे को वरमाला पहनाई और जीवनभर साथ निभाने का संकल्प लिया। विवाह समारोह में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजेश फौजी सहित रामसजीवन, राजबहादुर, राजू, सुरेंद्र, रामलोटन स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने नवदंपती को उपहार और आशीर्वाद देकर उनके वैवाहिक जीवन की मंगलकामनाएँ दीं।

## बिल्ली मारकुंडी खदान हादसे में सीआईएसएफ की त्वरित कार्रवाई, राहत कार्य में निभाई अहम भूमिका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ओबरा/सोनभद्र,** 18 नवंबर 2025 - दिनांक 15.11.2025 को बिल्ली मारकुंडी स्थित श्री कृष्णा माइनिंग वर्क्स खदान में हुई हृदय विदारक दुर्घटना के बाद, ओबरा तापीय विद्युत परियोजना स्थित केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के सदस्यों ने राहत एवं बचाव कार्य में अपनी अहम और त्वरित भूमिका निभाकर एक बार फिर कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। यह दुखद घटना कंप्रेसर कार्य के दौरान हुई, जब पत्थर के दरकने से खदान के ऊपरी हिस्से से भारी मात्रा में मलबा गिर गया, जिसके नीचे कई कामगार दब गए। स्थानीय प्रशासन से सूचना मिलते ही, सीआईएसएफ के कमांडेंट सतीश कुमार सिंह ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने अपनी अग्नि शाखा के 1 फायर टेंडर, अधिकृत क्रू मेंबर्स और सुरक्षा बल के सदस्यों के साथ तुरंत घटनास्थल के लिए प्रस्थान किया। सीआईएसएफ टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सबसे पहले राहत एवं बचाव कार्य की शुरुआत की। उनकी तत्परता के मु य बिंदु इस प्रकार रहे। घोर अंधेरे वाली खदान में राहत एवं बचाव कार्य के लिए पर्याप्त प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जो रात के समय ऑपरेशन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण थी।राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) की टीमों के घटनास्थल पर पहुंचने के उपरांत भी, सीआईएसएफ के बल सदस्य उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर लगातार सक्रिय रहे। राहत एवं बचाव कार्य में लगी सभी एजेंसियों के लिए समुचित भोजन पैकेजिंग और जरूरत के सभी आवश्यक सामान तुरंत मुहैया कराए गए। हादसे में पीड़ित परिवारों को लगातार सांत्वना दिलाते हुए, सीआईएसएफ ने अपनी संवेदनशील छवि को भी मजबूत किया।सीआईएसएफ द्वारा की गई इस सराहनीय कार्रवाई और तत्परता ने एक बार फिर उनके आदर्श वाक्य सुरक्षा एवं



संरक्षण को आत्मसात करते हुए यह साबित कर दिया है कि सीआईएसएफ के बल सदस्य सदैव कर्तव्यनिष्ठा एवं संवेदनशीलता के साथ न केवल भारत के उद्यम एवं धरोहर की सुरक्षा करते हैं, बल्कि देश के आम नागरिकों की सुरक्षा के प्रहरी भी बने रहेंगे। आपदा के इस कठिन समय में सीआईएसएफ की यह त्वरित और निर्णायक भूमिका निःसंदेह सराहनीय है और यह दर्शाती है कि सुरक्षा बल अपनी तैनाती क्षेत्र से बाहर भी जनसेवा के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

## बेख़ौफ़ चोरों के हौंसले बुलंद, ई-रिक्शा से चार बैटरी चोरी

लालगंज (रायबरेली)। कोतवाली क्षेत्र के गोविंदपुर वलौली गांव स्थित एक ढाबा के निकट सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने दरवाजे खड़े ई-रिक्शा की बैटरी खोल कर ले गए। पीड़ित ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है। मोहल्ला निवासी आनंद कुमार ने बताया कि रोज की तरह उसका ई-रिक्शा दरवाजे पर चार्जिंग के लिए लगाया गया था। बीती रात अज्ञात चोर ई-रिक्शा की चारों बैटरी खोल ले गए। इससे उसका करीब 45 हजार रुपए का नुकसान हो गया। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है।

## मुकदमा में सुलह न करने से महिला से छेड़छाड़ का आरोप

**पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज**

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने सात लोगों पर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप लगाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासिनी महिला ने बताया कि गत 22 अक्टूबर की शाम को एक पुराने विवाद में सुलह की दबिश बनाने को लेकर हंसनापुर गांव निवासी मुन्ना उर्फ विनोद कुमार सोनी, गुड्डू सोनी, पूरे बदई गांव निवासी इंद्रेश यादव व टिल्लू, शीतलाबख्श खेड़ा मजरे मधुकरपुर गांव निवासी धर्मेंद्र व बैसन का पुरवा गांव निवासी दीपू उसके घर घुस आए। गाली गलौज करते हुए उसे पकड़ कर गिरा दिया और उसके साथ अभद्रता की। शोरगुल मचाने पर आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## राज्य विद्युत परियोजना जूनियर इंजीनियर्स संगठन (रा वि प जू इं) शाखा अनपरा का वार्षिक निर्वाचन संपन्न

**● अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार सिंह और सचिव आवेश कुमार निर्विरोध निर्वाचित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अनपरा सोनभद्र-** राज्य विद्युत परियोजना जूनियर इंजीनियर्स संगठन (रा वि प जू इं) की अनपरा शाखा का वार्षिक निर्वाचन आज, 16 नवंबर 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह निर्वाचन संगठन के संविधान के अनुसार, निर्वाचन अधिकारी इंजीनियर नवीन कुमार सिंह की देखरेख में अवर अभियंता मनोरंजन कैंदे में आयोजित किया गया। इस वर्ष के निर्वाचन में, ई. धर्मेंद्र कुमार सिंह को अध्यक्ष पद के लिए और ई. आवेश कुमार को सचिव पद के लिए निर्विरोध चुना गया। यह निर्विरोध निर्वाचन संगठन के सदस्यों के बीच मजबूत सहमति और एकता को दर्शाता है। अध्यक्ष और सचिव के अतिरिक्त, शेष पदों पर भी पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की सूची इस प्रकार है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र कुमार चौबे, उपाध्यक्ष ई. मनोज कुमार पाल, संगठन सचिव ई. विष्णु देव झा, वित्त सचिव ई. आशीष कुमार, प्रचार सचिव ई. अजहरुद्दीन, लेखा निरीक्षक ई. अमित कुमार मौर्य संगठन के वार्षिक निर्वाचन के अवसर पर सदस्यों की भारी उपस्थिति दर्ज की गई, जो संगठन के प्रति उनके समर्पण को प्रदर्शित करती है। प्रमुख रूप से ज्ञानेंद्र पटेल, आनंद कुमार, अशोक साहू, धर्मेंद्र रामकरण, ध्रुव कुमार, चंद्रमणि, अमित कुमार, अजित, मोहित यादव, कृपा शंकर शुक्ला सहित अन्य सदस्यों ने उत्साहपूर्ण भागीदारी की। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने इस अवसर पर संगठन की एकजुटता बनाए रखने और सभी सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। उनका यह संकल्प संगठन के भविष्य के एजेंडे को स्पष्ट करता है, जिसमें सदस्यों के कल्याण और संगठन की मजबूती पर मु य ध्यान दिया जाएगा।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**● श्री राम जानकी विवाह, कन्या विवाह, यज्ञ हवन के होंगे कार्यक्रम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**तालबेहट।** साहू समाज के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यात्रा के नगर में प्रवेश करते ही नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत और बंदन किया। मंगलवार की दोपहर श्री राम मंदिर से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश यात्रा का शुभारंभ हुआ। पीतांबर वस्त्रों में सजी महिलाएं मंगलगान करती हुई शोभायात्रा में स मलित रहींए वहीं अश्वरथ पर विराजमान आचार्य सौरभ कृष्ण शास्त्री आकर्षण का केंद्र बने रहे। मु य यजमान के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष पुनीत सिंह परिहारए अंजू परिहारए पूजा अनिल साहू सहित महिलाएं पवित्र श्रीमद् भागवत का कलश सिर पर रखकर चल रही थीं। कलश यात्रा नगर भ्रमण करती हुई मानसरोवर स्थित हजारिया महादेव तट पर पहुंचीए जहां वैदिक विधि से पवित्र जल कलश में भरकर पुनः कथा स्थल पर लाया गया। आयोजन की जानकारी देते हुए साहू समाज के अध्यक्ष अरविंद साहू ने बताया कि 18 नवंबर से 25 नवंबर तक श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान श्री रामदृजानकी विवाहए कन्या विवाहए हवनदृयज्ञ जैसे धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। कलश यात्रा में साहू समाज ललितपुर, बबीना, बिजौली, प्राणपुरा सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हुए। आयोजन में पूर्व अध्यक्ष रामसेवक साहू, अध्यक्ष अरविंद साहू, उपाध्यक्ष जितेंद्र साहू, महामंत्री केशव साहू, कोषाध्यक्ष संतोष साहू, मंत्री अभिषेक साहू, ऑडिटर कुलदीप साहू, परमानंद साहू, संजय साहू, राजकुमार राजू साहू, विपुल साहू, अनिल साहू, सी.एल. साहू, पार्षद पी.डी. साहू, राजेंद्र साहू, ककदारी महेंद्र साहू, संजय साहू समेत साहू समाज के अन्य लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे। धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम बनी यह भव्य कलश यात्रा नगर में चर्चा का केंद्र बनी रही।

## मुकदमा में सुलह न करने से महिला से छेड़छाड़ का आरोप

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने सात लोगों पर मारपीट व छेड़छाड़ का आरोप लगाया। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासिनी महिला ने बताया कि गत 22 अक्टूबर की शाम को एक पुराने विवाद में सुलह की दबिश बनाने को लेकर हंसनापुर गांव निवासी मुन्ना उर्फ विनोद कुमार सोनी, गुड्डू सोनी, पूरे बदई गांव निवासी इंद्रेश यादव व टिल्लू, शीतलाबख्श खेड़ा मजरे मधुकरपुर गांव निवासी धर्मेंद्र व बैसन का पुरवा गांव निवासी दीपू उसके घर घुस आए। गाली गलौज करते हुए उसे पकड़ कर गिरा दिया और उसके साथ अभद्रता की। शोरगुल मचाने पर आरोपी धमकाते हुए फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# झांसी की वीरांगनाः रानी लक्ष्मीबाई का राष्ट्रप्रेम और प्रेरणादायक संघर्ष



रानी लक्ष्मीबाई का नाम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में उस चमकते सितारे की तरह उभरता है, जिसकी रोशनी समय बीतने के बाद भी धुंधली नहीं पड़ती। उनका जीवन केवल अतीत का एक अध्याय नहीं है, बल्कि वर्तमान और भविष्य के भारत के लिए एक जीवित प्रेरणा है। यह प्रेरणा केवल युद्धभूमि की वीरता तक सीमित नहीं, बल्कि स्वाभिमान, अधिकार और न्याय के लिए डटकर खड़े होने की अदम्य इच्छा से जन्म लेती है। जब हम झांसी की रानी को याद करते हैं, तो हम एक ऐसे चरित्र को स्मरण करते हैं जिसने विपरीत परिस्थितियों को न सिर्फ चुनौती दी, बल्कि उन्हें अपनी शक्ति और संकल्प का साधन बना लिया।19वीं सदी का भारत, विशेषकर 1850 के दशक का दौर, औपनिवेशिक शासन के दमन, राजनीतिक षड्यंत्रों और सामाजिक असमानताओं से भरा हुआ था। ऐसे समय में एक युवा स्त्री का सत्ता, राजनीति और सैन्य नेतृत्व के केंद्र में आना अपने आप में एक क्रांति थी। मणिकर्णिका तांबे, जिन्हें लोग प्यार से मनु कहते थे, बचपन से ही निर्भीक थीं। घुड़सवारी, तलवारबाज़ी और युद्धकला में उनकी दक्षता उस समय की स्त्रियों के पारंपरिक दायरे से बिल्कुल अलग थी। जब परिस्थितियों ने उन्हें झांसी की रानी बनाया, तब उन्होंने केवल राजसिंहासन नहीं संभाला—उन्होंने अपने लोगों की उम्मीदों, सुरक्षा और सम्मान की बागडोर भी थाम ली। ब्रिटिश शासन की 'हड़प नीति' किसी राज्य की स्वायत्तता को छीनने वाली एक कठोर रणनीति थी। झांसी को इस नीति का निशाना बनाया गया तो रानी के सामने दो रास्ते थे—समर्पण या संघर्ष। उन्होंने संघर्ष को चुना, और यह वही निर्णय था जिसने उन्हें सामान्य राजसत्ता से उठाकर इतिहास में अमर नायिका बना दिया। 'मैं अपनी झांसी नहीं दूंगी'—यह वाक्य केवल प्रतिरोध की घोषणा नहीं था, बल्कि उस राजनीतिक अन्याय के खिलाफ एक सशक्त प्रतिवाद था जो अंग्रेज़ी शासन भारतीय रियासतों पर थोप रहा था। 1857 का विद्रोह भारतीय जनमानस की दबी हुई पीड़ा का विस्फोट था। इस आंदोलन में रानी लक्ष्मीबाई ने जिस नेतृत्व का परिचय दिया, उसने साबित किया कि स्वतंत्रता की लड़ाई केवल पुरुषों की नहीं थी। उन्होंने एक ऐसी सेना खड़ी की जिसमें महिलाओं की महत्वपूर्ण भागीदारी थी। झलकारी बाई जैसी योद्धा सिर्फ सैनिक नहीं थीं, बल्कि इस संग्राम की प्रतिध्वनि थीं, जो दिखाती थीं कि स्वाधीनता एक सामूहिक संकल्प है। झांसी पर जब ब्रिटिश जनरल ह्यू रोज़ ने हमला किया, तब जिस प्रकार रानी ने किले की रक्षा की, वह किसी महाकाव्य से कम नहीं था। तीन सप्ताह तक निरंतर युद्ध, सीमित संसाधन और भारी विरोधी सेना—इन सबके बावजूद रानी ने न तो किले को छोड़ा और न ही मनोबल को टूटने दिया। अंततः जब किला टूटने की कगार पर था, तब वह दुश्मन को चकमा देकर अपने पुत्र को पीठ पर बाँधे युद्धभूमि से बाहर निकलीं। इस दृश्य में मातृत्व और शौर्य का ऐसा संगम है जिसकी मिसाल इतिहास में दुर्लभ है। कालपी और फिर ग्वालियर में उन्होंने जो रणनीतिक युद्ध लड़े, वे यह दर्शाते हैं कि रानी केवल साहसी योद्धा ही नहीं, बल्कि कुशल सैन्य नेतृत्वकर्ता भी थीं। ग्वालियर पर विजय प्राप्त कर उन्होंने यह सिद्ध किया कि उनके संघर्ष की व्यापकता केवल झांसी तक सीमित नहीं थी; वह संपूर्ण राष्ट्र के स्वाभिमान का युद्ध था। कोटा की सराय में हुए अंतिम युद्ध में रानी लक्ष्मीबाई ने अपने प्राणों की आहुति दी, परन्तु हार नहीं मानी। यही कारण है कि ब्रिटिश जनरल ह्यू रोज़ ने भी स्वीकार किया कि विद्रोहियों में रानी सबसे खतरनाक और सबसे प्रभावशाली थीं। आज, लगभग डेढ़ सदी बाद, रानी लक्ष्मीबाई की विरासत केवल इतिहास पुस्तकों में दर्ज कुछ पंक्तियों तक सीमित नहीं है। वह भारतीय स्त्री शक्ति का एक जीवंत प्रतीक हैं—जो बताता है कि अधिकारों, स्वतंत्रता और समानता की लड़ाई किसी भी काल में न्यायोचित है। वह यह भी स्मरण कराती हैं कि सत्ता या अधिकार केवल पुरुषों की बपौती नहीं, बल्कि क्षमता और संकल्प रखने वाले किसी भी व्यक्ति का अधिकार है। रानी की कहानी उन लाखों भारतीय महिलाओं के संघर्ष का भी रूपक है जो असमानता, दमन और सामाजिक बेड़ियों के खिलाफ लड़ती रही हैं। उनकी विरासत स्वतंत्र भारत की उस मूल भावना से जुड़ती है, जिसमें नागरिक स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा सर्वोपरि है। रानी लक्ष्मीबाई की शौर्यगाथा हमें यह सोचने पर भी मजबूर करती है कि इतिहास अपने नायकों को केवल उनकी उपलब्धियों से नहीं, बल्कि उनके साहस, नैतिकता और उस समय के संदर्भ में उनकी प्रासंगिकता से आंकता है। यदि 1857 के संग्राम में वह सिर्फ झांसी की रक्षा करतीं, तो वह केवल एक रानी बनकर रह जातीं। परंतु उन्होंने राष्ट्र की चेतना को जगाने का कार्य किया—और यही उन्हें चिरस्थायी बनाता है। आज जब हम उन्हें स्मरण करते हैं, तो यह केवल श्रद्धांजलि नहीं बल्कि एक प्रतिबद्धता भी है कि हम स्वतंत्रता, न्याय और समानता के उन मूल्यों को जिंदा रखें, जिनके लिए उन्होंने युद्धभूमि में अपने प्राण न्योछावर कर दिए। रानी लक्ष्मीबाई का जीवन हमें यह संदेश देता है कि संकट चाहे कितना भी बड़ा क्यों न हो, यदि मन में सत्य और न्याय का दृढ़ संकल्प हो, तो कोई भी शक्ति पराजित नहीं कर सकती। उनकी विरासत हमें न केवल प्रेरित करती है, बल्कि यह भी याद दिलाती है कि स्वाधीनता किसी एक युग की उपलब्धि नहीं, बल्कि निरंतर जागरूकता और संघर्ष का परिणाम है।

**महेन्द्र तिवारी**

# शौचालय बनाना सिर्फ एक बुनियादी सुविधा न होकर, महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और समानता की लड़ाई है

विश्व शौचालय दिवस (World Toilet Day) सिर्फ एक दिन का जश्न नहीं है, बल्कि यह हमें याद दिलाता है कि शौचालय तक पहुँच और स्वच्छता सिर्फ बुनियादी मानवाधिकार ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, स्वास्थ्य सुरक्षा और गरिमा का मामला है। भारत में स्वच्छ भारत मिशन ने इस दिशा में अहम कदम उठाए हैं, लेकिन उसके बावजूद कई चुनौतियाँ अभी भी बनी हुई हैं, विशेष रूप से महिलाओं का मामला। महिलाओं की स्थिति और शौच के अभाव में चुनौतियाँ बड़ी मुश्किल राहे थी।भारत में पारंपरिक सामाजिक और आर्थिक असमानताओं के कारण, महिलाओं अक्सर खुले में शौच के लिए मजबूर होती थीं। यह सिर्फ स्वास्थ्य-खतरे का मामला नहीं था, बल्कि उनकी सुरक्षा, गरिमा और आत्मसम्मान से जुड़ा सवाल था।सुरक्षा और असमर्थता खुले में शौच करने का मतलब होता था दूर-दूर जाना, अक्सर अंधेरे में या असुरक्षित स्थानों पर। महिलाओं के लिए यह खतरा दोगुना था । उन्हें यौन उत्पीड़न, जान-बचाव की परेशानी और शारीरिक असुविधा का सामना करना पड़ता था। विशेष रूप से गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग महिलाएं और किशोर लड़कियों के लिए यह प्रक्रिया बेहद जोखिम भरी होती थी। स्वास्थ्य और स्वच्छताखुले में शौच के कारण कीचड़, कीड़े, बैक्टीरिया और मैल घुला पानी आसपास फैलता था, जिससे डायरिया, गंदे पानी से संक्रामक रोगों का जोखिम बढ़ता था। इस तरह की स्थितियाँ बच्चों और महिलाओं के स्वास्थ्य पर भारी असर डालती थीं। गरिमा और सामाजिक दबाव महिलाओं की सामाजिक प्रतिष्ठा और आत्मसम्मान के लिए इज्जतघर बहुत मायने रखते हैं। बिना शौचालय के, उन्हें न केवल शारीरिक असुविधा बल्कि सामाजिक शर्मिंदगी भी झेलनी पड़ती थी। कई जगहों पर महिलाएं इससे जुड़ी सामाजिक बंदिशों और शर्मिंदगी के कारण अपनी ज़रूरतों को छिपाती थीं या जोखिम भरा विकल्प चुनती थीं।सरकार की भूमिका और शौचालय निर्माण की प्रगति स्वच्छ भारत मिशन का दृष्टिकोण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत की थी, जिसके दो हिस्से थे। ग्रामीण (SBM-G) और शहरी (SBM- )। इसका प्रमुख लक्ष्य था ओपन डेफेक्शन फ्री (ODF) भारत बनाना।सरकार ने अपनी नीति में यह माना कि सिर्फ शौचालय बनाना ही पर्याप्त नहीं है उन्हें बनाना तो पहला कदम है, लेकिन उसके बाद उपयोग, रख-रखाव, व्यवहार परिवर्तन और अपशिष्ट प्रबंधन बेहद ज़रूरी हैं।निर्मित शौचालयों की संख्या करोड़ो में है।स्वच्छ भारत मिशन के आंकड़े बताते हैं कि सरकार ने बड़े पैमाने पर निर्माण किया है। सितंबर 2024 तक, ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 11.66 करोड़ घर-घर शौचालय बनाए जा चुके हैं। शहरी क्षेत्रों में, SBM-Urban के अंतर्गत 63.63 लाख (लगभग 6.36 करोड़) व्यक्तिगत घरेलू शौचालय बनाए गए हैं। इसके अलावा, शहरी हिस्से में लगभग 6.36 लाख (636,000) सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालय भी बनाए गए हैं। ग्रामीण स्तर पर 2.41 लाख से अधिक सामुदायिक सैनिटरी (सार्वजनिक) परिसर तैयार किए गए हैं। लगभग 5.87 लाख गाँवों को ओडीएफ ,+ स्टेटस मिला है, जहाँ सिर्फ खुले में शौच खत्म करने के बाद ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन तक किया जा रहा है। इस तरह की उपलब्धियाँ इस मिशन की गंभीरता और व्यापकता को दर्शाती हैं। लोगों की सोच शौचालय के प्रति जन दृष्टिकोण और जनता की सोच इस मिशन के बारे में मिश्रित है। कुछ सकारात्मक दृष्टिकोण हैं, तो कुछ आलोचनाएँ भी।लोगो के सकारात्मक दृष्टिकोण है कि इसे मोदी सरकार की प्रमुख सफलता के रूप में देखते हैं ।उन्होंने दस वर्ष के अंदर लाखों-करोड़ों शौचालय बनवाए, जिससे पहले खुले में शौच करना सामान्य था और अब बहुत से गाँव और शहर ओडीएफ घोषित हुए हैं।महिलाओं और बच्चों की गरिमा में सुधार हुआ है। इज्जतघर का विचार सिर्फ भौतिक सुविधा नहीं, एक सामाजिक परिवर्तन भी है।स्वास्थ्य पर असर भी सकारात्मक दिखता है ।बच्चों में डायरिया जैसी बीमारियों में कमी, और स्वच्छता से जुड़ी जागरूकता बढ़ी है। .नकारात्मक और सतर्क दृष्टिकोण केवल लोगो का ही नही है। विपक्ष भी हमलावर है और देश का विकास उनको पच नही रहा है।कांग्रेस ने देश की आजादी के बाद लोगो को मुलभुत सुविधा देने के लिए कभी सकारात्मक रुख नही अपनाया।जनता को अपने हाल पर छोड़ दिया। कुछ विशेषज्ञ और समाजशास्त्री कहते हैं कि सिर्फ निर्माण ही काफी नहीं है। IMPRI की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि कई घरों में शौचालय बने होने के बावजूद, हर जगह उनका उपयोग नहीं हो रहा है। रख-रखाव की बड़ी समस्या है। कई शौचालयों में साफ-सफाई, पानी और अपशिष्ट प्रबंधन नहीं हो पाता।व्यवहार परिवर्तन का काम अधूरा है। कुछ जगहों पर लोग फिर भी खुले में जाना पसंद करते हैं, या उपयोग न करने की आदत बन गई है क्योंकि उनकी निर्माण की गुणवत्ता अच्छी नहीं थी या सुविधाएँ सीमित थीं। मोदी सरकार को लोग कैसे देखते हैं ।मोदी सरकार को स्वच्छता को हिंदुस्तान की प्राथमिकता बनाने के लिए बहुत सम्मान मिला है। यह मिशन न सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर योजना है, बल्कि एक जन आंदोलन के रूप में पेश किया गया है।सरकार के बजट और संसाधन आवंटन को एक गंभीर सरकारी प्रतिबद्धता माना गया है । कई लोगों के नज़र में यह दिखाता है कि मोदी सरकार ने सिर्फ घोषणाएँ नहीं की, बल्कि बड़े पैमाने पर कार्रवाई की।अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इस मिशन को पहचान मिली है, जिससे भारत की स्वच्छता छवि में सुधार हुआ है। कुछ आलोचक कहते हैं कि सरकार ने शुरुआत में पर्याप्त बजट नहीं दिया था, या आवंटन और रिलीज़ के बीच देरी रही। भ्रष्टाचार और बिचौलियों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। निर्माण ठेकेदार, दलाल, स्थानीय मिस्त्रीगण और सरकारी एजेंसियाँ लाभ में शामिल हो सकती हैं।उपयोग और रख-रखाव के बाद की विस्तार योजनाओं (जैसे ODF Plus) में जनता और स्थानीय समुदाय की भागीदारी कुछ जगहों पर सुस्त है।भ्रष्टाचार, बिचौलिये और कमी समस्या के पहलूआज भी विधमान है।भ्रष्टाचार इस मिशन की चुनौतियों में एक बड़ी बाधा रही है। बिचौलियों और दलालों की भूमिका में ग्रामीणों के मजबूरी का फायदा उठाया गया है।कुछ रिपोर्टों में कहा गया है कि शौचालय निर्माण में स्थानीय दलाल और मिडिलमैन शामिल होते हैं। वे लाभ कमाने के लिए निम्न-मानक निर्माण सामग्री उपयोग करते हैं। ठेकेदारों और मिस्त्रीगण कभी-कभी गुणवत्ता नियंत्रण की अनदेखी करते हैं, जिससे टॉयलेट की दीवारें, टैंक या सीटें खराब बनती हैं।दावा किया गया है कि लाभार्थियों को मिलने वाली राशि (वित्तीय सहायता) पूरी तरह गायब नहीं होती, बल्कि कुछ हिस्सा दलालों या ठेकेदारों के पास चला जाता है।जिसमे पंचायत के कार्मिक से लेकर उच्च अधिकारी और सरपंच शामिल रहते थे। यह वित्तीय हस्तक्षेप लोगों तक सीधा नहीं पहुँचने का कारण बनता है।इस वजह से, कुछ परिवारों के हाथ में आठ-दस हजार जैसा हिस्सा आता है, जबकि शौचालय निर्माण में खर्च उससे कहीं अधिक हो सकता है। यह लाभ विभाजन और पारदर्शिता की कमी को दर्शाता है।दोष सिर्फ केंद्र सरकार को देना उचित नहीं है। राज्य सरकारें, पंचायत स्तर के अधिकारी, स्थानीय ठेकेदार और मिस्त्रीगण भी जिम्मेदार हैं। निगरानी तंत्र में कमज़ोरी रही है । तीसरे पक्ष की जांच, सतत निगरानी और जवाबदेही प्रणाली मजबूत नहीं रही है। लाभार्थियों की भागीदारी सीमित रही है।सामाजिक जांच और समुदाय-नेतृत्व को और बढ़ाना चाहिए।विपक्षी दल और आलोचक इस मिशन को पूरी तरह नकार नहीं करते, लेकिन उनकी चिंताएँ स्पष्ट हैं। विपक्ष का मानना है कि बहुत से शौचालय निर्माण संख्या का खेल बन गए हैं।सिर्फ संख्या दिखाने के लिए निर्माण किया गया, लेकिन गुणवत्ता पर ध्यान कम गया। कुछ जगहों पर दो सीट वाला एक ही टॉयलेट जैसा विचित्र निर्माण मुद्दे सामने आए हैं। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ में ऐसा मामला सामने आया है। पर्याप्त राशि नहीं जारी की गई विपक्ष यह तर्क देता है कि केंद्र ने शुरू में पर्याप्त बजट आवंटन नहीं किया या राज्य और पंचायती स्तर पर फंड रिलीज़ में देरी की। ये देरी यानी कम राशि योजना को समय पर और प्रभावी रूप से लागू करने में बाधा बनती हैं। रख-रखाव और व्यवहार परिवर्तन पर ध्यान न देना।कई विपक्षी नेताओं की राय है कि मोदी सरकार सिर्फ निर्माण को महत्व देती है, लेकिन निर्माण के बाद उपयोग, सफाई, मरम्मत और समुदाय की भागीदारी जैसे महत्वपूर्ण स्तंभों पर पर्याप्त ध्यान नहीं दे रही। वे कहते हैं कि स्वच्छता योजना का असली परिणाम तभी दिखेगा जब शौचालय नियमित रूप से उपयोग किए जाएँ और उनके रख-रखाव का सही प्रबंधन हो। भ्रष्टाचार और पारदर्शिता की कमीदेखी गई। विपक्ष उन मामलों को उजागर करता है जहाँ निर्माण दर में अनियमितताएँ और लाभार्थियों तक सीधे पैसों के न पहुँचने के आरोप हैं। वे चेतावनी देते हैं कि अगर निगरानी मजबूत नहीं हुई, तो स्वच्छता मिशन लंबे समय में टिकाऊ नहीं रह सकेगा। आगे का विजन और समाधान भी सरकार का सकारात्मक है। भविष्य में स्वच्छता और शौचालयों के क्षेत्र में सुधार के लिए कुछ प्रमुख सुझाव निम्नलिखित हैं:सरकार को . ODF Plus और व्यवहार परिवर्तन लाना चाहिए। भारत को सिर्फ ओपन डेफेक्शन फ्री लक्ष्य से आगे बढ़कर ODF Plus की ओर जाना होगा, जहाँ न सिर्फ खुले में शौच खत्म हो, बल्कि ठोस और तरल अपशिष्ट प्रबंधन भी सुनिश्चित हो। व्यवहार परिवर्तन के लिए सामाजिक जागरूकता अभियानों को मजबूत किया जाना चाहिए।पंचायत स्तर पर महिलाएँ और युवा नागर समिति नेतृत्व लें। रख-रखाव और प्रणालीगत निगरानीजरूरी है। बनाए गए शौचालयों की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के लिए स्वच्छता कॉल सेंटर, ऐप-आधारित शिकायत प्रणाली और स्थानीय स्वच्छता समितियाँ होनी चाहिए। वित्तीय सहायता सिर्फ निर्माण तक सीमित न हो




।मरम्मत, सफाई और अपशिष्ट प्रबंधन के लिए भी बजट निर्धारित करना चाहिए। निर्माण में शामिल ठेकेदारों और मिस्त्रियों के लिए स्पष्ट तकनीकी मानक और गुणवत्ता नियंत्रण नियम लागू किए जाने चाहिए। लाभार्थियों की भागीदारी बढ़ाने के लिए सामाजिक ऑडिट पंचायत-स्तर की समीक्षा समितियाँ और तीसरी पक्ष की निगरानी आवश्यक है। भ्रष्टाचार और बिचौलियों को नियंत्रित करने के लिए शिकायत निवारण तंत्र तेज़ और प्रभावी होना चाहिए। पिंक टॉयलेट महिलाओं के लिए विशेष शौचालय की संख्या बढ़ानी चाहिए, खासकर शहरी झुग्गी-झोपड़ी क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थानों में, ताकि महिलाओं को निजी, सुरक्षित और स्वच्छ सुविधा मिले। हर शौचालय योजना में महिला प्रतिनिधि को निर्माण और रख-रखाव समितियों में शामिल किया जाना चाहिए, जिससे उनकी ज़रूरतें और अनुभव सीधे नीति निर्माण में आएँ। स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और सार्वजनिक स्थानों पर लड़कियों और महिलाओं के लिए स्वच्छता शिक्षा और सुरक्षित शौचालय सुविधा अनिवार्य होनी चाहिए। स्क्रूटनी पैनल और लोक शिकायत तंत्र को मजबूत बनाना चाहिए ताकि लाभार्थियों की शिकायतों का निपटारा हो सके। पंचायत स्तर पर 'स्वच्छता जगृति दल' बनाए जाएँ, जो स्थानीय लोगों की निगरानी करें और भ्रष्ट ठेकेदारों के खिलाफ लोक अभियानों का नेतृत्व करें। डिजिटल ट्रेसबिलिटी जैसे GPS-टैगिंग, फोटो सबमिशन को अनिवार्य किया जाना चाहिए, ताकि निर्माण की वास्तविकता और गुणवत्ता की पुष्टि हो सके। विश्व शौचालय दिवस पर हमें यह समझना चाहिए कि शौचालय बनाना सिर्फ एक बुनियादी सुविधा न होकर, महिलाओं की गरिमा, सुरक्षा और समानता की लड़ाई है। मोदी सरकार ने स्वच्छ भारत मिशन के माध्यम से अभूतपूर्व प्रगति की है करोड़ों शौचालय बनाए, लाखों गाँव हृष्ठस्न घोषित किए गए, और सार्वजनिक बहस को आगे बढ़ाया गया। लेकिन चुनौतियाँ अभी खत्म नहीं हुई हैंः भ्रष्टाचार, बिचौलियों की जड़ें, गुणवत्ता की गिरावट, उपयोग और रख-रखाव की अनदेखी, और विशेष रूप से महिलाओं की ज़रूरतों पर पर्याप्त ध्यान न देना कुछ ऐसे मुद्दे हैं जिन्हें नज़दीक से संबोधित करना होगा। लोक, विपक्ष, सरकार और स्थानीय समुदायों के बीच मिलकर काम करने की ज़रूरत है ताकि प्रत्येक व्यक्ति विशेष रूप से महिलाएँ केवल शौचालय का अस्तित्व न पाएं, बल्कि सुरक्षित, स्वच्छ, उपयोगी और सम्मानजनक शौचालय का अनुभव कर सकें। इस रूपांतरण को स्थायी और टिकाऊ बनाने के लिए ODF Plus के विजन, पारदर्शिता, जवाबदेही और सहभागिता को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।देश मे शौचालय निर्माण सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि गिनी जा रही है।

**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## आतंक की खतरनाक साजिश से निबटने के लिए सतर्कता जरूरी

देश को एक बार फिर देश में ही छिपे गद्दारों के जरिए विदेशी मदद से आतंकवाद की आग में झोंकने की बड़ी साजिश की जा रही है। अमेरिका के राष्ट्रपति पद पर पदस्थ होते ही डोनाल्ड ट्रम्प ने जिस तरह भारत के खिलाफ ट्रेड टेरिफ का हथियार इस्तेमाल किया लेकिन भारत नहीं झुका इसके बाद ट्रंप की सनक बढ़ गई और उन्होंने पाकिस्तान के सेना प्रमुख के साथ रिश्ते बढाकर दबे पांव भारत में अस्थिरता के बीज बोने की नाकाम कोशिश शुरू कर दी। आपको पता है कि 22 अप्रैल, 2025 को पहलगाम में 26 हिन्दू पर्यटकों की हत्या और 10 नवम्बर, 2025 को दिल्ली में लाल किले के निकट आत्मघाती कार बम विस्फोट द्वारा 15 निर्दोष लोगों की हत्या का कनैक्शन 'जैश-ए-मोहम्मद' के साथ निकला है। इस बीच 15 नवम्बर को 'श्रीनगर' के 'नौगाम' पुलिस थाने में एक विस्फोट में 10 लोगों की मौत व 32 अन्य घायल हो गए। इनमें 27 पुलिस कर्मी हैं। भारत में सफेद कोट माड्यूल बना कर जिस तरह एक समुदाय विशेष के दर्जनों उच्च शिक्षित डॉक्टरों के जरिए आतंक फैलाने की बड़ी साजिश की गई जिस का समय रहते भंडाफोड़ हो गया। इसके पीछे भी विदेशी मदद का हाथ है। हाल ही में अमेरिका के प्रयास से पाकिस्तान और अफगानिस्तान के तालिबान के बीच समझोता करा कर भारत में ने सिरे से कश्मीर को मुद्दा बना कर वहां के शिक्षित लोगों की भावनाओं को भड़का कर भारत में आतंकी वारदातों को अंजाम देने की साजिश रची जा रहीं हैं। तमाम आतंकी घटनाओं के बाद भारतीय सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी गई है जिसके तहत पिछले दिनों में की गई गिरफ्तारियों तथा बरामदगियों से मामले की गंभीरता को समझा जा सकता है। आपको बता दें 13 नवम्बर को कश्मीर के 'सोपोर' से 2 हाईब्रिड आतंकवादियों 'शब्बीर अहमद नाजर' तथा 'शब्बीर अहमद मीर' को गिरफ्तार करके उनसे एक पिस्तौल, एक मैगजीन, 20 जिंदा राऊंड तथा 2 हथगोले बरामद किए गए। 13 नवम्बर को ही उत्तर प्रदेश के 'हापुड़' और 'फिरोजाबाद' जिलों में 3 आरोपियों को गिरफ्तार करके उनसे 46 किलो 'हाईड्रोक्लोरिक एसिड' और 2.5 किलोग्राम विस्फोटक बरामद किए गए। 13 नवम्बर को ही पश्चिम बंगाल के 'बीरभूम' जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार करके उससे जिलेटिन की 20,000 छड़ें बरामद की गईं। अतः क्या आतंकवादी 'दिल्ली' की तरह 'बंगाल' को दहलाने की कोशिश कर रहे थे ? 14 नवम्बर को 'लाल किला विस्फोट' में प्रयुक्त कार के आत्मघाती ड्राइवर 'डा. उमर नबी' के पुलवामा जिले में स्थित मकान को सुरक्षा बलों ने आई.ई.डी. से विस्फोट करके उड़ा दिया।14 नवम्बर को ही अधिकारियों ने 'नूह' से 2 और मैडीकल छात्रों 'मुस्तकीम' तथा 'मोहम्मद' को हिरासत में लिया।15 नवम्बर को ही 'दिल्ली बम विस्फोट' के सिलसिले में 'पठानकोट' और 'नूह' से 2 डाक्टरों 'रईस अहमद भट्ट' तथा 'रेहान' को हिरासत में लिया गया।15 नवम्बर को ही 'अहमदाबाद' (गुजरात) में 'गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ते' ने एक आतंकवादी गिरोह के लिए हथियारों की तस्करी करने में शामिल 'गुरप्रीत सिंह' उर्फ 'गोपी बिल्ला' को गिरफ्तार किया 15 नवम्बर को ही 'फिरोजपुर' में भारत-पाक सीमा पर बी.एस.एफ. ने खेतों में 2 ड्रोन व पाकिस्तान से भेजी गई 549 ग्राम हैरोइन का पैकट बरामद किया। 16 नवम्बर को 'अमृतसर कमिश्नरेट' पुलिस ने पाक आधारित हथियार और नार्को नैटवर्क का पर्दाफाश करके 1.01 किलो हैरोइन और 6 आधुनिक पिस्तौलों सहित 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 16 नवम्बर को ही सी. आई.ए. ने सफेदपोश आतंकवादी माड्यूल मामले में जम्मू-कश्मीर के 'अनंतनाग' जिले में एक महिला डाक्टर के घर पर छापेमारी की और वहां से एक मोबाइल जब्त कर अपने साथ ले गई16 नवम्बर को ही 'राष्ट्रीय जांच ब्यूरो' ने 'लाल किला' कार बम विस्फोट के हमलावर 'डा. उमर उन नबी' के साथी 'आमिर राशिद अली' तथा अगले दिन 17 नवम्बर को एक अन्य साजिशकर्त्ता 'जसीर बिलाल वानी' को गिरफ्तार किया। और अब 17 नवम्बर को सुरक्षा एजेंसियों को घटनास्थल पर एक जूता मिला है जिसमें 'अमोनियम नाईट्रेट' तथा जरा सी गर्मी से फटने वाले अत्यंत खतरनाक विस्फोटक 'टी.ए.टी.पी. के अंश मिले हैं। इसे देखते हुए इस धमाके में 'जूता बम' के इस्तेमाल का भी शक व्यक्त किया जा रहा है। इसे पाकिस्तान का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा



कि अपने देश की जनता की बदहाली दूर करने के लिए प्रयास करने की बजाय इसके शासक और सेना आतंकवादियों को पाल रही है और उनकी सहायता से भारत में तबाही मचा रही है। हालत यह है कि गरीबी के कारण पाकिस्तान में 2.5 करोड़ बच्चे स्कूलों से बाहर हो गए हैं जबकि 2 लाख बच्चे तो कभी स्कूल गए ही नहीं। इतना ही नहीं, पाकिस्तान की 'शहबाज शरीफ' सरकार द्वारा फील्ड मार्शल 'असीम मुनीर' के दबाव में सुप्रीमकोर्ट की शक्तियों को कम करने वाले 'विवादास्पद 27वें संविधान संशोधन' के विरुद्ध 16 नवम्बर को वकीलों ने हड़ताल की। हम मानते हैं आतंकवादियों द्वारा पहलगाम व दिल्ली आदि में मारे गए निर्दोषों की जान कभी वापस नहीं आ सकती है लेकिन इन वारदातों के बाद सरकार तथा सुरक्षा बलों ने पूरी ताकत से आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई करके अनेक लोगों का जीवन बचा लिया है।ये साजिश खत्म होने वाली नही है अभी भी खतरा टला नहीं है,देव असुर संग्राम थमने वाला नहीं है अतः आतंकवादियों तथा उनके मददगारों के विरुद्ध सफाई के अभियान को तब तक और तेजी से जारी रखा जाना चाहिए जब तक कि आतंकवादियों का समूल सफाया नहीं हो जाता वहीं देश के भीतर छिपे गद्दारों रेडिकलाइज चरम पंथी लोगों पर भी नजर रखनी होगी खासकर उन कट्टरपंथी मजहबी व्यक्तियों और संस्थानों पर जो अलफलाह यूनिवर्सिटी की तरह चरमपंथी षडयंत्र का अड्डा बन सकते हैं।भारत की खुफिया व सुरक्षा एजेंसियों को और अधिक तेज तर्रार तकनीकी युक्त प्रशिक्षण और अत्याधुनिक सुविधाओं व साधनों से समृद्ध करने की जरूरत है ताकि आतंक के बदलते चेहरे की पहचान और समय रहते खात्मा किया जाए।

**मनोज कुमार अग्रवाल**

# बिहार में भाजपा की भारी जीत से राजनीतिक संतुलन

**केंद्र-राज्य समीकरण और आने वाले चुनावों पर प्रभाव**

भारत की राजनीति में बिहार हमेशा से एक निर्णायक और रणनीतिक राज्य रहा है। जातीय संरचना, सामाजिक समीकरण, विकास का विमर्श और स्थानीय नेतृत्व की भूमिका।इन सबके कारण बिहार के परिणाम अक्सर पूरे देश के राजनीतिक मानस को प्रभावित करते रहे हैं। हाल ही में संपन्न हुए बिहार विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की है। 243 सीटों वाले सदन में भाजपा का इस तरह से भारी बहुमत लेकर आना केवल एक चुनावी जीत नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की राजनीतिक दिशा और राष्ट्रीय वातावरण का संकेत भी है। बिहार में नीतीश को लेकर हमेशा चर्चा में रहा है।इस जीत ने भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, के प्रति जनविश्वास को पुनः प्रमाणित किया है। साथ ही, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ गठबंधन की मजबूती ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केंद्र और राज्य के बीच तालमेल विकास की रफ्तार तय करता है। यह विजय केवल राजनीतिक नहीं, बल्किप्रशासनिक और जन-कल्याणकारी नीतियों की स्वीकृति के रूप में भी देखी जा रही है।भाजपा की क्यों है यह इतनी महत्वपूर्ण?बिहार में भाजपा की भारी जीत के कई महत्वपूर्ण कारण हैं, जिनके पूरे राज्य की राजनीति का नया मार्ग निर्धारित किया है।जन-आधार और कैडर की मजबूती, भाजपा पिछले एक दशक से बिहार में अपनी संगठनात्मक जड़ेंमजबूत कर रही थी। बूथ प्रबंधन, पन्ना प्रमुख मॉडल और सतत जनसंवाद ने पार्टी को गांव-गांव तक मजबूत नेटवर्क दिया। यह चुनाव उस आधार का प्रत्यक्ष परिणाम था। विकास और सुरक्षा का मुद्दा जोर से चलाया गया।बिहार में वर्षों से कानून-व्यवस्था, रोजगार, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दे हमेशा चर्चा में रहे हैं। भाजपा ने कठिन परिस्थितियों में भी केंद्र से बिहार को विशेष सहायता दी थी।सड़क परियोजनाएँ, रेल कनेक्टिविटी, एक्सप्रेसवे, स्वास्थ्य बुनियादी ढांचा, स्टार्टअप और उद्योग सम्बर्धन। इन सबने जनता के बीच विश्वास निर्माण किया कि स्थिर सरकार के साथ विकास तेजी से संभव है।मोदी फैक्टर नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता आज भी कई राज्यों में निर्णायक कारक है। बिहार में भी बड़ी संख्या में मतदाताओं ने चुनाव को मोदी के नेतृत्व पर विश्वास के रूप में देखा। मोदी का संदेश विकसित बिहार-विकसित भारत—सीधे जनता की आकांक्षाओं से जुड़ा मुद्दा चर्चित रहा।नीतीश कुमार और भाजपा की जोड़ी साख स्थिरता का समीकरण है। नीतीश कुमार भारत के सबसे अनुभवी मुख्यमंत्रियों में से एक हैं। शासन, प्रशासन और सुशासन के उनके मॉडल को देश ने कई बार सराहा है। भाजपा-जदयू गठबंधन को जनता ने इसलिए स्वीकार किया क्योंकि इसमें अनुभव , नवोन्मेष का संतुलन था।नीतीश कुमार की प्रशासनिक साख औरमोदी सरकार की नीतिगत विश्वसनीयतादोनों साथ आए।इस गठबंधन की जीत यह संकेत देती है कि बिहार की जनता स्थिरता चाहती है। विकास कार्य रुकें नहीं, योजनाओं का प्रवाह बना रहे और केंद्र-राज्य संबंध सुचारु रहेंयही जनइच्छा इस भारी जनादेश के रूप में सामने आई है।केंद्र और राज्य पर इसके प्रभाव इस परिदृश्य का असर न केवल बिहार पर पड़ेगा बल्कि केंद्र सरकार के निर्णयों, राष्ट्रीय राजनीति और भविष्य की योजनाओं पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव दिखेगा।केंद्र का राजनीतिक स्वास्थ्य और मजबूती भाजपा की इस भारी जीत ने यह साबित किया है कि जनता अब भी केंद्र सरकार की नीतियों पर चल रही है।इंफ्रास्ट्रक्चर विकास,डिजिटल भारत, सामाजिक सुरक्षा, गरीब कल्याण योजनाओं, वैश्विक स्तर पर भारत की स्थितिसे संतुष्ट है। यह जीत राजनीतिक विपक्ष को भी नया संदेश देती है कि जनता राष्ट्रहित और विकास के मुद्दे पर सरकार के साथ खड़ी है। राज्य सरकार की कार्यक्षमता में वृद्धि देखी जा रही है।केंद्र के साथ बेहतर तालमेल मिलने अधूरी परियोजनाएँ तेजी से पूरी होंगी,फंडिंग में बाधाएँ कम होंगी, बड़ी योजनाओं पर तेजी आएगी। नीतीश-मोदी तालमेल से बिहार की अपेक्षाएँ और बढ़ गई हैं। अब अधूरे कार्य होंगे पूर्ण और बिहार अब जरूर बदलेगा। जनादेश ने सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है। 'विकास को गति दीजिए, रुकी हुई योजनाएँ पूर्ण कीजिए। सड़क, पुल, एक्सप्रेसवे गंगा ब्रिज, पटना मेट्रो, बिहार एक्सप्रेसवे, दिल्ली-कोलकाता कॉरिडोर जैसी बड़ी परियोजनाएँ अब और तेज गति से आगे बढ़ेंगी।उद्योग और निवेशभाजपा सरकार की डबल इंजन नीति से औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार, रोजगार सृजन, स्टार्टअप पारिस्थिति तंत्र, कौशल विकास में अभूतपूर्व प्रगति होने की संभावना है।शिक्षा और स्वास्थ्य केंद्र की योजनाओंऔर आईआईटी, आईआईएम, एम्स विस्तार, नई स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिलेगी। किसान और ग्रामीण विकास पीएम-किसान, सिंचाई, कृषि बाजार, जैविक खेती और ग्रामीण सड़क योजना जैसे कदमों से ग्रामीण बिहार को लाभ होगा।बिहार के परिणाम केवल एक राज्य तक सीमित प्रभाव नहीं रखते। यह राजनीतिक संदेश है कि जनता अब भी विकास आधारित राजनीति चाहती है।गठबंधन टिके रहने चाहिए,विपक्ष को अपनी रणनीति बदलनी होगी। यह जीत उत्तर भारत के कई राज्यों में भाजपा के लिए मनोबल बढ़ने वाली है। बिहार का यह परिणाम केवल स्थानीय नहीं, बल्कि राष्ट्रीय चुनावी परिदृश्य को प्रभावित करने वाला है। पश्चिम बंगाल में भाजपा लंबे समय से सशक्त चुनौती देने का प्रयास कर रही है। बिहार की इस जीत से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा बढ़ेगी,बंगाल के हिंदू-वोट बैंक पर असर पड़ेगा,केंद्र की विश्वसनीयता बढ़ेगी,ममता बनर्जी के खिलाफ विपक्ष को संयोजन मिलेगा। सीमा क्षेत्र, बंगाल-बिहार भाषाई व सांस्कृतिक कनेक्टिविटी के कारण यह परिणाम बंगाल में भी माहौल बनाता है। बिहार की जीत के बाद भाजपा को पश्चिम बंगाल में रणनीति तेज करने का लाभ मिलेगा।बिहार की जीत उत्तर प्रदेश की राजनीति को भी प्रभावित करती है, क्योंकि दोनों राज्यों में सामाजिक संरचना में समानताएँ हैं। NDA की स्थिति और मजबूत होगी।विपक्ष का मनोबल कमजोर होगा।बिहार के राजनीतिक वातावरण का झारखंड पर हमेशा असर रहा है।वहाँ भी भाजपा के लिए माहौल सुधरेगा,संगठन को बढ़ावा मिलेगा।बिहार के परिणाम से पूर्वी भारत में भाजपा की स्थिति और मजबूत होगी, जिससे इन राज्यों में भी चुनावी रणनीति को मजबूती मिल सकती है। पश्चिम बंगाल के लिए राह आसान क्यों होगी? बिहार में भाजपा की भारी जीत से पश्चिम बंगाल में पार्टी की स्थिति मजबूत होने के कई कारण हैं।तेज चुनावी जीत हमेशा कार्यकर्ताओं और मतदाताओं में सकारात्मक ऊर्जा पैदा करती है। यह लहर पड़ोसी राज्यों तक भी जाती है। बिहार-बंगाल की सीमाएँ मिलती हैं, व्यापारिक संबंध और जन-आवागमन घनिष्ठ है।

ऐसे में एक राज्य में बनी राजनीतिक लहर दूसरे में भी असर डालती है। बिहार के परिणाम के बाद बंगाल के मतदाता भी केंद्र सरकार के विकास मॉडल की ओर अधिक आकर्षित हो सकते हैं। बिहार में विपक्ष की हार यह संकेत देती है कि अगर विपक्ष संयुक्त न हुआ और मुद्दों पर गंभीरता से काम नहीं किया, तो बंगाल में भी भाजपा को चुनौती देना कठिन है।मोदी और नीतीश की साख क्यों बढ़ी है? अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा,गरीब वर्ग के लिए योजना-प्रधान नीतियाँ, विकास और राष्ट्रीय सुरक्षा पर मजबूत छवि मोदी की साख को लगातार मजबूत करती हैं। बिहार के परिणाम इस साख का प्रत्यक्ष प्रमाण हैं।सुशासन,प्रशासनिक अनुशासन, सामाजिक कार्यक्रम, महिलाओं और गरीबों के लिए योजनाएँ ने नीतीश कुमार को एक भरोसेमंद नेता बनाया है। दोनों नेताओं की विश्वसनीयता ने मिलकर इस चुनाव को निर्णायक बनाया।बिहार में भाजपा की भारी जीत केवल चुनावी आंकड़ा नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति में हो रहे बड़े परिवर्तन का संकेत है।जनता स्थिरता चाहती है, विकास चाहती है,केंद्र-राज्य एकता को प्राथमिकता देती है, गठबंधन सरकार पर भरोसा जताती है,राष्ट्रीय नेतृत्व की विश्वसनीयता बढ़ रही है।यह जीत न केवल बिहार की राजनीति को नए द्वार देगी, बल्कि आने वाले चुनावों विशेषकर पश्चिम बंगाल में भाजपा के लिए स्थितियाँ अनुकूल बनाएगी।भारतीय राजनीति अब उस दौर में प्रवेश कर रही है जहाँ जनादेश विकास, सुशासन और विश्वसनीय नेतृत्व पर आधारित है। बिहार का यह परिणाम इसी दिशा में एक मजबूत कदम है।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उप्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित **संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,** मो0- 7499472288
E-Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## एमएलसी डॉ. रतनपाल सिंह ने रुद्रपुर विधानसभा को दी बड़ी सौगात

### तीन लघु सेतु निर्माण के लिए स्वीकृत हुआ 1 करोड़ 95 लाख

**रुद्रपुर, देवरिया।** क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति देते हुए एमएलसी डॉ. रतनपाल सिंह ने रुद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थलों पर तीन लघु सेतुओं के निर्माण के लिए लगभग ?1.95 करोड़ की धनराशि स्वीकृत कराई है। इस निर्णय से न केवल ग्रामीण संपर्क मार्गों में सुधार होगा बल्कि बरसात के मौसम में होने वाली आवाजाही की दिक्कतें भी दूर होंगी। रुद्रपुर-निबाही मार्ग पर नाले के ऊपर लघु सेतुस्वीकृत धनराशिः 422.97 लाख,ग्रुप कैप्टन वरुण सिंह मार्ग देवरिया से रामलक्षन मार्ग पर पुराने पुलिया के जगह नया लघु सेतु स्वीकृत धनराशिः 389.64लाख, रुद्रपुर कपरवार मार्ग के किमी 4 सरया के पास सकरी लघु सेतु के स्थान पर स्वीकृत धनराशिः 319.91 लाख। इन तीनों स्थानों पर ग्रामीणों को बरसात के मौसम में भारी जलभराव और रास्ता कटने की समस्या से जूझना पड़ता था। छात्रों, किसानों और आम जनता को आवागमन के लिए लंबे चक्कर लगाने पड़ते थे। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में नालों और कटान वाले हिस्सों पर सेतु निर्माण की मांग कई वर्षों से लंबित थी। स्थानीय प्रतिनिधियों और जनता द्वारा बार-बार उठाए गए इस मुद्दे को एमएलसी डॉ. रतनपाल सिंह ने गंभीरता से लिया और विकास कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता दिखाते हुए धनराशि स्वीकृत कराई। श्री सिंह ने कहा कि शीघ्र ही निर्माण करा दिया जाएगा।

## मारपीट में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया टोला पथरहवा में सोमवार की देर शाम घर में घुसकर मारपीट के मामले में पुलिस ने गांव निवासी पति-पत्नी सहित दो पुत्रियां के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान किया है। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महदेइया टोला पथरहवा निवासिनी मुधनी पत्नी सुग्रीव ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाई है कि मंगलवार को वह घर पर नहीं थी। इस दौरान पुत्री प्रतिमा व अंतिमा को गांव निवासी संगीता पत्नी श्री नेवास, रवि पुत्र श्री नेवास तथा पुत्री शशिकला व संगीता ने किसी बात को लेकर घर में घुसकर गाली-गलौज देते हुए मारने पीटने लगे। मुधनी के तहरीर पर पुलिस ने धारा 115(2), 352, 351(3), 333 के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान किया है। इस सम्बन्ध में थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह ने बताया की मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय चालान किया गया है।

## मजरा कलौथरा के दो पक्षों में जमकर हुयी मारपीट

**ललितपुर।** कोतवाली तालबेहट क्षेत्रांतर्गत ग्राम सेरवांस कलां के मजरा कलौथरा में दो पक्षों में किसी बात को लेकर जोरदार मारपीट हो गयी। घटना के बाद तालबेहट पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पहले पक्ष की ओर से कलौथरा निवासी सावित्री पत्नी सीताराम ने पुलिस को बताया कि बीती 16 नवम्बर को शाम करीब 4 बजे वह घर के दरबाजे पर बैठी थीए तभी बिना किसी कारण पड़ौस की मीरा कुशवाहा पत्नी खुशीलालए भारती पत्नी महेन्द्र कुशवाहाए क्रान्ति पत्नी भगवान कुशवाहा ने उसके साथ गालियां दीं और विरोध करने पर मारपीट कर दीए जिससे वह घायल हो गयी। आरोप है कि उक्त लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं दूसरे पक्ष की ओर से मीरा पत्नी स्वण्खुशीलाल कुशवाहा ने बताया कि बच्चों के खेलने के विवाद को लेकर सावित्री पत्नी सीतारामए सीताराम पुत्र लक्ष्मन ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। बचाव करने आयी उसकी बहू भारती के साथ भी मारपीट करते हुये उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ भी मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## थाने में शिकायत दर्ज कराने पर मारपीट

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम उगरपुर के मजरा गीदवर में रहने वाली अनीता पत्नी रामबगस अहिरवार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 24 सितम्बर को गांव के सीतारामए रतिराम व संतोष पुत्रगण श्रीपत अहिरवार के खिलाफ मारपीट की शिकायत थाने में दर्ज करायी थीए जिसमें पुलिस ने कार्यवाही कर आरोप पत्र दाखिल कर दिया। इसी बात से क्षुब्ध होकर 13 नवम्बर की शाम करीब 4 बजे उक्त लोगों ने जब वह खेत पर काम कर रही थीए तभी आकर गालियां देने लगे और मुकद्मा को लेकर लात.घूसों व डण्डा से मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# गोरखपुर कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय उसवाबाबू में उबालः वार्डन के भय से छात्राएँ स्कूल छोड़ने को मजबूर, प्रशासन व न्यायालय के आदेशों के बीच फंसा भविष्य

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोरखपुर/खजनी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय उसवाबाबू में सोमवार को ऐसा माहौल देखने को मिला जिसने न केवल स्थानीय प्रशासन को चुनौती दी बल्कि समाज और सिस्टम दोनों के सामने गंभीर सवाल खड़े कर दिए। वार्डन अर्चना पांडेय की ज्वाइनिंग के मुद्दे पर छात्राओं और अभिभावकों के उग्र विरोध ने शिक्षा व्यवस्था के अंदरूनी हालात पर बड़ा सवालिया निशान लगा दिया है। छात्रों में वार्डन के प्रति इतना भय और अविश्वास देखने को मिला कि कथित रूप से बड़ी संख्या में छात्राओं ने विद्यालय छोड़ने का निर्णय ले लिया। हालांकि विभागीय अधिकारियों ने केवल 12 छात्राओं के छोड़ने की बात स्वीकार की है, लेकिन मौके पर मीडिया के सर्वे में 80 से अधिक छात्राओं के विद्यालय वापस न लौटने के दावा सामने आए हैं।

**क्या है पृष्ठभूमि?**

कुछ दिनों पूर्व वार्डन अर्चना पांडेय और छात्राओं के बीच विवाद बढ़ा, जिसके बाद शिकायत के आधार पर वार्डन को निलंबित कर दिया गया। वार्डन ने इस कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का रुख किया, जहां से उन्हें पुनः ज्वाइनिंग का आदेश प्राप्त हुआ। लेकिन आदेश के अनुपालन के बावजूद छात्राओं और अभिभावकों के कड़े विरोध के कारण वार्डन को पूर्व में वापस लौटना पड़ा। इसके बाद उन्होंने संबंधित अधिकारियों पर अवमानना का प्रकरण दर्ज कराया, जिस पर न्यायालय ने अधिकारियों को आदेश अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**स्कूल परिसर में तनाव, प्रशासन की कड़ी परीक्षा**

सोमवार को डीसी बालिका पंकज सिंह व खंड शिक्षा अधिकारी सावन दुबे वार्डन को ज्वाइन कराने विद्यालय पहुंचे। उनके पहुंचते ही विद्यालय परिसर विरोध, रोष, नारेबाजी और संवेदनशील माहौल में तब्दील हो गया। कई छात्राओं ने दहशत में रोते हुए कहा कि वार्डन उनके साथ कठोर व्यवहार करती हैं और 'तालिबानी' जैसी सजा देने का आरोप लगाया। अभिभावकों ने साफ कहा -हम अपनी बेटियाँ खतरे में नहीं छोड़ सकते, चाहे फैसला कुछ भी हो।

**आगे की राह अब भी धुंधली**

विद्यालय में शिक्षण कार्य पूरी तरह प्रभावित है और प्रशासन न्यायालयीय आदेश व जनभावना के बीच संतुलन बनाने की चुनौती से जूझ रहा है। छात्राओं की सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य सर्वोपरि है, वहीं न्यायालय के आदेश का पालन भी कानूनी बाध्यता। यह मामला सिर्फ एक विद्यालय या वार्डन का नहीं, बल्कि संवेदनशील बालिका शिक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्था की साख का प्रश्न बन चुका है। अब सभी निगाहें उच्च स्तरीय निर्णय और समाधान पर टिकी हैं, जो इस विवाद के भविष्य की रूपरेखा तय करेगा।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत किया गया जागरूक




**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत विषखोप में स्थानीय पुलिस ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं और बालिकाओं को उनके सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को लेकर जागरूक किया। पुलिस की मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं एवं बालिकाओं को जागरूक करते हुए विभिन्न सरकारी योजनाओं के साथ-साथ महिला हेल्पलाइन नंबर, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सखी वन स्टॉप सेंटर, पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के साथ-साथ मिशन शक्ति से जुड़ी अन्य कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही उन्हें इन अपराधों से बचाव और उनके निवारण के लिए उपलब्ध कानूनी उपायों को लेकर प्रशिक्षित भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिला उपनिरीक्षक संजू गौड़ महिला कांस्टेबल अनुराधा शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# अब तो शहर में ट्रकों की आवाजाही बन्द करिये एसडीएम/सीओ सर

## ●-तीन थानों की पुलिस को छकाकर भागा ट्रक चालक

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**रूद्रपुर, देवरिया।** सोमवार को विधानसभा क्षेत्र में एक ऐसी घटना घटी जिसने तहसील व पुलिस प्रशासन को शर्मसार कर दिया और लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि पुलिस अपराधियों को कैसे पकड़ेगी। घटना की बात करें तो सोमवार को एसडीम रुद्रपुर हरिशंकर लाल को जानकारी मिली कि एक ट्रक चालक कतरारी के पास दुर्घटना कर भाग रहा है। उन्होंने उक्त सूचना तुरंत कोतवाली पुलिस को दी। इसके पहले सुरौली पुलिस ने ट्रक चालक को रोकने का प्रयास किया किंतु असफल रहे। वहीं कोतवाली पुलिस ने भी जी जान लगाया और ट्रक चालक आदर्श चौराहे के पास भीड़ भरे मार्ग पर भी सीओ और एसडीएम की गाड़ी को टक्कर मारते हुए आगे बढ़ गया। वहां खड़े 112 नंबर की गाड़ी को भी ट्रक चालक ने ठोकर मारी और सेमरौना के रास्ते नारायणपुर की तरफ चला गया। रूद्रपुर पुलिस ने सूचना एकौना पुलिस को दी। एकौना पुलिस के जिम्मेदार थी ट्रक चालक को नहीं रोक पाए। वास्तव में सूचना देने के बाद भी एकौना पुलिस मौके पर पहुंची ही नहीं और ट्रक चालक आराम से नारायणपुर के रास्ते असवनपार की तरफ निकल गया। खजुहा चौराहे पर लग रहे भीषण जाम को देखते हुए विगत दिनों से ट्रकों के नगर की सीमा में आगमन पर रोक लगाने की मांग की जा रही है किंतु पुलिस कोई नोटिस नहीं ले रही है। विदित हो कि ट्रकों के बनारस की तरफ जाने के लिए नाथबाबा मंदिर के पास से बाईपास बना हुआ है जो मदनपुर के रास्ते कपरवार होते हुए बड़हलगंज को जोड़ता है। बावजूद इसके सारी ट्रकें बे रोक-टोक नगर में प्रवेश कर रही हैं और खजुहा चौराहे के रास्ते नारायणपुर की तरफ निकल रही हैं। पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी है। या तो पुलिस किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही है या तो चोरी छिपे ट्रैकों से अवैध वसूली कर रही है। खजुहा चौराहे के दुकानदारों ने जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए धरना प्रदर्शन करने की बात कही है।

# नपाध्यक्ष ने नाली निर्माण का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद पडरौना के मां गायत्री नगर वार्ड के बलूचहां में जारी नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण नगरपालिका परिषद पडरौना अध्यक्ष विनय जायसवाल द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्माण की गुणवत्ता, गति और तकनीकी मानकों पर भी उन्होंने दृष्टि रखी। इस दौरान निर्माण सामग्री, कार्यशैली एवं समग्र प्रगति का विस्तार से जायज़ा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों से भी बातचीत की गई। नागरिकों ने अपनी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को साझा किया, जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करने का आश्वासन दिया गया। क्षेत्रवासियों ने चल रहे कार्य की सराहना करते हुए शीघ्र पूर्ण होने की उम्मीद जताई। इस मौके पर क्षेत्र के सभी सम्मानित जन एवं स्थानीय प्रतिनिधि उपस्थित रहे। मीडिया से बातचीत के क्रम में पालिकाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि सड़क एवं नाली का यह महत्वपूर्ण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूर्ण किया जाएगा, जिससे आमजन को जल निकासी और आवागमन में बेहतर सुविधा प्राप्त होगी। ज्ञात हो कि क्षेत्र की यह समस्या काफी समय से लंबित थी जिसे नपाध्यक्ष ने बरसात बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी करवाने के बाद शुरू करवाने का वादा किया था। नगर के विकास से जुड़े इस कार्य को लेकर स्थानीय निवासियों में उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से यह परियोजना जल्द ही पूरी होकर क्षेत्र की बड़ी समस्या का समाधान करेगी। इस दौरान उनके साथ जेई निर्माण रामबहादुर प्रसाद अंचल मोदनवाल सतीश पटेल सुशील उपाध्याय प्रेम पाण्डेय अभय मोदनवाल राजेश जायसवाल सुरेंद्र मोदनवाल वीरेन्द्र यादव सूर्यभान यादव अभय सिंह भुनेश्वर यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

# पुलिस को कुचलने का प्रयास! आधी रात ट्रक लेकर निकले छह युवकों ने बैरिकेड तोड़कर की फरार होने की कोशिश, सभी गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोरखपुर।** शहर की सड़कों पर आधी रात तेज रफ्तार ट्रक लेकर घूमने निकले छह युवकों ने पुलिस को कुचलने की कोशिश कर पूरे इलाके में दहशत फैला दी। कैंट थाना क्षेत्र विश्वविद्यालय चौराहे से मोहद्दीपुर की ओर जा रहा यह ट्रक न केवल तेज रफ्तार से दौड़ रहा था, बल्कि लगातार प्रेशर हार्न बजाते हुए पुलिस पर चढ़ाने की कोशिश भी कर रहा था। पुलिस की ओर से रोशनी दिखाकर रोकने के प्रयास के बावजूद चालक और भी तेज गति से ट्रक दौड़ाता हुआ कुड़ाघाट की तरफ भाग निकला। घटना करीब रात 12:15 बजे की बतायी जा रही है। ड्यूटी पर मौजूद पुलिस टीम ने टॉर्च व रोड लाइट का इस्तेमाल कर वाहन रोकने का संकेत दिया, लेकिन चालक ने रफ्तार बढ़ाते हुए सीधे पुलिस की ओर ट्रक चढ़ाने की कोशिश की। घटना की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम के माध्यम से आर.के.बी.के. पिकेट को दी गई, जिस पर पिकेट पुलिस ने आगे बैरिकेडिंग कर वाहन रोकने की तैयारी की। परिस्थिति तब और खतरनाक हो गई जब चालक ने बैरिकेड पर सीधे ट्रक चढ़ाते हुए उसे तोड़ दिया। इसी दौरान ट्रक का एक पहिया बैरिकेड में फंस गया और वाहन बीच सड़क पर जाम होकर रुक गया। पकड़े जाने के डर से चालक सहित सभी युवक ट्रक से कूदकर रेलवे लाइन की तरफ भाग निकले। पुलिस टीम ने पीछा करते हुए सभी को पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि रेलवे लाइन के पास रेलिंग से कूदते समय सभी युवक गड्ढे व पत्थरों से टकराकर गिर पड़े, जिससे उन्हें हल्की चोटें लग गई। पुलिस ने घेराबंदी करके छह युवकों को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तार युवकों की पहचान रंजीत पासवान (चालक), सुहेल अहमद, दीपक कुमार, बलराम निषाद, प्रमोद कुमार और सचिन निषाद के रूप में हुई है।

पूछताछ में युवकों ने बताया कि वे सभी नशे की हालत में थे और 'मौज-मस्ती' के इरादे से ट्रक लेकर निकले थे। वहीं पुलिस ने ट्रक में से सात मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं, जिनकी जांच की जा रही है कि कहीं ये चोरी के तो नहीं।पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमला, सरकारी कार्य में बाधा, सार्वजनिक संपत्ति क्षति सहित कई गंभीर धाराओं में कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल ट्रक को सीज कर दिया गया है और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। शहर में इस घटना को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर प्रश्न उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने ट्रकों की अनियंत्रित आवाजाही और नशे में वाहन चलाने वालों के खिलाफ सख्त अभियान चलाने की मांग की है।

# गोरखपुर ने जल संरक्षण में रचा इतिहास - राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान, राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**गोरखपुर।** नगर निगम गोरखपुर ने जल संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल करते हुए पूरे देश में अपनी एक अलग पहचान बनाई है। 'जल संचय जन भागीदारी अभियान (JSJB 1.0)' के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्यों के मूल्यांकन में गोरखपुर नगर निगम को देश के शीर्ष 21 नगर निकायों में स्थान मिला, वहीं शीर्ष 10 में तीसरा स्थान प्राप्त कर जिले और प्रदेश का मान बढ़ाया है। यह उपलब्धि गोरखपुर को जल प्रबंधन, संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी के सफल मॉडल के रूप में पेश करती है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए 18 नवंबर 2025 को सुबह 11:30 बजे नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश की राष्ट्रपति द्वारा गोरखपुर नगर निगम को प्रशस्ति पत्र एवं 2 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, राज्य मंत्री वी. सोमन्ना, जल संसाधन सचिव वी.एल. कंठा राव, पेयजल एवं स्वच्छता सचिव अशोक के.के. मीणा तथा अन्य वरिष्ठ केंद्रीय अधिकारी और जूरी सदस्य उपस्थित रहेंगे।

**सफलता का आधार — नेतृत्व, योजना और भागीदारी**

नगर निगम की इस सफलता के केंद्र में नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं शहरवासियों की सामूहिक सहभागिता रही। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में गोरखपुर में जल संरक्षण को जनभागीदारी आधारित आंदोलन के रूप में विकसित किया गया। 'जल संचय जन भागीदारी अभियान' के माध्यम से शहर में योजनाबद्ध और वैज्ञानिक तरीके से कार्य किए गए, जिनमें मुख्यतः वर्षा जल संचयन को बढ़ावा ,शहर के पुराने तालाब एवं कुओं की सफाई और पुनर्जीवन ,नदियों एवं नालों के प्राकृतिक प्रवाह को दुरुस्त करने की कार्रवाई, तकिया घाट पर प्राकृतिक जल शोधन तकनीक का क्रियान्वयन ,स्थानीय नागरिकों, संस्थानों और स्वयंसेवी संगठनों की सक्रिय भागीदारी, स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान इन प्रयासों ने गोरखपुर को न सिर्फ एक मॉडल शहर के रूप में स्थापित किया बल्कि जल संरक्षण के क्षेत्र में स्थायी विकास की दिशा भी सुनिश्चित की। गोरखपुर की यह उपलब्धि न सिर्फ शहरवासियों के लिए गर्व का विषय है बल्कि देशभर के नगर निकायों के लिए प्रेरणादायी उदाहरण भी है। अब फोकस इस उपलब्धि को स्थायी एवं और अधिक उन्नत स्वरूप देने पर है, ताकि भविष्य में गोरखपुर जल प्रबंधन के क्षेत्र में राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय मॉडल के रूप में उभर सके।

# देवरिया को सौगात : ड्राइविंग टेस्ट एवं प्रशिक्षण केंद्र की हुई शुरुआत

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**देवरिया।** जनपद के वाहन चालकों के लिए एक बड़ी और महत्वपूर्ण सुविधा शुरू हो गई है। अब ड्राइविंग लाइसेंस से संबंधित प्रक्रियाओं के लिए लोगों को बाहर भटकने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उत्तर प्रदेश सरकार से मान्यता प्राप्त ड्राइविंग टेस्ट एवं प्रशिक्षण केन्द्र अब देवरिया में क्रियाशील हो चुका है। यह अत्याधुनिक केन्द्र ग्राम पड़री मल्ल, देवरिया मीर सोनूघाट देवरिया में स्थापित है। केन्द्र में नवीनतम तकनीक और मानकों के अनुरूप ड्राइविंग परीक्षण और प्रशिक्षण की सभी व्यवस्थाएँ की गई हैं। सरकारी मान्यता प्राप्त यह सुविधा 12 नवंबर से औपचारिक रूप से प्रारम्भ हो चुकी है। इसके शुरू होने से जिले के वाहन चालकों के लिए परीक्षण और प्रशिक्षण की प्रक्रिया आसान, पारदर्शी और सुव्यवस्थित हो गई है।

**किन वाहनों के लिए उपलब्ध है सुविधा?**

यहां टू व्हिलर, लाइट मोटर व्हीकल व लाइट मोटर व्हीकल ट्रांसपोर्ट की सुविधा उपलब्ध है

अब दोपहिया, हल्के वाहन और भारी परिवहन वाहनों के लिए लाइसेंस परीक्षण और प्रशिक्षण, दोनों ही देवरिया में ही उपलब्ध हैं।

**क्या होगा लाभ?**

लाइसेंस परीक्षण के लिए बाहर जाने की जरूरत ख़त्म, सुरक्षित एवं मानकीकृत ड्राइविंग प्रशिक्षण, परिवहन विभाग के कार्यों में पारदर्शिता, समय व धन की बचत,ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों के आवेदकों को सीधी सुविधा मिलेगी। इस सुविधा के संचालन एवं पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी ए.आर.टी.ओ. प्रशासन आशुतोष शुक्ला द्वारा की जा रही है। देवरिया में इस केन्द्र के शुरू होने को जिले के लोगों ने बड़ी उपलब्धि बताया और कहा कि इससे सड़क सुरक्षा और ड्राइविंग मानकों में सुधार अवश्य होगा।

# शादी समारोह में पहली पत्नी का हंगामाः पैकोलिया में पुलिस मौजूद, फिर भी नहीं रुका अवैध विवाह

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**बस्ती।** बस्ती जिले केपैकोलिया थाना क्षेत्र के एक गांव में आयोजित शादी समारोह उस समय हंगामे में तब्दील हो गया जब दूल्हे की पहली पत्नी अचानक जयमाल स्टेज पर पहुंच गई। गुजरात निवासी रेशमा नाम की महिला ने अपने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। उसने कहा कि उसका अपने पति से तीन वर्ष पूर्व गुजरात में कोर्ट मैरिज हो चुका है और जब तक न्यायालय तलाक नहीं देता, तब तक दूसरी शादी करना अपराध है। लेकिन इसके बावजूद विवाह समारोह जारी रहा और पुलिस मूकदर्शक बनी रही। जानकारी के अनुसार, रेशमा को किसी तरह पता चला कि उसका पति बस्ती जनपद के पैकोलिया थाना क्षेत्र में दूसरी शादी कर रहा है। गुजरात से वह तत्काल बस्ती पहुंची और जैसे ही जयमाल का कार्यक्रम शुरू हुआ, वह स्टेज पर चढ़कर दूल्हा-दुल्हन के सामने खड़ी हो गई। उसने पति पर धोखा देने, दहेज उत्पीड़न और दूसरी शादी की साजिश रचने का आरोप लगाया। मौके पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई और समारोह में भगदड़ जैसी स्थिति हो गई। हंगामे की जानकारी होते ही पुलिस अधीक्षक बस्ती, अपर पुलिस अधीक्षक और सीओ हरैया तक मामला पहुंचा। उनके निर्देश पर पैकोलिया थाना पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन पुलिस कुछ समय स्थिति को समझती रही और विवाह कार्यक्रम रुकवाने की कोशिश नहीं की।थानाध्यक्ष कृष्ण कुमार साहू ने स्पष्ट कहा 'पुलिस के पास दूसरी शादी को रोकने का कोई अधिकार नहीं है। यह मामला पारिवारिक विवाद एवं न्यायालय के अधिकार क्षेत्र में आता है। कौन प्रमाणित करेगा कि यह विवाह अवैध है, यह भी न्यायालय तय करेगा।'

उनका यह बयान उपस्थित महिला व उसके समर्थकों के आक्रोश का कारण बना। रेशमा का कहना था कि उसका पति न सिर्फ धोखा दे रहा है बल्कि अदालत से बिना तलाक लिए दूसरी शादी कर कानून का उल्लंघन कर रहा है।

**पीड़िता की व्यथाः तीन साल पहले हुई थी कोर्ट मैरिज**

पीड़िता रेशमा ने बताया 'हमने तीन साल पहले गुजरात में कोर्ट मैरिज की थी। शादी के बाद कुछ समय तक सब ठीक रहा लेकिन कुछ महीने बाद पति का व्यवहार बदलने लगा। उसने कोर्ट में तलाक की अर्जी दी है लेकिन अभी तक फैसला नहीं हुआ है। कानूनन तलाक हुए बिना दूसरी शादी करना अपराध है, फिर भी पुलिस कुछ नहीं कर रही है। उसने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति के परिवार ने पहले से ही दूसरी शादी की योजना बना ली थी और उसे अंधेरे में रखा गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि विवाह वैध है या अवैध, इसका निर्धारण पुलिस नहीं कर सकती। अगर विवाह पंजीकरण, तलाक, या धोखाधड़ी से जुड़े दस्तावेज़ मौजूद हैं तो पीड़िता को अदालत में मामला दर्ज कराना होगा। पुलिस चाहकर भी विवाह रोकने की कार्रवाई नहीं कर सकती क्योंकि यह सीधे तौर पर दंड प्रक्रिया संहिता के दायरे में नहीं आता। कानूनी विशेषज्ञों के अनुसार हिंदू विवाह अधिनियम 1955 की धारा 494 के तहत तलाक के बिना दूसरी शादी करना दंडनीय अपराध है। इसके लिए सात वर्ष तक की जेल का प्रावधान है। लेकिन इस कानून के अंतर्गत कार्रवाई तभी संभव है जब पीड़ित व्यक्ति लिखित शिकायत दे और मामला कोर्ट में चले। पुलिस स्वतः संज्ञान लेकर शादी रोकने का अधिकार नहीं रखती।समारोह जारी, सवालों के घेरे में पुलिस का रवैया पति के सामने रोती और न्याय की मांग करती रेशमा को देखकर भी शादी की रस्में जारी रहीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस ने चाहे तो दहेज या धोखाधड़ी की धाराओं में भी कार्रवाई कर सकती थी लेकिन उन्होंने मामले को केवल 'परिवारिक विवाद' मानकर छोड़ दिया।घटना के बाद से पीड़िता न्याय की लड़ाई लड़ने का मन बना चुकी है। उसने कहा उच्चाधिकारियों से मिलूंगी अदालत जाऊंगी, मेरे साथ बड़ा अन्याय हुआ है। जब तक कानून मेरा साथ देगा, मैं लड़ती रहूंगी। यह मामला सिर्फ एक परिवार का विवाद नहीं बल्कि कानून, व्यवस्था और महिला अधिकारों से जुड़े मूल्यांकन का विषय बन गया है। सवाल यह उठता है कि जब पुलिस मौके पर मौजूद थी तो क्या उसे विवाह रुकवाने के लिए कोई कदम नहीं उठाना चाहिए था? क्या एक महिला की आवाज़ इतनी कमजोर है कि प्रशासन के सामने भी अनसुनी रह जाए? फिलहाल रेशमा गुजरात लौटने की तैयारी में है और उसने अपने पति व उसके परिवार के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने का ऐलान कर दिया है। वहीं पुलिस ने मामला न्यायालय के विवेक पर छोड़ दिया है। लेकिन इस घटना ने सामाजिक और कानूनी स्तर पर कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं, जिनका जवाब सिस्टम को देना होगा।

# अटल आवासीय विद्यालय में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक

## ●मण्डलायुक्त ने व्यवस्थाओं को बेहतर करने के दिये निर्देश

## जिलाधिकारी ने विद्यालय का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएंए बच्चों का शैक्षिक स्तर परखा

## बच्चों के लिए खेल मैदान हेतु विद्यालय के पास 10 एकड़ भूमि को किया चिन्हित

## कैम्प लगाकर एलोपैथ, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सकों से बच्चों का ओवरऑल चेकअप कराने के दिये निर्देश

## विद्यालय के मेस में टीनशैड निर्माण के साथ-साथ गैस सिलेण्डर हेतु भूमिगत सिलेण्डर स्टोरेज बनाने के दिये निर्देश

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**ललितपुर।** झांसी मण्डल आयुक्त विमल कुमार दुबे ने जिलाधिकारी सत्य प्रकाश सहित अन्य अधिकारियों के साथ अटल आवासीय विद्यालय में मण्डल स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक की, जिसमें मण्डलायुक्त ने वर्चुअल प्रतिभाग किया। विद्यालय प्रबंधन को लेकर विभिन्न विषयों पर चर्चा कर डीएम ने विद्यालय का निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लेकर डीएम ने छात्र-छात्राओं के साथ भोजन ग्रहण किया। मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि अटल आवासीय विद्यालय की स्थापना गरीब तबके के बच्चों के लिए की गई हैए इसके लिए बेहतर से बेहतर व्यवस्था की जाए बच्चों के लिए विद्यालय में अच्छा परिवार अच्छा खाना अच्छा स्वास्थ्य, अच्छी शिक्षाएं अच्छा खेल सहित सभी व्यवस्थाएं उच्च स्तर की होनी चाहिए। इसके लिए बच्चों को पर्याप्त खेलने का समय दिया जाए शाम को खेलने का समय बढ़ाया जाए, ताकि वे शारीरिक रूप से भी मजबूत हो सकें। शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय को प्रत्येक परीक्षा के उपरान्त समस्त विद्यार्थियों का अंको के आधार पर क्लासिफिकेशन कर सेक्शन वाइज शैक्षणिक प्रगति रिपोर्ट बनाकर जिलाधिकारी और उन्हें अवगत कराने के निर्देश दिये। सुरक्षा के दृष्टिगत मण्डलायुक्त ने विद्यालय में संचालित मेस में टीनशैड निर्माण के साथ-साथ में गैस सिलेण्डर हेतु भूमिगत सिलेण्डर स्टोरेज/सिलेण्डर बैंक का निर्माण कराने हेतु निर्देश दिये। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा में मण्डलायुक्त ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये मुख्य चिकित्साधिकारी को विद्यालय में कैम्प लगाकर एलोपैथी चिकित्सक के साथ आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सकों से ओवरऑल चेकअप कराने, डाइटिशियन उपलब्ध कराने, डाइट चार्ट बनाने, हर बच्चे का मेडिकल कार्ड बनाने के निर्देश दिये। डीएम ने खेल मैदान की स्थापना के लिए विद्यालय के समीप 10 एकड़ भूमि का निरीक्षण कर चिन्हित कर निर्देश दिये कि जिला प्रशासन उक्त भूमि पर विद्यार्थियों के लिये खेल मैदान बनाकर तैयार करेगा, जिससे पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों का शारीरिक विकास भी हो सके। उन्होंने विद्यालय में संचालित कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन को देखा और बच्चों से प्रश्न भी पूछे। उन्होंने बच्चों से विद्यालय की व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया और उनके साथ भोजन ग्रहण किया। इस दौरान सीडीओ, एडीएम, संयुक्त शिक्षा निदेशक झांसी, सीएमओ, उप श्रम आयुक्त झांसी, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण खण्ड द्वितीय, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड भवन लो.नि.वि. झांसी, सहायक अभियन्ता, निर्माण खण्ड भवन, लो.नि.वि. झांसी, श्रम प्रवर्तन अधिकारी, प्रधानाचार्य अटल आवासीय विद्यालय सहित ग्राम प्रधान व समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## कच्ची दीवार गिरने से एक की मौत चार घायल




**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** नीमगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरा गांव में बीती रात आग ताप रहे पांच लोगों पर कच्ची दीवार गिरने से एक युवक की मौत हो गई चार लोग घायल हो गए। नीमगांव थाना क्षेत्र के पिपरा गांव में बीती रात बंसी लाल के घर के बाहर आग ताप रहे पांच लोगों पर अचानक कच्ची दीवाल गिर गई, जिससे पांचो गंभीर घायल हो गए गंभीर घायल अवस्था में पांचो को जिला अस्पताल ले जाया गया जहां पर बंसीलाल उम्र 77 वर्ष की मृत्यु हो गई अन्य चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें मृतक बंसीलाल उम्र करीब 77 वर्ष व घायल1विजय कुमार 2सुरजीत कुमार 3 निगम कुमार4 सुनील देवी ग्राम पिपरी थाना नीमगांव निवासी हैं।वही वंशी लाल का पोस्टमार्टम होने के बाद शव का गांव मे अन्तिम संस्कार कर दिया गया है।जबकि घायलो को प्राथमिक उपचार के पश्चात छुट्टी दे दी गई।

## बाइक से ससुराल जा रहे युवक ने खड़ी ट्रक में मारी टक्कर,इलाज के दौरान एक की मौत



**सिंगाही खीरी।** निघासन-सिंगाही पनवारी मार्ग पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की इलाज की दौरान मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक सोमवार को शानदार पुत्र जहांदार उम्र 25 वर्ष अपने मित्र इकरार पुत्र मुस्ताक उम्र 30 वर्ष मुंडा बुजर्ग कोतवाली निघासन से बाइक से अपने ससुराल सिंगाही जाने के लिए निकला था। रात करीब दस बजे सिंगाही-निघासन पनवारी मार्ग पर बने धारीवाल क्रेशर के पास खड़ी गन्ने की ट्रक में उक्त बाइक सवार युवक बाइक पर नियंत्रण नहीं रख सका और पीछे से ट्रक में ठोकर मार दी। ट्रक में टकराने से दोनों युवक काफी चोटिल हो गए और वह खून से लथपथ होकर सड़क पर नीचे गिर गये। वहां मौजूद लोग बाइक दुर्घटना के बारे में सुनकर दौड़ पड़े। सूचना मिलते ही सिंगाही थाना के एसआई आसतोष कुमार सिंह मय फोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्वजन से संपर्क कर सूचना दी तथा घायलों को निघासन सी एच सी पहुंचाया जहाँ डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर घायलों की स्थित ठीक न देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहां पर इकरार पुत्र मुस्ताक की इलाज के दौरान मंगलवार को मौत हो गयी। जिसे जिला पोस्टमार्टम हाउस भिजवा दिया गया।

## एसडीएम के आदेश के बाद भी पुलिस ने उड़ाई जमकर धज्जियां

### मेले में लगे प्रतिबंध गगनचुंबी झूले व मौत का कुआं

**सिंगाही खीरी।** इलाके में मेला भारतीय संस्कृति का अंग है। जिले में क?ई जगह मेले के आयोजन होते चले आए हैं। मेले में शान्ति व्यवस्था बनाने और कोई अनहोनी न हो इसके लिए निघासन उपजिलाधिकारी ने मेले में तमाम आकर्षक खेल तमाशे पर बैन लगाकर निघासन पुलिस क्षेत्राधिकारी को एक पत्र भेज कर मेलों में लगे इंतजामो पर बैन लगाकर तमाम आकर्षक खेल तमाशा को बंद करने के आदेश दिए थे । निघासन इलाके इस गांजर क्षेत्र में सिंगाही, तिकुनिया, निघासन, झोलहू, बम्हनपुर में श्रीराम लीला मेले का मंचन व रात्रि में संस्कृतिक कार्यक्रमों में की संख्या में रामलीला के मंच पर बार बालाओ का फील्मी गानों पर रिकॉर्डिंग डांस होता चला आ रहा है। और मेले में बिना फिटनेस के गगन चुंबी झूले मौत का कुआं अन्य तमाम खेल तमाशा लगवाकर मेला समुचियां नोट बटोरती चली आ रही है। और मेले में इन कार्यक्रमों में ज्यादा भीड भाड मेले का माहौल खराब न हो और कोई आकस्मिक दुर्घटना न घटे इसके लिए निघासन एसडीएम राजीव निघासन पुलिस क्षेत्राधिकार कार्यालय को मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक पत्र जारी किया था। कि मेले में कोई भी प्रतिबंध सामने नहीं लगे गा। लेकिन निघासन सिंगाही मेले में एसडीएम के आदेश की निघासन क्षेत्र की पुलिस खुलकर धज्जियां उड़ाई गई और सारे प्रतिबंधित सामान मेले में लगाए खूब धन उगाही की गयी। क्षेत्र में प्रदेश की योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को मजाक बना दिया है।

# बरेली के मोहनपुर में कूड़ा फेंकने को लेकर हुए विवाद में पुलिस पर भी फायरिंग, 22 लोगों पर प्राथमिकी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** कैंट के मोहनपुर में कूड़ा फेंकने को हुए बवाल में पुलिस पर भी हमला किया गया था। मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया लेकिन उन्होंने उल्टा पुलिस पर ही हमला बोल दिया। भीड़ में से किसी ने पुलिस पर ही फायर झोंक दिया। मारपीट में बीच बचाव करने में कैंट पुलिस के दो कांस्टेबलों को चोट लगी है। इस मामले में पुलिस ने अपनी ओर से 12 लोगों को नामजद करते हुए 10 अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है। पुलिस के मुताबिक, मोहनपुर वार्ड नंबर एक निवासी सरताज हुसैन के परिवार की महिला सोमवार सुबह एक खाली पड़े स्थान पर कूड़ा डालने गई थीं। वहां पर गांव के अन्य लोग भी पहले से कूड़ा डाल रहे थे। उसी स्थान पर गांव के ही सलाउद्दीन की भैंस बंधती है। सरताज पक्ष का आरोप है कि जब महिला ने कूड़ा डाला तो सलाउद्दीन के परिवार के लोगों ने विरोध कर दिया और गाली-गलौच शुरू कर दी। कहा कि वहां पर कूड़ा नहीं पड़ेगा। इसके बाद महिला ने घर आकर यह पूरी बात बताई। जब महिला के परिवार वाले बाहर निकलकर आए तो सलाउद्दीन के परिवार के लोग भी बाहर निकलकर आ गए। दोनों पक्षों से करीब 30-40 लोग आए और दोनों में झगड़ा होने लगा और कुछ देर में लाठी-डंडे और सरिया निकल आई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला बोल दिया। मारपीट के बीच ही पथराव भी शुरू हो गया। इनमें सरताज पक्ष से सरताज, महराज, सद्दाम, वसीम, रियाज और नईम को चोट लगी। जबकि, सलाउद्दीन पक्ष से सलाउद्दीन, रईस खां, मोईन खां, कमरूद्दीन, हनीफ और जलाउद्दीन घायल हुए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया तो आरोपितों ने पुलिस पर ही हमला बोल दिया। दारोगा रोहित तोमर का आरोप है कि भीड़ में से किसी ने पुलिस पर फायरिंग भी की थी। इसी भगदड़ और बीच बचाव में पुलिस के दो कांस्टेबल



रियाज व अजय को भी चोट लगी। इसके बाद रोहित के शिकायती पत्र पर पुलिस ने 12 लोगों को नामजद करते हुए 22 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है। प्राथमिकी में सलाउद्दीन, रईस खां, मोईन खां, कमरूद्दीन, हनीफ खां, जलालउद्दीन, सरताज, महाराज हुसैन, सद्दाम हुसैन, वसीम, रियाज और नईम को नामजद किया है।

## लकड़ी के चूल्हे पर बन रहा परिषदीय स्कूलों में मिड-डे-मील

### ● अध्यापक भी समय से नही आ रहे विद्यालय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिंगाही–खीरी।** परिषदीय स्कूलों में मिड-डे-मील बनाने के लिए रसोई गैस सिलिंडर उपलब्ध कराए गए हैं। विद्यालयों में मध्याह्न भोजन बनाने के लिए चूल्हा एवं गैस सिलेंडर उपलब्ध कराने के बावजूद निघासन ब्लाक में कई ऐसे विद्यालय हैं जहां लकड़ी के चूल्हे पर ही मध्याह्न भोजन बनाया जा रहा है। निघासन ब्लाक के सिन्होना पंचायत के प्राथमिक विद्यालय सिन्होना में मंगलवार को लकड़ी के चूल्हे पर मध्याह्न भोजन बनाया जा रहा था और अध्यापक भी अनुपस्थिति दिखे। खाना बनाने के दौरान कक्षाओं में धुआं भरने से बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। धुएं से उनकी आंख भी जल रही है। विभागीय अफसरों का दावा है कि नियमित रूप से विद्यालयों में सिलिंडर भरवाए जा रहे हैं, बावजूद लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाना व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है। निघासन ब्लॉक के सिन्होना पंचायत में मंगलवार को



पड़ताल में प्राथमिक विद्यालय सिन्होना में सुबह 10 बजे केवल एक अध्यापिका उपस्थित थी जिनके द्वारा जानकारी मिली कि दो अध्यापक अवकाश पर हैं बाकी दो लोग अभी आये नहीं और बच्चों का भोजन ईंटों से बने चूल्हों पर लकड़ी से बन रहा था। परिषदीय विद्यालयों में लकड़ी से बन रहे मिड डे मील को लेकर ब्लाक शिक्षा अधिकारी धर्मेश कुमार से जब बात हुई तो वो विद्यालय का बचाव करते हुए दिखे साथ ही बताया की रसोइया रोटी बनाने के लिए चूल्हे का यूज करती है जबकि मौजूदा स्थित ईंट के बने चूल्हे में लगी लकड़ी जल रही थी जिसपर भगोना रखा हुआ था और चावल धुले जा रहे थे।

## क्षेत्राधिकार ने किया थाने का वार्षिक निरीक्षण मिला सब ठीक



**बरेली**/क्यों लड़ियां थाने का वार्षिक निरीक्षण करने क्षेत्र अधिकारी नवाबगंज निलेश मिश्रा पहुंचे यहां पहुंचने पर उन्होंने सर्वप्रथम सलामी परेड में भाग लिया इसके बाद उन्होंने विधिवत थाने का निरीक्षण किया इसमें अभिलेखों का निरीक्षण करने के बाद कैश बुक माल खाने सस्त्रों का निरीक्षण विधिवत तरीके से किया गया अंत में जन शिकायतों का भी निरीक्षण किया गया परंतु सब कुछ ठीक मिलने पर क्षेत्राधिकार ने बधाई दी और कहा जन शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य किया जाए ताकि फरियादियों को उच्च अधिकारियों तक भगाना ना पड़े।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एस.आई.आर. को लेकर हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट:** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) कार्य के तहत अपर जिलाधिकारी व उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश चन्द्र निगम ने मंगलवार को राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। जिसमें एडीएम ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को पार्टी द्वारा तैनात किए जाने वाले बीएलए की सूची को जल्द से जल्द उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में एडीएम ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता एक जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एस.आई.आर.) के घोषित कार्यक्रम के अनुसार बीती चार नवंबर से आगामी बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाताओं को गणना प्रपत्रों का वितरण एवं संग्रहण का कार्य किया जा रहा है, जो आगामी चार दिसम्बर तक चलेगा। बताया कि बीएलओ द्वारा घर-घर वितरित किए जाने वाले गणना प्रपत्र को एकत्र कर



डिजिटलाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। बताया कि इसमें नये मतदाताओं को सम्मलित करने के लिए फार्म 6 एवं सुधार व स्थानांतरण के लिए फार्म-8 बीएलओ के पास उपलब्ध है। इसके अलावा वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। बताया कि इस कार्य में बीएलओ की सहायता के लिए जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से बूथ लेवल एजेन्ट की नियुक्ति कर सूची उपलब्ध कराने के लिए कहा गया था। जिस पर भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी एवं भारतीय राष्ट्रीय कौंग्रेस द्वारा जनपद के सभी विधानसभाओं के सभी मतदेय स्थलों में बीएलओ की सहायता के लिए बीएलए की नियुक्ति कर दी गई है, जिसकी सूची निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों एवं बीएलओ के पास उपलब्ध है। कहा कि अन्य शेष राजनैतिक दल भी जल्द से जल्द बीएलए की नियुक्ति करते हुए सूची उपलब्ध करा दें। इस दौरान प्रस्तावित मतदेय स्थल पर भी राजनैतिक दलों से विचार विमर्श किया गया। जिस पर राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों द्वारा सहमति प्रदान की गयी। इस मौके मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर, उपजिलाधिकारी पूजा साहू, कौंग्रेस जिलाध्यक्ष कुशल सिंह पटेल, बसपा जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा, भाजपा नेता रवि त्रिपाठी, अपना दल नेता जब्बर सिंह पटेल, सपा नेता लवलेश यादव आदि मौजूद रहे।

## गणना प्रपत्र जमा करने वाले बीएलओ से अवश्य प्राप्त करें रसीद- अनिल प्रधान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट:** समाजवादी पार्टी द्वारा मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट का विधानसभा स्तरीय बीएलए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रतिभाग करने वाले पार्टी पदाधिकारियों, नेताओं और कार्यकर्ताओं को एस.आई.आर. के कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र यादव ने बीएलए से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया। जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में लोकतांत्रिक मूल्यों को लगातार दबाया जा रहा है और शासन मनमाने तरीके से चलाया जा रहा है। कहा कि भाजपा सरकार में किसान, व्यापारी, नौजवान सहित समाज का प्रत्येक वर्ग परेशान है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं से बेपरवाह है। डॉ निर्भय सिंह पटेल ने एसआईआर से जुड़ी आवश्यक जानकारियाँ साझा करते हुए कहा कि यह अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है और सभी कार्यकर्ताओं को गांव-गांव जाकर बीएलओ के सहयोग से प्रत्येक मतदाता का गणना फार्म भरवाना होगा। पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने कहा कि एसआईआर में सामूहिक प्रयास से ही सफलता मिलेगी। इसके लिए सभी बीएलए अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाएं। पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं को एसआईआर फार्म भरवाने के अभियान में सक्रिय रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश प्रजापति ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे बीएलए के रूप में अपनी जिम्मेदारी समझते हुए घर-घर जाकर गणना फार्म भरवाने और उसे समय पर जमा कराने में पूरी तत्परता दिखाएँ। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता एस.आई.आर. के कार्य में पूर्ण योगदान करते हुए 30 नवम्बर 2025 तक बीएलओ के साथ मिलकर घर-घर जाकर गणना फार्म भरवाकर उसकी रसीद प्राप्त करें। कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एकजुट होकर भाजपा सरकार को हटाने और राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में



नई सरकार बनाने का कार्य करें। कार्यक्रम का संचालन विक्की यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर सत्यनारायण पटेल, गुलाब खां, जर्नादन पटेल, अरशद खान, रोहित यादव, निजाम सिद्दकी, सूरज पटेल, कैलाश बौद्ध, हरिमोहन यादव, सीताराम कश्यप, अमर पटेल, रमा यादव, रमेशचन्द्र कुशवाहा, कल्लू पाल, अजय यादव, अनिल शर्मा, संतराम पटेल, लवलेश यादव, फूलचन्द्र प्रधान, रामनरेश अग्रहरि, जैनुल आब्दीन, पप्पू कुशवाहा, शारदा विश्वकर्मा, राजकुमार यादव, समीर विश्वकर्मा, महेन्द्र यादव, विजय पटेल, राजेश पटेल, मंगल यादव, सुरेन्द्र यादव, अभिनव गुप्ता, विजय पटेल, अनिल आजाद, दीवान्शु पटेल आदि मौजूद रहे।

## एक दर्जन से अधिक संचालित गान्ना कोल्हुओं पर एसडीएम ने की बड़ी कार्रवाई



### क्षेत्र के गन्ना क्रेशरो को भी दी गई नोटिस।

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला तहसील के अंतर्गत कस्बा सिकंदराबाद व जलालपुर में वर्षो से मानको को दर किनार कर दो दर्जन से अधिक संचालित हो रहे गन्ना कोल्हुओ पर गोला एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने मौके पर पहुँच कर अनियमितताओं के आधार पर की गई वडी कार्रवाई। गोला तहसील के अंतर्गत दर्जनों अवैध रूप से संचालित गन्ना कोल्हुओ पर आज कार्रवाई हुई इसमें कस्बा सिकंदराबाद व जलालपुर के करीब दो दर्जन से अधिक कोल्हुओ पर कोल्हू सचालकों को अनियमितताओं के आधार पर नोटिस दी गई। साथ ही क्षेत्र मे चल रहे क्रेशरो को भी नोटिस थमाया गया है। वही गोला उप जिलाअधिकारी प्रतिक्षा त्रिपाठी ने बताया कि बराबर कई महीनो से अवैध संचालित व मानको को दर किनार कर संचालित हो रहे गन्ना कोल्हुओ की सिकायत तहसील प्रशासन को मिल रही थी जिसके चलते कार्यवाही की गई है।

## अवस्थाओं का शिकार बना ग्राम पंचायत सचिवालय प्रहलादपुर पंचायत सहायक ने खोली पोल






स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत प्रहलादपुर के पंचायत सहायक बलराम सिंह ने खंड विकास अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में किया खुलासा लगाए आरोप पंचायत सहायक ने बताया पंचायत घर में कंप्यूटर उपलब्ध नहीं है यहां पर काम कैसे किया जाए इतना ही नहीं इंटरनेट सुविधा भी उपलब्ध नहीं है इसके साथ सहज आईडी दो वर्ष से रेन्युवल नहीं हुई है ओएसआर खाते में धनराशि भी नहीं है जिससे रेन्युवल कराया जा सके। फिंगर स्कैनर डिवाइस भी उपलब्ध नहीं है स्टेशनरी का सामान भी पंचायत घर पर उपलब्ध नहीं है काम कैसे किया जाए साथ ही पंचायत सहायक को 5 महीने से मानदेय नहीं दिया गया पंचायत घर में बैठने वाले एवं आने जाने वालों के लिए पानी की भी सुविधा नहीं है पंचायत घर के कुछ कमरों में विद्युतीकरण भी नहीं किया गया साथ ही पंचायत घर पर आने वाले जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के आवेदकों को सुविधा देने के लिए आई डी उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण किसी का भी कार्य नहीं किया जा पा रहा है पंचायत सहायक ने बताया वह अपने निजी कंप्यूटर से कुछ कार्य पूर्ण कर रहा है उसने खंड विकास अधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में मांग की गई है की निम्न बिंदुओं पर सुविधा पंचायत घर में उपलब्ध कराई जाए ताकि आने वाले लोगों को उनकी सुविधाओं का लाभ दिया जा सके। इस मामले में खंड विकास अधिकारी भदपुरा राम शंकर सिंह पटेल ने बताया यह मामला उनकी जानकारी में नहीं है इसकी जांच करवा कर कार्यवाही की जाएगी इसी क्रम में ग्राम प्रधान अनीस अहमद से संपर्क करना चाहा तो उनका फोन बंद पाया गया ग्राम पंचायत सचिव से भी संपर्क करना चाहा परंतु संपर्क नहीं हो सका पंचायत घरों में कंप्यूटर ना होने के मामले अधिकांश ग्राम पंचायत के हैं परंतु शिकायत न होने के कारण मामला दबा हुआ चल रहा है ।

यहां के पंचायत सहायक बलराम सिंह ने साहस करते हुए यह शिकायत खंड विकास अधिकारी को देखकर निम्न बिंदुओं पर शीघ्र कार्यवाही की मांग की है देखना यह है कि अब कार्यवाही में क्या होता है इतना ही नहीं पंचायत घर में दरारें पडने की भी शिकायत प्राप्त हो रही है।

## डीएम ने चार परिषदीय विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण, मचा हड़कंप

### ● मुड़ियाखेड़ा : किताबें स्टोर में बंद, शौचालय गंदे... ष्ठरूका सख्त एक्शन, प्रधान को 95-जी का नोटिस, प्रधानाध्यापक से जवाब तलब

### दो स्कूलों की उपस्थिति में मिला अंतर, मिड डे मील में दोहरी कटौती के निर्देश

### डीएम ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण, बच्चों की रीडिंग स्किल पर दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** मंगलवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने विकास क्षेत्र लखीमपुर के यूपीएस व पीएस मुड़ियाखेड़ा, यूपीएस बाजपेई और चंदपुरा का औचक निरीक्षण कर पठन-पाठन की गुणवत्ता, साफ-सफाई, छात्र-छात्राओं, शिक्षकों की उपस्थिति व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान डीपीआरओ विशाल सिंह, बीएसए प्रवीण कुमार तिवारी व डीपीओ भारत प्रसाद भी शामिल रहे।

**मुड़ियाखेड़ा: किताबें स्टोर में बंद, शौचालय गंदे... DM का सख्त एक्शन**

यूपीएस मुड़ियाखेड़ा में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्टोर में भरी पड़ी किताबें देखीं। गिनती कराई तो पता चला कि पुस्तकों का शत-प्रतिशत वितरण नहीं हुआ। डीएम ने इसे गंभीर लापरवाही बताते हुए विद्यालय के समस्त शिक्षकों का स्पष्टीकरण तलब किया। शौचालय में गंदगी, टूटी टाइलें और रनिंग वाटर सप्लाई नदारद मिली। इन सब पर भी उन्होंने नाराजगी जताई। मिड-डे-मील गुणवत्ता में गड़बड़ी मिलने पर प्रधान को 95-जी का नोटिस और प्रधानाध्यापक से जवाब तलब किया। पीएस मुड़ियाखेड़ा में भी शौचालय में पानी न मिलने पर डीएम खासा नाराज़ दिखीं। बच्चों से पुस्तक पढ़वाकर रीडिंग स्किल टेस्ट भी लिया।

**यूपीएस बाजपेई : उपस्थिति में 12 बच्चों का अंतर, दोहरी कटौती के निर्देश**

यूपीएस बाजपेई पहुंची डीएम ने बच्चों की फिजिकल काउंटिंग कराई तो उपस्थिति पंजिका से 12 बच्चों का अंतर मिला। संतोषजनक जवाब न मिलने पर डीएम ने फटकार लगाई और इन 12 बच्चों के मध्याह्न भोजन की कास्ट की दोगुनी कटौती के निर्देश



दिए। कक्षा 7 में बैठी एक बालिका की रीडिंग स्किल चेक की। साथ ही स्मार्ट बोर्ड को ऑन कराकर उसकी कार्यप्रणाली भी परखी और शिक्षिका से संचालित कराकर देखा।

**चंदपुरा : पढ़ाई का स्तर परखा, 5 बच्चों की संख्या का अंतर मिला**

चंदपुरा पहुंचकर डीएम ने बच्चों की किताब लेकर खुद सवाल पूछे और उनकी शैक्षिक गुणवत्ता का परीक्षण किया। बच्चों की गिनती में 5 ज्यादा संख्या दर्ज मिली। इस पर डीएम ने गहन पूछताछ की और निर्देश दिया कि शिक्षक गांव में अभिभावकों से संपर्क कर वास्तविक उपस्थिति सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में पाई गई अनियमितताओं पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने स्पष्ट कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों की सुविधाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## बरेली में खुले वाहनों से ढो रहे कचरा, सड़क पर गंदगी संग हवा को कर रहे प्रदूषित



**बरेली।** शहर में नगर निगम स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही हावी है। मुहल्लों-गलियों से एकत्र किए कूड़े को डंपिंग ग्राउंड ले जाते समय खुले वाहनों का प्रयोग किया जा रहा है। इससे शहर भर की सड़कों पर कूड़े बिखर रहे हैं और हवा भी प्रदूषित हो रही है। मंगलवार सुबह निगम के एक वाहन में भरे कूड़े के रास्ते भर गिरने की घटना सामने आने के बाद नगर आयुक्त ने उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि इससे पहले भी नगर निगम के वाहनों द्वारा कचरा उठाने के बाद खुले वाहन से ही डंपिंग ग्राउंड तक ले जाने की शिकायत पर नगर आयुक्त ने तिरपाल और अन्य सुरक्षात्मक उपाय कर ही कूड़े वाहन को ले जाने के निर्देश दिए थे। मगर इसके बाद भी सफ़ाई कर्मचारियों की मनमानी थम नहीं रही है।

## 151 कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ को लेकर बनाई गई रूप रेखा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट:** गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी समारोह के अवसर पर गायत्री शक्तिपीठ द्वारा आयोजित 151 कुण्डीय विराट गायत्री महायज्ञ की भव्य कलश व शोभायात्रा को लेकर मंगलवार को कलश यात्रा समिति के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि कलश यात्रा को कुल 25 भागों में विभक्त किया जाएगा। प्रत्येक भाग के लिए एक-एक नायक के साथ सौ-सौ लोगों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि संपूर्ण यात्रा अनुशासित व भव्य तरीके से संपन्न हो सके। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कलश यात्रा नगर के मुख्य मार्ग सतना बस स्टैंड, रघुबीर मंदिर, द्वितीय मुखार बिंद, प्रथम द्वार के सामने से होते हुए गायत्री मंदिर स्थित अक्षयवट यज्ञ स्थल तक पहुंचेगी। शोभायात्रा में कुल 25 टुकड़ियाँ और 25 आकर्षक झाँकियाँ शामिल होंगी। गायत्री शक्तिपीठ के संचालक डॉ रामनारायण त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम दिवस हजारों की संख्या में माताओं व बहनों सहित अन्य



श्रद्धालु यात्रा में सहभागी होंगे। बताया कि कलश यात्रा दोपहर 11 बजे प्रारंभ होगी और यज्ञ स्थल पहुँचने के बाद यज्ञ कलश की आरती की जाएगी। इसके बाद गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार से आने वाले संत-महात्मा कथा, सत्संग और प्रवचन देंगे। बैठक में कामतानाथ प्रमुख द्वार के अधिकारी डॉ. मदन गोपाल दास, रंजना उपाध्याय, कमलाकांत उपाध्याय, गोपाल किशन शुक्ल, डॉ. रजनीश सिंह, डॉ. गोपाल मिश्र, डॉ. प्रमिला मिश्र, भावनी दीन यादव, प्रमोद पटेल, रामराज सिंह, प्रमोद मारावी, संजुला पाण्डेय, विमला सिंह, सुधा तिवारी, पुष्पा शर्मा, सविता तिवारी, गायत्री यादव, नीलम श्रीवास्तव, सोनिका सोनी, मोहित मिश्रा, सुधीर द्विवेदी, अनूप तिवारी, कमलेश त्रिपाठी, दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## सड़क निर्माण में चौथ वसूली के लिए मजदूरों को पीटने के मामले में दस्यु गोप्पा को सजा

### ● विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने सुनाया निर्णय

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**चित्रकूट:** सड़क निर्माण कार्य में रंगदारी वसूलने को लेकर मजदूरों के साथ मारपीट करने के मामले में जेल में बंद दस्यु गोप्पा और उसके साथी खरदूषण को न्यायालय ने सात-सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 4,500-4,500 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सनत कुमार मिश्रा ने बताया कि फतेहपुर निवासी कमलेश कुमार साहू ने बीती 21 अक्टूबर 2016 को मानिकपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वादी के अनुसार कर्वी के शोभा सिंह के पुरवा निवासी कैलाश ठेकेदार द्वारा राजापुर सम्पर्क मार्ग से कौबरा तक सड़क निर्माण का कार्य कराया जा रहा था। जिसमें वह अपने साथ भुलिया, रमेश, अशोक कोल, सुरेश, प्रभु, भैरम प्रसाद व केशल कोल आदि मजदूरों को लेकर काम करवाता था। वह सभी लोग 20 अक्टूबर 2016 की रात काम करने के बाद कबरा इण्टर कॉलिज हनुवा में रात्रि में सो रहे थे। इस दौरान दस्यु गोप्पा यादव अपने साथी खरदूषण और कई बदमाशों के साथ बन्दूकें लेकर वहां पहुंचा और मजदूरों को जगाकर कहा कि उसका कमीशन अब तक नहीं मिला है। इसके बावजूद सड़क निर्माण कैसे किया जा रहा है। इस पर मजदूरों ने बताया कि वह लोग ठेकेदार के कहने पर काम करने चले आए थे। इस पर बदमाशों ने सभी को गाली-गलौज करते हुए बन्दूकों की बटों से पीटा और धमकाया कि काम छोड़कर यहां से सभी लोग भाग जाएं नहीं तो वह जान से मार देंगे। इस घटना से पूर्व दस्यु गोप्पा ने फोन करके ठेकेदार के मुनीम अरुण से भी रंगदारी मांगी थी, किंतु पैसा न मिलने से बदमाश नाराज थे। घटना के बाद मौके से सभी भाग निकले और थाने में सूचना दी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। घटना के कुछ दिन बाद इनामी डकैत गोप्पा यादव एक पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया गया था। दस्यु गोप्पा इस समय फतेहपुर कारागार में बंद है। इस मामले में बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश राममणि पाठक ने मंगलवार को निर्णय सुनाया। जिसमें पहाड़ी थाना क्षेत्र के हर्रा गांव के निवासी दस्यु गोप्पा यादव उर्फरामगोपाल उर्फ भोले यादव और मऊ थाना क्षेत्र के नेउरा गांव के निवासी खरदूषण उर्फ भइयन यादव को सात-सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही दोनों को 4,500-4,500 रुपये के अर्थदण्ड से भी दण्डित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### महिला सुरक्षा व सशक्तिकरण हेतु मिशन शक्ति 5.0 अभियान के अंतर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा चलाया जा रहा जागरूकता अभियान



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अभिमन्यु मांगलिक पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के निर्देशन में एवं शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक जनपद भदोही के पर्यवेक्षण में जनपद भदोही के समस्त थानों पर गठित मिशन शक्ति टीम व एण्टी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक रूप से जनजागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।इस अभियान के अंतर्गत महिला पुलिस कर्मियों व मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित प्रमुख बाजारों, कस्बों, स्कूलों/कॉलेजों, चौराहों, धार्मिक स्थलों तथा अन्य भीड़-भाड़ वाले महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थलों पर पहुँचकर महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके सुरक्षा अधिकारों, सशक्तिकरण योजनाओं एवं सहायता संसाधनों के प्रति जागरूक किया गया।

### राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस पर पचास लोगों का हुआ नि:शुल्क कास्य थाली फुट मसाज




**चुनार मिर्जापुर।** राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर मंगलवार को श्री गणेश प्रकृति योग हेल्थ केयर सेंटर टेकउर में कुल पचास लोगों का नि:शुल्क कास्य थाली फुट मसाज किया गया। इस अवसर पर कांस्य थाली फुट मसाज के विषय में जानकारी देते हुए डॉ चक्रधारी यादव ने बताया कि इस मसाज क्रिया से पैरों और एड़ियों के दर्द से राहत,शरीर की गर्मी और थकान कम होना,तनाव व चिंता से राहत मिलती है। साथ ही आंतरिक अंगों को डिटॉक्स करने,पाचन में सुधार करने और अनिद्रा की शिकायत को दूर करने में सहायक है।

### मंडलीय चिकित्सालय से 10 स्टाफ नर्सो को भेजा गया मूल विभाग

**मिर्जापुर।** मंडलीय चिकित्सालय प्रशासन द्वारा मंगलवार को 10 स्टाफ नर्सो को बिना पूर्व में नोटिस दिये उनको उनके मूल विभाग मुख्य चिकित्सालय कार्यालय भेजने का का आदेश पत्रांक सं0 2714 दिनांक 07 नवंबर 2025 को थमा दिया गया है। आश्चर्य की बात यह कि उनकी नियुक्ति मिशन निदेशक लखनउ के माध्यम से किया गया था। इनके नियुक्ति आदेश में यह लिखा हुआ है कि ये प्रोगाम के खत्म होने तक मंडलीय चिकित्सालय में कार्यरत रहेगी। वेतन देने के लिए सीएमओ को जिम्मेदारी दी गई थी। इस आदेश के पाते ही स्टाफ नर्सो में आक्रोश है वे जिलाधिकारी से मिलकर इस आदेश के विषय में अवगत करायेगी। मेडिकल कालेज के जिम्मेदारी अधिकारी द्वारा बताया गया कि उनको स्टाफ नर्सो की जरूरत अब खत्म हो चुकी वे बाकी के 15 स्टाफ नर्सो को भी जल्द वापस कर देगे। जबकि नये स्टाफ नर्सो की नियुक्ति की कोई आवश्यकता नही है इन्ही को प्रोन्नत करने की आवश्यकता थी तब ऐसी क्या परिस्थिति आयी है कि स्टाफ नर्सो को हटाकर नये स्टाफ नर्सो को जगह दी जा रही है।

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने लगाई सेतु निगम के अधिकारियों को फटकार एक माह में आमघाट ओवरब्रिज के निर्माण कार्य पूर्ण करने का दिया निर्देश

**मीरजापुर।** केंद्रीय राज्य मंत्री स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं रसायन उर्वरक भारत सरकार अनुप्रिया पटेल ने मझवा विधानसभा क्षेत्र के आमघाट स्थित रेलवे ओवर ब्रिज का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री ने निर्माण की धीमी प्रगति पर विभागीय अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए एक माह में ओवर ब्रिज का शेष कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इस ओवरब्रिज के आवागमन प्रारंभ होते ही आम जनमानस की बड़ी समस्या दूर होगी। उन्होंने कहा कि मीरजापुर से आमघाट होते हुए चुनार वाराणसी के आवागमन में राहत मिल सकेगी।जिला अध्यक्ष युवा मंच उदय पटेल, जिला महासचिव युवा मंच हर्षित सिंह पटेल, गौरव विधानसभा अध्यक्ष युवा मंच गौरव पटेल, जोन अध्यक्ष विकास पटेल, शेर सिंह, विकास मौर्य, राहुल ओझा, गौरव दुबे, जिला मिडिया प्रभारी शंकर सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे।

# डीईओ ने कलेक्टेऊट में स्थापित डिस्ट्रिक्ट कॉन्ट्रैक्ट सेंटर/हेल्पलाइन का किया औचक निरीक्षण

● विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण विषयक जानकारी हेतु समर्पित है डिस्ट्रिक्ट कॉन्ट्रैक्ट सेंटर/हेल्पलाइन

**विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी या शिकायत हेतु टोल फ्री नम्बर 05414-1950 पर करें संपर्क'**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्टेऊट में स्थापित डिस्ट्रिक्ट कॉन्ट्रैक्ट सेंटर/हेल्पलाइन का औचक निरीक्षण किया। हेल्पलाइन डेस्क पर उपस्थित कार्मिको से रजिस्टर पंजिका का अवलोकन कर जानकारी ली कि मतदाताओं द्वारा विशेष प्रगाढ पुनरीक्षण विषयक क्या-क्या सूचना पूछी गयी। डीईओ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद भदोही के समस्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम दिनांक 04 नवम्बर 2025 से 07 फरवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है। इस अवधि में सभी पात्र नागरिकों को अपने नाम जोड़े जाने, संशोधन, विलोपन एवं पता परिवर्तन आदि के लिए अवसर प्रदान किया जा रहा है। इस विशेष अभियान के अंतर्गत पात्र नागरिक ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से अपने आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदाताओं की सुविधा हेतु कलेक्ट्रेट परिसर में जिला निर्वाचन कार्यालय स्थित एक डिस्ट्रिक्ट कॉन्ट्रैक्ट सेंटर/हेल्पलाइन की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित सभी प्रकार की जानकारी, मार्गदर्शन एवं शिकायत निस्तारण हेतु क्रियाशील है। कन्ट्रोल रूम का टोल फ्री नम्बर- 05414-1950 यह नम्बर जनसामान्य की सेवा में तत्काल प्रभाव से क्रियान्वित कर दिया गया है। सभी नागरिकों से अपील की जाती है कि वे इस विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाएं और यह सुनिश्चित करें कि उनका नाम सही विवरण सहित निर्वाचक नामावली में अंकित हो। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम विषयक किसी भी प्रकार की जानकारी या शिकायत हेतु नागरिक टोल फ्री नम्बर 05414-1950 पर संपर्क कर सकते हैं। मौके पर उप जिलाधिकारी कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी संजय श्रीवास्तव, व निर्वाचन कार्यालय के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

### निपुण विद्यालय बनाने की बनी रणनीति शिक्षक संकुल बैठक पूरेमनोहर में संपन्न



**भदोही/सुरियावां** महानिदेशक स्कूल शिक्षा के निर्देशानुसार निर्धारित एजेंडे पर मासिक शिक्षक संकुल बैठक आज पूरे मनोहर न्यायपंचायत के प्राथमिक विद्यालय अभिया पर संपन्न हुई। सीख की विषयवस्तु पर चर्चा करते हुए तेजसिंहपुर के संकुल दिनेश कुमार ने अपनी प्रस्तुति दी।हमारे प्रयास पर चर्चा करते हुए प्राथमिक विद्यालय कैड़ा की सहायक अध्यापक शिवानी सिंह ने अपने अनुभव साझा किए। निपुण विद्यालय की रणनीति पर चर्चा करते हुए संकुल प्रदीप कुमार ने अपने विचार व्यक्त किए। टी ऐल एम निर्माण पर और छात्र उपस्थिति पर प्राथमिक विद्यालय कैड़ा की सराहना की गई।बैठक का संचालन नोडल संकुल नंदराज और अवलेश पटेल द्वारा किया गया बैठक में प्रमुख रूप से ए आर पी देवेंद्र कुमार मिश्र, मनोज प्रभाकर सिंह, ग्राम प्रधान अनिल कुमार सिंह दीपक कुमार सिंह सहित न्याय पंचायत केसभी प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक, शिक्षामित्र उपस्थित रहे।

## यातायात/भदोही द्वारा संदेशात्मक यातायात जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया

● हेलमेट लगाओ जीवन बचाओ, सीट बेल्ट बांधों सुरक्षित पहुंचो यातायात जागरूकता माह



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही** यातायात जागरूकता माह (जिसे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह भी कहा जाता है) का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान हर साल नवंबर महीने में चलाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना, यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करना और सुरक्षित सड़क परिवहन को बढ़ावा देना है। अभिमन्यु मांगलिकपुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में व शुभम अग्रवालअपर पुलिस अधीक्षक भदोही के पर्यवेक्षण में आज दिनांक 18.11.2025 को राजीव कुमार सिंहक्षेत्राधिकारी भदोही/यातायात द्वारा यातायात प्रभारी अनिल कुमार के साथ श्रीराम जानकी पं0 शोभनाथ मिश्र इंटर कालेज भीखीपुर थाना कोईरौना जनपद भदोही में यातायात जागरूकता का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी द्वारा अपने व्यक्तव्य के माध्यम से स्कूली छात्र छात्राओं को जीवन में यातायात नियमों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। यातायात नियमों का पालन करते हुए सुरक्षा संसाधनों का प्रयोग करना चाहिए और अपने आस पास के लोगों को व परिवार के सदस्यों को भी जागरूक करना चाहिए।सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है। एक नियम का पालन सैकड़ों जिंदगियां बचा सकता है।

उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे न केवल स्वयं हेलमेट, सीट बेल्ट एवं यातायात नियमों का पालन करें, अपितु परिवार, मित्रों एवं आस-पास के लोगों को भी जागरूक करे। लोक गायक राजेश परदेसी द्वारा अपने गीतों के माध्यम से छात्र छात्राओं को यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूक किया गया।

## विद्यार्थियों के लिए वर्तमान समय में रोजगार की असीम संभावनाएं- प्रो माधवी शुक्ला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चुनार मिर्जापुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी विश्राम राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चुनार में मंगलवार को कैरियर एवं प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा स्नातक एवं स्नातकोत्तर के सभी विद्यार्थियों के लिए कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर माधवी शुक्ला ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया। साथ ही प्राचार्य ने कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेंटर का भी फीता काट कर उद्घाटन किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि महाविद्यालय के संसाधनों का विद्यार्थियों द्वारा सक्रिय उपयोग करने की आवश्यकता है।विद्यार्थियों को नियमित रूप से महाविद्यालय आकर शिक्षकों के मार्गदर्शन का लाभ उठाना चाहिए और विभिन्न उच्च पदों को प्राप्त करने का प्रयास करना चाहिए। अध्ययन में गंभीरता से भविष्य में उपलब्ध सभी रोजगार अवसरों को पाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर कैरियर एवं प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉ चंदन कुमार द्विवेदी ने शिक्षक व प्रशिक्षण क्षेत्र में उपलब्ध विविध अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।डॉ शिव कुमार ने विभिन्न राजकीय सेवाओं, उनमें उपलब्ध अवसरों तथा उनके लिए आवश्यक योग्यताओं की चर्चा की।डॉ अमित कुमार यादव ने व्यापार,वित्त,बैंकिंग आदि क्षेत्रों में संभावित कैरियर अवसरों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन डॉ रीता मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन डॉ दीपक कुमार सिंह ने किया।इस दौरान डॉ रजनीश,डॉ भास्कर प्रसाद द्विवेदी,डॉ मनोज कुमार प्रजापति,डॉ दीप नारायण,डॉ अरविंद कुमार,डॉ अवधेश सिंह यादव,डॉ सत्येंद्र कुमार,डॉ मंजुला शुक्ला,डॉ अमित यादव, डॉ गुरु प्रसाद सिंह,डॉ शैलेन्द्र कुमार, डॉ शिखा तिवारी,डॉ विद्या सिंह, डॉ रमेश चंद,धर्मचंद्र यादव सहित दो सौ छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## जनपद में तीनों विधानसभाओं में 19 से 29 नवम्बर तक चलेगी खेल स्पर्धा

● विधायक खेल स्पर्धा प्रतियोगिता आठ खेल विधाओं में खिलाड़ियों को मिलेगा मंच

**युवा साथी पोर्टल पर पंजीकरण के साथ शुरू होगी विधायक खेल स्पर्धा**

**विधानसभा वार तय हुई तिथियाँ, भदोही में 19 नवम्बर से खेल मुकाबलों की शुरुआत**




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही 18 नवम्बर, 2025:-** जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत आयोजित होने वाले खेल प्रतियोगिता का आयोजन मा0 विधायक खेल स्पर्धा द्वारा आयोजन किया जाना हैं। ज्ञानपुर-युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल विभाग द्वारा पूर्व में आयोजित की जाने वाली विकास खण्ड स्तर की प्रतियोगिता के स्थान पर अब विधान सभा क्षेत्र स्तर पर मा0 विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन जनपद के तीनों विधान सभाओं में आयोजन किया जायेगा। जिसमें खिलाड़ियों का पंजीकरण युवा साथी पोर्टल पर दिये गये विकल्पो के अनुसार कराया जा रहा है। विधायक खेल स्पर्धा में विभिन्न आयु वर्ग (सबजूनियर, जूनियर एवं सीनियर) बालक/बालिकाओं के लिए 08 खेल विधाओं में यथा एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, बालीवाल, फुटबाल, भारोत्तोलन, जुड़ो एवं बैडमिन्टन में कराया जाना है। विभिन्न विधान सभाओं में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता का विवरण निम्न है-विधानसभा भदोही 19 नवम्बर, 2025 को खेल स्टेडियम मूंसीलाटपुर भदोही, ज्ञानपुर 25 नवम्बर, को ग्रामीण मिनी स्टेडियम चकमान्धाता डीघ, औराई 29 नवम्बर, को काशीनाथ इण्टर कालेज औराई में आयोजित किया जायेगा।

### छठवां नेशनल वाटर एवार्ड में देश में जनपद मीरजापुर को मिला सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार

**जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार ने महामहिम राष्ट्रपति से ग्रहण किया अवार्ड**




**मीरजापुर।** वित्तीय वर्ष 2024-25 में जनपद मीरजापुर में 'जल जीवन मिशन' और 'अटल भू-जल जैसे कार्यक्रमों के सफल क्रियान्ययन के तहत छठवां नेशनल वाटर एवार्ड के अंतर्गत विभिन्न विभागों के माध्यम से कार्य कराए गए जिनमें तालाबों का गहरीकरण, सोकपिट, बंधी निर्माण, समतलीकरण, वन क्षेत्र में ट्रेंच, कर्णवाती नदी, लोहंदी नदी सहित छोटी-छोटी नदियो के सुन्दीकरण, वर्षा जल संचयन स्ट्रक्चर इत्यादि सम्मिलित है। जिसमें आज विज्ञान भवन नई दिल्ली में महामहिम राट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू द्वारा जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार को प्रथम राष्ट्रीय जल पुरस्कार और जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मीरजापुर विशाल कुमार भी उपस्थित रहें।

## बोलेरो के धक्का से तीन घायल

● प्राथमिक उपचार के बाद एक रेफर




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज रोड पर मंगलवार को सुबह लगभग नौ बजे हलिया की तरफ से जा रही बोलेरो अनियंत्रित होकर बाइक में धक्का मार दिया जिससे बाइक सवार दो लोगों के साथ पैदल जा रहा एक व्यक्ति सड़क पर गिरकर घायल हो गया ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस से तीनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एक व्यक्ति को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के पूरवा अवसान सिंह गांव निवासी 65 वर्षीय मणि प्रसाद घर के सामने सड़क पर किसी कार्य से गांव में जा रहे थे की हलिया से ड्रमंडगंज की तरफ जा रही बोलेरो ने बाइक सवार को जोरदार धक्का मार दिया जिससे बाइक चालक बिहार जिला मधुपुरा निवासी 27 वर्षीय कयामुद्दीन व पीछे बाइक पर बैठा बिहार जिला रोहनिया रोशन बाणी रामपुर निवासी 24 वर्षीय मुहम्मद इश्ताक तीनों लोग सडक पर गिर कर घायल हो गए ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य लाया गया जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद पैदल जा रहे मणी प्रसाद के सर में गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर मिर्जापुर रेफर कर दिया है। दो लोगों का उपचार चल रहा है। इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी अवधेश कुमार ने बताया की पैदल जा रहे मणि प्रसाद के सर में गम्भीर चोट होने के कारण बेहतर उपचार के लिये ट्रामा सेण्टर मीरजापुर रेफर कर दिया गया है।

### जनपद की तीनों विधानसभाओं में 19 से 29 नवम्बर तक चलेगी विधायक खेल स्पर्धा

**भदोही।** जनपद में पहली बार विकास खंड स्तर के स्थान पर विधानसभा स्तर पर विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। जिला युवा कल्याण अधिकारी ने बताया कि प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बालक तथा बालिकाओं के लिए कुल आठ खेल विधाएँ निर्धारित की गई हैं। इनमें एथलेटिक्स, कबड्डी, कुश्ती, वॉलीबाल, फुटबॉल, भारोत्तोलन, जूडो एवं बैडमिन्टन शामिल हैं। प्रतिभागियों का पंजीकरण युवा साथी पोर्टल पर जारी है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि खेल स्पर्धा तीनों विधानसभाओं में अलग-अलग तिथियों पर आयोजित होगी। विधानसभा भदोही में 19 नवम्बर को खेल स्टेडियम मूंसीलाटपुर में मुकाबलों की शुरुआत होगी। विधानसभा ज्ञानपुर में 25 नवम्बर को प्रतियोगिता ग्रामीण मिनी स्टेडियम चकमान्धाता, डीघ में आयोजित की जाएगी। विधानसभा औराई में 29 नवम्बर को काशीनाथ इंटर कॉलेज में स्पर्धा सम्पन्न होगी। खेल विभाग के अनुसार यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों को अपने कौशल और प्रतिभा को बड़े स्तर पर प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान करेगी।

## खेत कि जुताई करते समय बिजली की करंट के चपेट में आकर एक व्यक्ति की हुई मौत

● परिजनों में मचा कोहराम, सूचना पर पहुची पुलिस शव को पीएम में भेजा





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के गहिला मतवार गांव में ट्रैक्टर से खेत की बुवाई करते समय मंगलवार को दोपहर एक व्यक्ति कि 11 हजार बिजली के खेत में गिरे तार को हटाते समय उसकी चपेट में आने से मौत हो गई ।सूचना पर पहुंची पुलिस पीएम के लिये भेज दिया है।हलिया थाना के गहिला मतवार गांव निवासी फूलेश (28) एक व्यक्ति का बटाई पर खेत लेकर खेती कर रहा था। गांव निवासी एक व्यक्ति का ट्रैक्टर लेकर जैसे ही खेत पर जोतने के लिए पहुंचा की खेत में 11 हजार वोल्टेज के बिजली का तार गिर पड़ा था। जैसे ही तार को लाठी डंडे से हटाने लगा की करंट की चपेट में आकर झुलस गया।बगल में धान की थेसरीन कर रहे लोगों ने दौड़ कर गए देखा और बास बल्ली से तार पीट कर हटाया परिजनों को सूचना दी परिजनों ने एम्बुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी अवधेश कुमार ने मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पर पत्नी मोनू माता छोटकी तथा पिता छोटेलाल का रो-रो कर बुरा हाल हो रहा है। मृतक दो भाइयों में बड़ा था तीन अविवाहित बेटी तथा एक बेटा है सभी नाबालिग है।मौके पर पहुंची पुलिस कार्रवाई में जुट गई है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज मतवार कन्हैया राय का कहना है कि विजली के करेंट की चपेट में आने से हुई मौत के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

इस संबंध में अवर अभियन्ता विजली रमाशंकर ने बताया कि तीन फेस की लाइट गयी है गिरे हुए तार में लाइट नही थी उसे हटाते समय विजली प्रवाहित होने वाले तार में टच होने से टूटे तार में करेट प्रवाहित हुआ है जिसके चपेट में आने से मौत हुई है लोगों को इसकी जानकारी देनी चाहिए जिससे विजली कर्मचारी ठीक करदे।

### 15 सूत्रीय मांगों को लेकर भाकपा का प्रदर्शन, डीएम के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**भदोही।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में 15 सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपते हुए देशभर में बढ़ती गंभीर घटनाओं और सामाजिक अन्याय पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण और संवेदनशील मामलों का उल्लेख किया गया है। इनमें ऊंचाहार, रायबरेली में हरिओम वाल्मीकि की हत्या, संविधान संरक्षण से जुड़े मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंके जाने की घटना, हरियाणा में पूर्ण कुमार द्वारा जाति उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या, जैसे घटनाक्रम शामिल हैं। इसके साथ ही ज्ञापन में लखनऊ के थाना बंधारा क्षेत्र में कक्षा 11 की छात्रा के साथ दिनदहाड़े सामूहिक दुष्कर्म, मलिहाबाद में राज्यपाल को सामंतों द्वारा अपमानित किए जाने की घटना, तथा उन्नाव में 14 वर्षीय ऋतिक यादव की हत्या जैसे मामलों पर भी कड़ी चिंता व्यक्त की गई। भाकपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में लगातार हो रही ऐसी घटनाएँ न केवल समाज व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लगाती हैं, बल्कि संविधान और कानून व्यवस्था की सुरक्षा के लिए सख्त कदम उठाने की आवश्यकता को भी रेखांकित करती हैं।

## कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत, परिजनों में कोहराम



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हलिया मिर्जापुर।** हलिया थाना क्षेत्र के चक भैंसोड़ चक गांव में मंगलवार सुबह घर के सामने कुएं में गिरने से वृद्ध की मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने पुलिस को बिना सूचना दिए ही शव का दाह संस्कार कर दिए।चक भैसोड़ गांव निवासी 80 वर्षीय राम नाथ सुबह पानी भरने के लिए कुएं पर गए थे उसी दौरान पैर फिसलने से बीस फीट गहरे कुएं में गिर पड़े। पानी में डूबने से वृद्ध की मौत हो गई।सुबह वृद्ध को घर पर नही देख पुत्रवधू सोनकली और पौत्र सुमन खोजबीन करने लगे। कुछ देर बाद कुएं की जगत पर वृद्ध की लाठी पड़ी देख पुत्रवधू और पौत्र कुएं पर और कुएं में झांककर देखा तो पानी में वृद्ध की टोपी उतराई हुई थी। परिजनों को समझते देर नही लगी। पुत्रवधू और पौत्र ने रोते-बिलखते हुए अगल बगल के लोगों से अनहोनी की आशंका जताई। मौके पर पहुंचे ग्रामीण रस्सी और कटिया डालकर कुएं में वृद्ध की तलाश करने लगे कुछ ही देर में वृद्ध का कुर्ता कटिया में फंस गया। ग्रामीणों ने वृद्ध को कुएं से बाहर निकाला लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान सुरेश केशरी ने परिजनों ढांढस बंधाते हुए शासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया। मृतक का इकलौता पुत्र घनश्याम महाराष्ट्र के पूना जिले में रहकर किसी प्राइवेट कंपनी में मेहमान मजदूरी करता है। पिता की मौत की खबर पाकर घर के लिए निकल पड़ा है। घटना की जानकारी पुलिस को नही है।

## मतदेय स्थलो के सम्भाजन के बारे मे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के साथ बैठक कर दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मीरजापुर।** उप जिलाधिकारी निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार मे विधानसभा निर्वाचक क्षेत्रो में मतदेय स्थलो के सम्भाजन के सम्बंध मे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों व समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलो के साथ बैठक आहूत की गई। अपर जिलाधिकारी ने सभी राजनैतिक दल के पदाधिकारियों को 1200 से अधिक मतदाता होने के कारण बढ़े मतदेय स्थलो के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 395-छानबे (अ0जा0) वर्तमान मतदेय स्थल की संख्या-446, 1200 अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलो की संख्या-18, समायोजित मतदेय स्थलो की संख्या-02, बढ़े हुय मतदेय स्थलो की संख्या-16, सम्भाजन के पश्चात मतदेय स्थलो की कुल संख्या-462, विधानसभा 396- मीरजापुर मे वर्तमान मतदेय स्थल की संख्या- 421, 1200 अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलो की संख्या-36, समायोजित मतदेय स्थलो की संख्या-06, बढ़े हुये मतदेय स्थलो की संख्या- 30, सम्भाजन के पश्चात मतदेय स्थलो की कुल संख्या-451, विधानसभा 397- मझवां मे वर्तमान मतदेय स्थल की संख्या-442, 1200 अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलो की संख्या-34, समायोजित मतदेय स्थलो की संख्या-02, बढ़े हुये मतदेय स्थलो की संख्या-32, सम्भाजन के पश्चात मतदेय स्थलो की कुल संख्या- 474, विधानसभा 398-चुनार वर्तमान मतदेय स्थल की संख्या-410, 1200 अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलो की संख्या-18, समायोजित मतदेय स्थलो की संख्या-02, बढ़े हुये मतदेय स्थलो की संख्या- 16, सम्भाजन के पश्चात मतदेय स्थलो की कुल संख्या-426 एवं विधानसभा 399- मड़िहान मे वर्तमान मतदेय स्थल की संख्या-424, 1200 अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलो की संख्या-26, समायोजित मतदेय स्थलो की संख्या-05, बढ़े हुये मतदेय स्थलो की संख्या-21, सम्भाजन के पश्चात मतदेय स्थलो की कुल संख्या-445 है। इस प्रकार जनपद मे वर्तमान मतदेय स्थल की संख्या-2143, 1200 अधिक मतदाता वाले मतदेय स्थलो की संख्या-132, समायोजित मतदेय स्थलो की संख्या-17, बढ़े हुये मतदेय स्थलो की संख्या-115, सम्भाजन के पश्चात मतदेय स्थलो की कुल संख्या-2258 है।

बैठक मे नगर मजिस्ट्रेट अविनाश सिंह, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चन्द्र, चुनार राजेश वर्मा, मड़िहान अनेग सिंह, तहसीलदार लालगंज दीक्षा पाण्डेय, जिला अध्यक्ष अपना दल एस इंजीनियर राम लौटन बिन्द, नगर के प्रतिनिधि राजेश अग्रवाल, विधायक मझवां के प्रतिनिधि संजय कुमार मौर्या, जिला मीडिया प्रभारी भाजपा ज्ञान प्रकाश दूबे, जिला कार्यकारिणी भारतीय जनता पार्टी राकेश बिन्द, प्रवक्ता कांग्रेस पार्टी छोटे खान, जिला उपाध्यक्ष बासपा सद्दाम राइन, प्रदेश सचिव आम आदमी पार्टी रमाशंकर साहू, नगर महासचिव सपा अनीस खान सहित अन्य राजनैनिक दल के पदाधिकारी व अधिकारी उपस्थित रहें।

# संक्षिप्त खबरें

## दुकान का टीन सेट काट कर चोरों ने उड़ाए हजारों के समान



**नैनी ,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र स्थित हनुमान नगर में एक किराने की दुकान में बीती रात चोरी हो गई। चोरों ने दुकान की छत पर लगे टीन शेड हटाकर अंदर घुसे और नकदी के साथ अन्य सामान उठा ले गए। सुबह होने पर दुकान मालिक पहुंचा तो घटना की जानकारी हुई। सूचना नैनी पुलिस को दी तो मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर वापस चली गई।मिली जानकारी के अनुसार नैनी कोतवाली के पीछे काजीपुर मोहल्ले में रहने वाले रमेश केसरवानी की हनुमान नगर में किराने की दुकान है। दुकान मालिक रमेश केशरवानी ने बताया कि वे रात में अपनी दुकान बंद कर घर चले गए थे। सुबह करीब 8 बजे जब उन्होंने दुकान खोली तो सारा सामान बिखरा हुआ था और चोरी का पता चला।रमेश केशरवानी के अनुसार, गल्ले से लगभग पांच हजार रुपये नकद, जिसमें नोट और सिक्के शामिल थे, वो चोरी हो गए। इसके अतिरिक्त, चोर एक स्पीकर भी चुरा ले गए। चोरों ने दुकान की छत पर लगे टीन शेड को हटाकर अंदर प्रवेश किया था।रमेश केशरवानी ने इस संबंध में नैनी कोतवाली में तहरीर दर्ज कराई है।नैनी में पहले भी कई चोरियां हो चुकी है। जिनका खुलासा अभी नहीं हो सका है।नैनी के हनुमान नगर मोहल्ले में ये दुसरी चोरी है। चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोर बेखौफ होकर घूम रहे है।नैनी इंस्पेक्टर ब्रज किशोर गौतम ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है। जांच कराई जा रही है।

## प्रयागराज के कर्जन पुल पर नर्स से दुष्कर्म करने वालों पर लगेगा गैंगस्टर, चार आरोपित जेल में हैं बंद



**प्रयागराज।** कर्जन ब्रिज के नीचे 16 अगस्त को एक निजी अस्पताल में काम करने वाली नर्स से दुष्कर्म, मारपीट व धमकी देने के मामले में गिरफ्तार चार आरोपितों पर गैंग्स्टर के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए फाफामऊ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। गैंग्स्टर लगने पर आरोपितों पर और शिकंजा कसा जाएगा।

**शांतिपुरम इलाके की रहने वाली है युवती**

शांतिपुरम क्षेत्र में रहने वाली एक युवती फाफामऊ क्षेत्र में एक निजी अस्पताल में नर्स का काम करती थी। 16 अगस्त की रात करीब 8:30 बजे अपने ब्वायफ्रेंड के साथ शहर किसी काम से जा रही थी। कर्जन पुल पर पहुंची तो स्कूटी रोक कर उसका ब्वायफ्रेंड लघुशंका करने चला गया। इसी बीच दो युवक वहां पहुंचे। नर्स को घसीटकर कर्जन ब्रिज के नीचे ले जाने लगे।

**विरोध करने पर ब्वायफ्रेंड को भगा दिया**

ब्वायफ्रेंड ने विरोध किया तो उसे मारपीट कर भगा दिया था। कर्जन ब्रिज के नीचे ले जाकर नर्स से दुष्कर्म करते हुए उसके साथ मारपीट भी की गई थी। इसके बाद आरोपितों के दो और साथी पहुंचे, जिन्होंने मारपीट करते हुए पीड़िता को बाइक पर बैठाया था। बाइक पर पीछे बैठा युवक शांतिपुरम चौराहे से पहले वीबीएस स्कूल के पास उतर गया था, जबकि उसे एक निजी अस्पताल के पास उतारते हुए बाइक चलाने वाला युवक भाग निकला था।

**फाफामऊ पुलिस ने 4 अज्ञात पर केस दर्ज किया था**

फाफामऊ पुलिस ने दुष्कर्म व मारपीट समेत अन्य धाराओं में चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। मामले में पुलिस हिमांशु सरोज निवासी बजहा थाना नवाबगंज व उसके एक साथी को गिरफ्तार किया था। इसके बाद मुख्य आरोपित 25 हजार रुपये के इनामी बरसाती निवासी गदियानी सोरांव को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया था।

**चारों आरोपित जेल में हैं**

सुजीत भारतीय ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था। चारों इस समय नैनी जेल में हैं। इन सभी पर और शिकंजा कसने के लिए फाफामऊ पुलिस ने गैंग्स्टर की प्रक्रिया शुरू कर दी है। थाना प्रभारी फाफामऊ अश्वनी सिंह का कहना है कि आरोपितों पर गैंग्स्टर लगाया जाएगा। इसके लिए लिखापढ़ी शुरू कर दी गई है।

# देश में हर आठ मिनट में लापता हो रहा एक बच्चा; सुप्रीम कोर्ट चिंतित, कहा- ये एक गंभीर मुद्दा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को एक समाचार रिपोर्ट पर चिंता व्यक्त की, जिसमें दावा किया गया था कि देश में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। न्यायालय ने इसे एक गंभीर मुद्दा बताया। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने मामले में कहा कि देश में गोद लेने की प्रक्रिया जटिल है और केंद्र से इस प्रणाली को सरल बनाने को कहा गया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति नागरत्ना ने मौखिक रूप से कहा, 'मैंने अखबार में पढ़ा है कि देश में हर आठ मिनट में एक बच्चा लापता हो जाता है। मुझे नहीं पता कि यह सच है या नहीं। लेकिन यह एक गंभीर मुद्दा है।' शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की कि गोद लेने की प्रक्रिया कठोर होने के कारण, इसका उल्लंघन होना स्वाभाविक है और लोग बच्चे पैदा करने के लिए अवैध तरीके अपनाते हैं। सुनवाई के दौरान, केंद्र की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने हेतु छह सप्ताह का समय मांगा। हालांकि, शीर्ष अदालत ने छह सप्ताह का समय देने से इनकार कर दिया और अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल से 9 दिसंबर तक प्रक्रिया पूरी करने को कहा। 14 अक्तूबर को, पीठ ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया था कि वह सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को लापता बच्चों के मामलों को देखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की तरफ से संचालित मिशन वात्सल्य पोर्टल पर प्रकाशन के लिए उनके नाम और संपर्क विवरण उपलब्ध कराने का निर्देश दे। पीठ ने निर्देश दिया था कि जब भी पोर्टल पर किसी लापता बच्चे के बारे में कोई शिकायत प्राप्त हो, तो जानकारी संबंधित नोडल अधिकारियों के साथ तुरंत साझा की जानी चाहिए। शीर्ष अदालत ने पहले केंद्र से लापता बच्चों का पता लगाने और ऐसे मामलों की जांच के लिए गृह मंत्रालय के तत्वावधान में एक समर्पित ऑनलाइन पोर्टल बनाने को कहा था। पीठ ने देश के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लापता बच्चों का पता लगाने के काम में लगे पुलिस अधिकारियों के बीच समन्वय की कमी को रेखांकित किया था। अदालत ने कहा था कि पोर्टल पर प्रत्येक राज्य से



एक समर्पित अधिकारी हो सकता है जो सूचना प्रसारित करने के अलावा गुमशुदगी की शिकायतों का प्रभारी भी हो सकता है। दरअसल एनजीओ गुरिया स्वयं सेवी संस्थान ने शीर्ष अदालत का रुख किया था और अपहरण या लापता बच्चों के अनसुलझे मामलों के अलावा भारत सरकार की तरफ से निगरानी किए जाने वाले खोया/पाया पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी के आधार पर की जाने वाली कार्रवाई पर प्रकाश डाला था। याचिका में पिछले साल उत्तर प्रदेश में दर्ज पांच मामलों के साथ अपनी दलील को स्पष्ट किया गया था, जिनमें नाबालिग लड़कों और लड़कियों का अपहरण किया गया था और बिचौलियों के एक नेटवर्क के माध्यम से झारखंड, मध्य प्रदेश और राजस्थान जैसे राज्यों में उनकी तस्करी की गई थी।

## स्ट्रीट लाइट खराब होने से ओवर ब्रिज पर छाया अंधेरा अप्रिय घटना होने की संभावना



**नैनी,प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के मलहरा ओवर ब्रिज पर लगे स्ट्रीट बीते कई माह से खराब हो गया है। जिसके चलते ब्रिज में अंधेरा छाया रहता है। जानकारी देने के बावजूद विभागीय अधिकारी बेखबर बने हुए हैं। बताया जाता है, कि इस ब्रिज से हजारों लोगों का आना जाना रहता है। जिसकी वजह से पूरे ब्रिज पर अंधेरा छाया रहता है। अंधेरा होने के चलते रात में अप्रिय घटना होने की संभावनाएं बनी रहती है। नगर निगम उच्च अधिकारियों का ध्यान इस तरफ आकर्षित कराते हुए उक्त खराब पड़े स्ट्रीट लाइट को अविलंब दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

## अल फलाह यूनिवर्सिटी पर कसा शिकंजा, दिल्ली-फरीदाबाद के 25 ठिकानों पर ED का छापा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिल्ली में हुए आतंकवादी हमले के तार अब हरियाणा के फरीदाबाद तक पहुंच गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने अल फलाह विश्वविद्यालय के ट्रस्टियों, संबंधित व्यक्तियों और संस्थाओं से जुड़े एक मामले में आज तड़के से दिल्ली और अन्य स्थानों पर 25 ठिकानों पर छापा मारा है। यह कार्रवाई सुबह 5 बजे से जारी है। जांच एजेंसी की एक टीम ने आज सुबह फरीदाबाद स्थित अल-फलाह विश्वविद्यालय के कार्यालय में दस्तक दी। एजेंसी की टीम परिसर के अंदर मौजूद है और विभिन्न दस्तावेजों, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और अन्य महत्वपूर्ण जानकारियों की तलाशी ले रही है। बीते सोमवार को दिल्ली पुलिस ने फरीदाबाद आतंकी मॉड्यूल मामले की जांच, जालसाजी और धोखाधड़ी के लिए अल फलाह विश्वविद्यालय के चेयरमैन को दो समन जारी किए थे। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की शिकायत पर विवि के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी के दो मामले दर्ज किए गए हैं। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि ये समन तब भेजे है जब जांचकर्ताओं ने पाया कि चेयरमैन जावेद अहमद सिद्दीकी का बयान




संस्थान के कामकाज और उससे जुड़े व्यक्तियों की गतिविधियों से संबंधित कई विसंगतियों को स्पष्ट करने के लिए महत्वपूर्ण है। यूजीसी और राष्ट्रीय मूल्यांकन एवं प्रत्यायन परिषद (एनएएसी) की ओर से शनिवार को गंभीर चिंता जताए जाने के बाद अपराध शाखा ने हरियाणा स्थित इस विश्वविद्यालय के खिलाफ धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप में दो प्राथमिकी 14 नवंबर की रात दर्ज की थीं। शाखा के अधिकारियों ने बताया कि दोनों नियामक निकायों ने विश्वविद्यालय के मान्यता संबंधी दावों की समीक्षा के बाद बड़ी अनियमितताओं को चिह्नित किया। अपने निष्कर्ष कानून प्रवर्तन एजेंसियों को सौंप दिए। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि ये प्राथमिकियां विश्वविद्यालय की ओर से मान्यता संबंधी कथित झूठे दस्तावेजों और दावों से संबंधित हैं। मामले की विस्तार से जांच की जा रही है।

# डिलीवरी बॉय ने 4 दिन में दो शादियां की

● दोनों को जानकारी होने पर मिलकर दर्ज कराई एफ आई आर- पति गिरफ्तार।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज का एक डिलीवरी बॉय ने 4 दिन में दो शादियां की। दोनों को धोखा दिया और अंत में प्रताड़ित लड़कियों ने थाने में पुलिस आयुक्त के आदेश पर मुकदमा दर्ज करा दिया।पुलिस ने एफ आई आर दर्ज होने के बाद लड़के को गिरफ्तार कर लिया। मामला सराय इनायत थाना क्षेत्र के दलापुर गांव का है। जहां का राजेश दुबे उर्फ राहुल पुत्र रामकृष्ण दुबे निवासी दलपुर ने दो साल पहले प्रतापगढ़ के लालगंज अजहरा निवासिनी खुशबू पुत्री नरसिंह बहादुर के साथ प्रेम विवाह किया 19 अक्टूबर 2023 में कोर्ट मैरिज करके रजिस्ट्रेशन कराया।लेकिन घर ले आने पर दूसरे दिन ही खुशबू को लेकर अल्लापुर प्रयागराज में किराया का कमरा लेकर रहने लगा।खुशबू ने आपत्ति जताई तो उसने बताया कि जिस कंपनी में मैं





डिलीवरी बॉय का काम करता हूं उसमें घर से आना-जाना संभव नहीं है । उसके बाद 4/12/24 को शिवांगी पुत्री हृदय नारायण तिवारी निवासी रमई पुर थाना सराय इनायत से घर की रजामंदी से शादी की जिसमे बकायदे बारात लेकर घर वाले लेकर गए और शादी होने के बाद शिवांगी दलपुरा में ससुराल में गई।लेकिन उसे राजेश दुबे पति की गतिविधियां संदिग्ध लगी तो आपने मायके वालों को बताया जिस पर ससुराल वालों में उसके ससुर सास तथा दो देवरों ने मारपीठ कर भगा दिया। एक साल तक नाटक चला रहा आरोपी के घर वालों का भी पूरा साथ दे रहे थे पहली पत्नी गांव पहुंची तो राहुल की पोल खुल गई खुद को बचाने के लिए राहुल ने दोनों पत्नियों खुशबू और शिवांगी से किनारा कर लिया कई दिनों तक मामला शांत नहीं हुआ तो दोनों पत्नियों ने साथ मिलकर कानूनी मदद लेने दोनों एक साथ थाने पहुंची और पुलिस को पूरी बात बताई ।पहले पुलिस हिला हवेली करती रही लेकिन अंत में पुलिस आयुक्त के यहां शिकायत होने पर उनके आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया और राजेश को गिरफ्तार करके जेल भेजा गया।ने मामले की जांच की और रविवार को स्नह्वक्र दर्ज कर लिए छानबीन के बाद सोमवार को आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया मामले में आरोपी के घर वाले के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया।

## थरवई के लखरावा के जंगल में दफन की गई युवती की हुई शिनाख्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** साक्षी यादव शहर के कैंट इलाके में अपने फूफा के यहां रहकर पढ़ाई करती थी। 10 नवंबर को भी वह बैग लेकर स्कूल के लिए निकली थी लेकिन लौटकर नहीं आई। पांच दिन बाद उसकी लाश थरवई के जंगल में जमीन के अंदर दबी पाई गई। वह मूल रूप से सोरांव थाना क्षेत्र के बनकट गांव की रहने वाली थी। वह शहर के कैंट इलाके में अपने फूफा श्यामलाल यादव के घर पर रहकर पढ़ाई करती थी। परिवार वालों ने बताया की घटना से पांच दिन पहले वह स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन लौटकर घर नहीं आई। परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी थाने में दर्ज कराई गई थी। शनिवार को उसकी लाश लखरावां के सूनसान जंगल में मिली थी। पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। छात्रा के फूफा श्यामलाल ने बहुत खोजबीन की लेकिन छात्रा का कहीं पता नहीं चला फिर उसके पैतृक घर सोरांव मे भी पता लगवाया गया, लेकिन साक्षी का वहां से भी कुछ पता नहीं लगा, इसके बाद उन्होंने कैंट थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी। शव को जमीन के अंदर दबा दिया गया था। सुबह उधर से गुजर रहे कुछ बच्चों ने कुत्तों को मट्टी खोदते हुए देखा उसके बाद जमीन के अंदर से एक हाथ निकला। यह देख बच्चे डर गए। इसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को खोदवाकर बाहर निकलवाया। युवती के शरीर पर लैगिंग और टीशर्ट थी। उसके दोनों पैर दुपट्टे से बंधे हुए थे। घटनास्थल से कुछ दूर पर स्पोर्ट शूज भी मिला। पुलिस ने खोजी कुत्ते की मदद से




छानबीन शुरू की तो घटना स्थल से लगभग 500 मीटर की दूरी पर युवती का स्कूल बैग भी पड़ा मिला था। जिसमें कॉपी-किताब और पेन के अलावा छात्रा का आधार कार्ड मिला, शीशा और सिंदूर की डिबिया मिली। सोशल मीडिया पर शव मिलने की सूचना पर थाने पहुंचे छात्रा के फूफा श्यामलाल यादव ने शव की पहचान की। पुलिस अधिकारीयों का कहना है की पुलिस की कई टीमें घटना के खुलासे के लिए लगायी गयी हैं। जल्द ही घटना का होगा पर्दा फाश।

## अहंकारी मनुष्य को भक्ति प्राप्त नहीं होती-- विनोदानंद सरस्वती



**नैनी, प्रयागराज।** श्रमिक बस्ती, मानस पार्क में आयोजित पांच दिवसीय भव्य सार्वजनिक श्री रामचरितमानस सम्मेलन में सीता स्वयंवर का प्रसंग सुनाते हुए राष्ट्रीय संत, मानस मर्मज्ञ दंडी स्वामी विनोदानंद सरस्वती महाराज ने कहा कि धनुष अहंकार का प्रतीक है और अहंकार से अहंकार नहीं टूटता। इसीलिए अहंकारी राजा धनुष तोड़ नहीं पाए। वहीं राम, जो कि विनम्र है, उन्होंने बड़ी सरलता से धनुष तोड़ दिया। जब तक मनुष्य में अहंकार है, उसे भक्ति रूपी सीता की प्राप्ति नहीं हो सकती। श्री राम कथा व्यास पं0 विनोद मालवीय ने राम नाम की महिमा का गायन करते हु? कहा कि कलियुग में राम नाम ही तारण हार है।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज त्रिपाठी, समर बहादुर सिंह, बी एल एकेडमी के प्रबंधक राज कुमार त्रिपाठी, पूर्व प्रधान शिव शंकर दीक्षित, सुभाष प्रधान, अनिल विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी आरके शुक्ला, हरि शंकर मिश्रा, लक्ष्मीकांत तिवारी, अतुल सिंह, राजन शुक्ला, प्रसिद्ध गायककार आनंद जी शर्मा, हिमांशु सिंह, आनंद सिंह, जतिन ठाकुर, रितिक मौर्या, मिहिर सिन्हा, अनुराग शर्मा, निखिल त्रिपाठी, उत्कर्ष शर्मा, नयन कुशवाहा, धीरू यादव आदि उपस्थित रहे।

## हड्डी गलाने वाली ठंड के लिए रहें तैयार! दिल्ली-NCR में बिछी कोहरे की सफेद चादर, P- बिहार में शीतलहर का प्रकोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** देशभर में ठंड ने दस्तक दे दी है और कई राज्यों में इसका असर तेज़ी से दिखाई देने लगा है। उत्तर भारत के अधिकांश हिस्से इस समय कड़ाके की ठंड और शीतलहर की चपेट में हैं। कई शहरों में तापमान अचानक नीचे गिर गया है, जिससे लोग सुबह और शाम के समय ठिठुरन महसूस कर रहे हैं।वहीं, दूसरी ओर दक्षिण भारत के कई राज्यों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर में 18 नवंबर को शीतलहर का असर बना रहेगा। ठंडी हवाओं के चलते सुबह और रात का तापमान और नीचे जा सकता है। राजधानी में अधिकतम तापमान लगभग 26 डिग्री सेल्सियस जबकि न्यूनतम तापमान करीब 10 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में इस समय ठिठुरन बढ़ गई है। प्रयागराज में सोमवार को सीज़न का पहला घना कोहरा देखने को मिला। मौसम विभाग का अनुमान है कि प्रदेश में दिनभर आसमान साफ रहेगा। लखनऊ में 18 नवंबर को अधिकतम तापमान 28 डिग्री और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। झारखंड के कई जिलों जैसे गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा में शीतलहर को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।



कई क्षेत्रों में तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया, जिससे ठंड का असर और बढ़ गया है। आईएमडी के अनुसार बिहार में 18 नवंबर को तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है। कई शहरों में सुबह के समय शीतलहर का अनुभव होने की संभावना है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों तक यही स्थिति बने रहने का अनुमान लगाया है। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में लगातार बर्फबारी हो रही है। मौसम विभाग का कहना है कि 18 नवंबर को इन क्षेत्रों में तापमान में 4 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है। भारी बर्फबारी और तेज़ ठंडी हवाओं के चलते लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। उत्तर भारत की ठंड के विपरीत दक्षिण भारत में भारी बारिश का सिलसिला जारी है। तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के कई इलाकों में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया है। IMD ने दक्षिण के कुछ राज्यों में अलर्ट जारी करते हुए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

# चुनाव आयोग ने असम में वोटर लिस्ट के 'विशेष पुनरीक्षण' का आदेश दिया, एसआईआर से होगा अलग, फॉर्म भरने की जरूरत नहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** निर्वाचन आयोग ने सोमवार को असम में मतदाता सूची के 'विशेष पुनरीक्षण' का आदेश दिया। इसके तहत राज्य की अंतिम मतदाता सूची 10 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी। असम में विशेष पुनरीक्षण (एसआईआर) केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल सहित 12 राज्यों में किए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआर) से अलग है। असम में, मतदाताओं को न तो कोई गणना फॉर्म भरना होगा और न ही कोई दस्तावेज़ जमा करना होगा। जिस पर सवाल उठ रहे हैं। असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के लिए आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, एक जनवरी, 2026 राज्य के लिए विशेष पुनरीक्षण करने की पात्रता तिथि होगी। अधिकारियों के अनुसार, विशेष पुनरीक्षण, मतदाता सूचियों के वार्षिक विशेष सारांश




पुनरीक्षण और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के बीच की प्रक्रिया है। एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया, 'यह एक तरह से विशेष सारांश पुनरीक्षण का उन्नत रूप है... इसमें गणना फॉर्म भरवाने की बजाय, बूथ-स्तर के अधिकारी पहले से भरे हुए रजिस्टर के आधार पर मतदाताओं की जानकारी की जांच करेंगे।' कार्यक्रम के अनुसार, घर-घर जाकर सत्यापन 22 नवंबर से 20 दिसंबर तक होगा। एकीकृत मसौदा मतदाता सूची 27 दिसंबर को और अंतिम मतदाता सूची अगले वर्ष 10 फरवरी को प्रकाशित की जाएगी। चुनाव आयोग ने छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, पुडुचेरी, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और लक्षद्वीप के लिए एसआईआर का पिछले महीने आदेश दिया था। इनमें से तमिलनाडु, पुडुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में 2026 में चुनाव होंगे। असम में भी 2026 में चुनाव होने हैं।

# बारा में आस्था का प्रवाह

● पचवर से लालापुर तक निकली सर्वधर्म-सनातन चेतना की विराट हिंदू यात्रा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बारा प्रयागराज।** लालापुर थाना क्षेत्र में रविवार को वह दृश्य देखा, जिसे स्थानीय लोग वर्षों तक याद रखेंगे। पचवर स्थित भैरव बाबा के स्थान से लालापुर भटपुरा स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर तक निकली हिंदू यात्रा ने पूरे बारा तहसील क्षेत्र में धार्मिक उत्साह, सुरक्षा तैयारी और सामाजिक एकजुटता की मिसाल पेश की। भीड़ अमिलिया और तरहार होते हुए यात्रा के मार्ग पर कई किलोमीटर तक लोग ही लोग दिखाई दे रहे थे। वातावरण में लगातार गूंजते 'जय श्रीराम' और 'हर-हर महादेव' के नारों ने पूरे क्षेत्र की हवा को भक्तिमय बना दिया। इस यात्रा को केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जागरण अभियान के रूप में भी देखा जा रहा है। जातिगत भेदभाव मिटाने, सनातन एकता को मजबूत करने और समाज को नई दिशा देने का दावा युवाओं ने किया, जिनकी



भारी संख्या आयोजनों में दिखी।–सुरक्षा व्यवस्था चौकस – एसीपी बारा और थानाध्यक्ष स्वयं मोर्चे पर इतनी बड़ी भीड़ को देखते हुए प्रशासन सतर्क दिखाई दिया। यात्रा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले प्रमुख नारायणाचार्य महाराज, रामदास जी महाराज, पंडित विनोद पाण्डेय, अंकुश पाण्डेय अंश, राहुल सिंह परिहार, घनश्याम पाण्डेय, आचार्य नितिन पाण्डेय, विकास शुक्ला, शिवम पाण्डेय, मैना द्विवेदी, रतन शुक्ला, मोहित परिहार, अमित तिवारी और श्याम शुक्ला–शामिल रहे। पचवर, अमिलिया, तरहार, लालापुर, भटपुरा समेत दर्जनों गांवों से लोग भारी संख्या में जुड़े– मनकामेश्वर धाम पर समापन– लालापुर भटपुरा स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर में सामूहिक प्रार्थना और संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## मुख्य अभियंता नगर निगम को रेहड़ी पटरी सयोजक ने सौंपा ज्ञापन



**नैनी, प्रयागराज।** मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी रेहड़ी पटरी व्यवसाय प्रकोष्ठ महानगर संयोजक घनश्याम जायसवाल के नेतृत्व में मुख्य अभियंता नगर निगम प्रयागराज को ज्ञापन सोपा गया।ज्ञापन देने वालों में चाका क्षेत्र के पार्षद अनुप पासी जी , टी पी सिंह ,लाल बाबू जायसवाल, के के गौतम,डॉक्टर सूखेन ,रामबाबू सिंह, हरिरामपटेल ।ज्ञापन में नैनी मेवालाल चौराहे पर संत मुनि की प्रतिमा पर अंधेरा छाया रहता है उस पर लाइट लगाने की मांग की गई।नैनी मेवालाल चौराहा बड़ा चौराहा है यहां पर भी एक हाई मास्ट लाइट बदलने की मांग की गई। इन समस्याओं को लेकर के नगर निगम को ज्ञापन सौंपा गया।

## प्रयागराज में भूमाफिया सरकारी जमीन पर कब्जा तो कर ही रहे, अब अभिलेखों में भी जालसाजी कर अपना नाम चढ़वा ले रहे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** भूमाफिया सरकारी जमीन पर कब्जा ही नहीं कर रहे, बल्कि अब अभिलेखों में भी जालसाजी कर अपना नाम चढ़वा ले रहे हैं। विशेषतौर पर जिन गांवों में चकबंदी चल रही है, वहां की जमीन के कागजों में जमकर हेराफेरी की जा रही है।

**बारा में पकड़ाए दो मामले, डीएम ने जांच के दिए निर्देश**

हालांकि पुराने रिकार्ड से मामले पकड़े भी जा रहे हैं। ऐसे ही दो प्रकरण बारा तहसील के पकड़े गए हैं, जिसमें डीएम मनीष कुमार वर्मा ने एडीएम नजूल संजय कुमार पांडेय की अध्यक्षता वाली कमेटी गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए है।

**ग्रामीणों ने डीएम से कार्रवाई की मांग की**

बारा तहसील क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में भूमाफिया एवं राजस्व विभाग के कुछ कर्मियों पर राजस्व नक्शों में हेराफेरी कर जमीनों की नवैयत बदलने और अवैध कब्जा कराने के गंभीर आरोप लगे हैं। प्रभावित ग्रामीणों ने सोमवार को जिलाधिकारी से लिखित शिकायत कर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

**राजस्व कर्मचारियों की मिलीभगत**

पहला मामला ग्राम गोबरा हेवार का है, जहां वर्तमान में चकबंदी कार्य चल रहा है। ग्रामीण आशुतोष त्रिपाठी ने जिलाधिकारी को दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि गांव के कुछ भूमाफिया ने राजस्व कर्मचारियों की मिलीभगत से सरकारी अभिलेखों में ग्राम समाज की आबादी दर्ज वाले गाटे की नवैयत बदल दी है।

**बड़े स्तर की जा रही छेड़छाड़**

शिकायतकर्ता का कहना है कि पुराने तहसीली नक्शे, 2006 का बंदोबस्ती नक्शा, खसरा एवं चकबंदी विभाग के वर्तमान मानचित्र में सरकारी भूमि दिखती है लेकिन राजस्व दल द्वारा बदला हुआ नक्शा दिखाया जा रहा है। यह बड़े स्तर की छेड़छाड़ है। जिलाधिकारी से नक्शों की तुलनात्मक जांच करा कर सही अभिलेख जारी करने तथा दोषियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश कमेटी को दिए हैं।

**आराजी की नवैयत बदल दी गई**

दूसरा मामला बारा के ग्राम सोनपुरा का है। यहां के गणेश दत्त त्रिपाठी ने आरोप लगाया कि उनकी आराजी की नवैयत बदल दी गई है। शिकायतकर्ता के मुताबिक राजस्व कर्मी बार-बार 'नक्शा भिन्न होने' का हवाला देकर कार्रवाई टालते रहे, जिससे विवाद बढ़ता जा रहा है। इसके चलते जमीन पर कब्जे का प्रयास हो रहा है। कई बार तहसील और थाना में शिकायत की गई, पर सुनवाई नहीं हुई। अनहोनी की आशंका बनी हुई है।127 और 126 के बीच 127 की प्रमाणित लाइन को ही धूमा दिया हैं। इस मामले में भी डीएम ने कमेटी को जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## दो दिवसीय शिक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरु

**चित्रकूट:** सदर तहसील क्षेत्र के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय कसहाई प्रथम में मंगलवार को अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन तथा हुंडई फाउंडेशन के तत्वाधान में दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 25 विद्यालयों के 36 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। प्रशिक्षण में बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए अध्यापकों को लो कॉस्ट मॉडल बनाना सिखाया गया। जिसमें शिक्षकों को श्वसन तंत्र, कंकाल तंत्र, पाचन तंत्र, सूक्ष्मदर्शी जैसे मॉडल बनाने का प्रशिक्षण किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों में जिज्ञासा बढ़ाने के लिए लो कॉस्ट मॉडल नवीन विचारों व विज्ञान प्रशिक्षण के सरल तरीकों से शिक्षकों को परिचित कराना रहा। प्रशिक्षण में वेस्ट मटेरियल से हड्डियों का ढांचा, सूक्ष्मदर्शी, श्वसन तंत्र से संबंधित मॉडल जैसे अनेक टीएलएम बनाना सिखाया गया। इस मौके पर संकुल प्रभारी दिलीप सिंह, विद्या वाहिनी के प्रशिक्षक विनय चतुर्वेदी, संजय चंद्राकर, सौरभ मिश्रा, रमेश कुमार, पवन शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## कवि डॉ रामलाल द्विवेदी को किया गया सम्मानित

**चित्रकूट:** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में भारत के कई प्रान्तों के विद्वान साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। जिसमें जनपद के तुलसी साहित्य अकादमी के जिलाध्यक्ष साहित्यकार व कवि डॉ रामलाल द्विवेदी को सम्मानित किया गया। साहित्यकार व कवि रामलाल द्विवेदी ने बताया कि समारोह में कई साहित्यकारों को उत्तम कहानी, कविता, लघु कथा, नाटक आदि में बेहतरीन सृजन के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर सैम ग्लो टेक्निकल यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉ नरेश तिवारी, शिक्षाविद डॉ पवन कुमार जैन, ज्वाइंट डायरेक्टर शिक्षा विभाग डॉ राजेश तिवारी, उत्तम कहानीकार सुरेश पटवा, प्रदेश फिल्म फिल्मों के लिए सुंदर गीत लिखने वाली डॉ प्रभा मिश्रा, तुलसी साहित्य अकादमी के पदाधिकरियों में उनके अलावा डॉ अशोक कुमार तिवारी अमन, गोकुल सोनी, बिहारी लाल सोनी, अशोक कुमार गौतम, हरिशंकर दुबे भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ अमित तिवारी ने किया। बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष तुलसी साहित्य अकादमी डॉ मोहन तिवारी आनंद द्वारा प्रत्येक वर्ष यह राष्ट्रीय अलंकरण और अधिवेशन राष्ट्रीय स्तर पर संपन्न किया जाता है। कार्यक्रम में डॉ नीरू मित्तल पंचकूला को रत्नावली शिखर सम्मान, डॉ प्रभाशंकर शुक्ला को तुलसी शिखर सम्मान तथा अन्य साहित्यकारों को साहित्य अकादमी सम्मान से सम्मानित किया गया। इस दौरान चित्रकूट के आचार्य रामलाल द्विवेदी प्राणेश को भी शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। चित्रकूट के कवि आचार्य रामलाल द्विवेदी प्राणेश को सम्मानित किए जाने पर चित्रकूट प्रेस क्लब के अध्यक्ष सत्यप्रकाश द्विवेदी ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री ने जिलाधिकारी को किया सम्मानित



**चित्रकूट:** देश की राजधानी स्थित विज्ञान भवन में आयोजित भव्य समारोह में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटील द्वारा जल संरक्षण एवं संचयन के क्षेत्र में चित्रकूट जनपद द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धि प्राप्त करने पर जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को छठें राष्ट्रीय जल एवं जल संचय जनभागीदारी अभियान 1.0 के तहत सम्मानित किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जल संरक्षण एवं संचयन के क्षेत्र में चित्रकूट जिले ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। बताया कि जनभागीदारी अभियान के तहत जिले में विभिन्न विभागों के माध्यम से 15,000 से अधिक जल संरक्षण कार्य कराए गए। इन कार्यों में तालाबों का गहरीकरण, सोकपिट निर्माण, बंधी निर्माण, समतलीकरण, वन क्षेत्रों में ट्रेंच, जलतारा निर्माण तथा वर्षा जल संचयन संरचनाओं का विकास आदि शामिल है। बताया कि इन प्रभावी प्रयासों के परिणामस्वरूप चित्रकूट जनपद को छठा राष्ट्रीय जल पुरस्कार के साथ जल संचय जनभागीदारी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए एक करोड़ रुपये की पुरस्कार धनराशि भी प्रदान की गई है। यह सम्मान चित्रकूट के जल संरक्षण मॉडल के सफल क्रियान्वयन, जनभागीदारी की प्रभावी भूमिका तथा जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के नेतृत्व में किए गए समन्वित प्रयासों का प्रतीक है।

# राष्ट्रीय एकता और विकसित भारत के लिए युवाओं का दिखा जोश, हजारीबाग में सरदार @150 यूनिटी मार्च का हुआ भव्य आयोजन

### ● सांसद मनीष जायसवाल और विधायक प्रदीप प्रसाद सहित कई गणमान्य लोग हाथों में लहरा रहे थे तिरंगा, खूब लगे सरदार वल्लभ भाई पटेल अमर रहें के नारे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हजारीबाग, झारखंड:-** लौहपुरुष और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा माय भारत के माध्यम से आयोजित की जा रही 'विकसित भारत पदयात्राओं' की गूंज मंगलवार को हजारीबाग जिले में सुनाई दी। इस महत्वाकांक्षी पहल का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्रीय गौरव, सामाजिक जिम्मेदारी और एकता की भावना को मजबूत करना है। हजारीबाग में आयोजित राष्ट्रीय एकता पदयात्रा में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सभागार में आयोजित विधिवत उद्घाटन समारोह में सांसद मनीष जायसवाल सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विनोबा भावे जी और सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की तस्वीरों पर पुष्पांजलि अर्पित की और सामूहिक रूप से 'वन्दे मातरम्' का गायन कर कार्यक्रम की शुरुआत कराई। कार्यक्रम में सांसद मनीष जायसवाल के अतिरिक्त सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा, उप विकास आयुक्त इस्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, विभावी के डीएसडब्लू डॉ. विकास कुमार, एनएसएस समन्वयक जॉनी रुफ़ीना तिर्की, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, 'माई भारत' के हिमांशु कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का आयोजक द्वारा पौधा भेंटकर और अंग-वस्त्र ओढ़ाकर आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। सभागार में अखंड भारत को दर्शाते कई आकर्षक सेल्फी पॉइंट लगाए गए थे जो युवाओं के बीच आकर्षण का केंद्र बने। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न महाविद्यालयों के एनएसएस छात्रों द्वारा लघु नाटिकाएँ और भारत के विभिन्न राज्यों की संस्कृति एवं सभ्यता पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने भारत की विविधता में एकता के मूल मंत्र को बखूबी प्रदर्शित किया, जिसमें हजारों विद्यार्थियों और युवाओं का भारी जुटान हुआ। सांसद मनीष जायसवाल और अन्य अतिथियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर विनोबा




भावे विश्वविद्यालय से जिला स्तरीय पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सैकड़ों युवा कतारबद्ध और अनुशासित तरीके से हाथों में तिरंगा झंडा लहराते हुए राष्ट्रहित और लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जयकारे लगाते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुज़रे। यह पदयात्रा शहर में राष्ट्रीय एकता का संदेश लेकर एक 'सरदार ञ्च150 यूनिटी मार्च' के रूप में बदल गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मौजूद युवाओं को संबोधित करते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल का राष्ट्र-निर्माण और रियासतों के एकीकरण में जो अद्वितीय योगदान है उसे हमें हमेशा स्मरण में रखना चाहिए। देश की एकता और अखंडता के साथ अपने अंदर राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने की भावना को आत्मसात कर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। उन्होंने उनके लौह पुरुष बनने के मार्मिक कहानी को भी यहां चित्रण कर उनके जीवन के हरेक गतिविधि से प्रेरणा लेने की बात कही।

## मुखिया सिकंदर राणा ने उज्जैना आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के बीच स्वेटर का किया वितरण



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बेंदगी पंचायत अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र उज्जैना में मंगलवार को बच्चों के बीच स्वेटर वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बढ़ती ठंड को देखते हुए आंगनबाड़ी केंद्र द्वारा छोटे बच्चों को गर्म कपड़े उपलब्ध कराने की पहल की गई, जिसमें पंचायत के मुखिया सिकंदर राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर अपने हाथों से बच्चों को स्वेटर वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान पंचायत समिति सदस्य, वार्ड सदस्य और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मौके पर वार्ड सदस्य सविता देवी, सेविका पार्वती देवी, पूनम देवी, रिंकू देवी, प्रीति देवी और शांति देवी की सक्रिय उपस्थिति और सहयोग देखने को मिला। सभी ने बच्चों को स्वेटर पहनाकर उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर शुभकामनाएँ दीं। मुखिया सिकंदर राणा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी पंचायत स्तर पर बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया जा रहा है, ताकि ठंड के मौसम में बच्चे सुरक्षित रह सकें और नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित हो सकें। स्वेटर प्राप्त करने वाले बच्चों में ट्विंकल कुमारी, आराध्या कुमारी, मयंक कुमार, ओम कुमार, दिव्यांशु कुमार, पल्लवी कुमारी, शिवराज गुप्ता, हर्ष कुमार, परी कुमारी, मुन्ना कुमार, ऋषि कुमार और बेबी कुमारी सहित कई अन्य बच्चे शामिल रहे। बच्चों ने स्वेटर पाकर खुशी और उत्साह व्यक्त किया।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर हज़ारीबाग़ में विकसित भारत पदयात्रा का भव्य आयोजन

### ● युवा शक्ति, राष्ट्रीय एकता और जनसमर्पण का अद्भुत संगम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हजारीबाग, झारखंड:-** लौहपुरुष एवं राष्ट्रीय एकता के महान प्रतीक सरदार वल्लभभाई पटेल जी की 150वीं जयंती के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा माई भारत द्वारा आयोजित 'विकसित भारत पदयात्रा' में मंगलवार को हज़ारीबाग़ में ऐतिहासिक और उत्साहपूर्ण भागीदारी दर्ज की गई। इस महत्वपूर्ण आयोजन में हजारीबाग़ के विधायक प्रदीप प्रसाद सक्रिय रूप से शामिल हुए। उनकी उपस्थिति से युवाओं में विशेष उत्साह एवं प्रेरणा का संचार हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विनोबा भावे विश्वविद्यालय के सभागार में दीप प्रज्वलन, विनोबा भावे जी एवं सरदार पटेल जी की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित किया। हज़ारीबाग़ के हजारों युवा एवं विद्यार्थियों ने तिरंगा हाथों में लिए, सरदार पटेल अमर रहें और 'विकसित भारत' के जयघोष के साथ पदयात्रा में हिस्सा लिया। विनोबा भावे विश्वविद्यालय से रवाना हुई यह जिला स्तरीय पदयात्रा शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरती हुई राष्ट्रीय एकता, अखंडता और जिम्मेदार नागरिकता का सशक्त संदेश देती आगे बढ़ी। विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित सरदार 150



यूनिटी मार्च केवल एक यात्रा नहीं, बल्कि हमारे राष्ट्रीय कर्तव्य और एकता के संकल्प का प्रतीक है। हज़ारीबाग़ की जनता इस संदेश को घर-घर तक पहुँचाकर विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने सभी युवाओं, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों एवं प्रशासनिक अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हज़ारीबाग़ की मिट्टी सदैव राष्ट्रहित के कार्यों में अग्रणी रही है और आने वाली पीढ़ियों को भी प्रेरित करती रहेगी। इस अवसर पर मौजूद प्रमुख अतिथियों में सांसद मनीष जायसवाल, भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, उप विकास आयुक्त इस्तियाक अहमद, अपर समाहर्ता संतोष कुमार सिंह, भीबीयू के डीएसडब्लू डॉ. विकास कुमार, एनएसएस समन्वयक जॉनी रूफीना तिर्की, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरिश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता केपी ओझा, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष टून्नु गोप, अशोक यादव, कुणाल दुबे, दिनेश सिहं राठौर, भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, माई भारत के हिमांशु कुमार सहित अनेक अधिकारी, शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता तथा जनप्रतिनिधि शामिल रहे।

## हजारीबाग यूथ विंग के सह सचिव अभिषेक कुमार पांडे ने मूक-बधिर विद्यालय में मनाया अपना जन्मदिन, बच्चों संग बांटी खुशियां

### ● जन्मदिन बच्चों के बीच मनाना समाज को मानवीयता का संदेश देता है : चंद्र प्रकाश जैन

### ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा और जागरूकता का संचार करते हैं : करण जायसवाल

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हजारीबाग, झारखंड:-** हजारीबाग यूथ विंग के सह सचिव अभिषेक कुमार पांडे ने अपना जन्मदिवस बेहद खास और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण तरीके से मनाया। उन्होंने दिन की शुरुआत मूक-बधिर विद्यालय, हजारीबाग के बच्चों के बीच जाकर की, जहां उन्होंने बच्चों के साथ केक काटा और इस यादगार अवसर को और भी खास बना दिया। विद्यालय के बच्चों के बीच नाश्ता का वितरण भी किया गया, जिससे बच्चे बेहद खुश नजर आए। इस अवसर पर हजारीबाग यूथ विंग के कई पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे और अभिषेक पांडे के इस सामाजिक व प्रेरणादायक कदम की सराहना की। संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि अभिषेक पांडे द्वारा जरूरतमंद और विशेष बच्चों के बीच जाकर



जन्मदिन मनाना समाज के लिए प्रेरक संदेश है। यूथ विंग के युवा जिस संवेदनशीलता से समाजसेवा में जुड़े हैं, वह प्रशंसनीय है। अध्यक्ष करण जायसवाल ने कहा कि अभिषेक पांडे जी का यह कदम उनके सामाजिक सोच और मानवीय मूल्यों को दर्शाता है। यूथ विंग ऐसे ही कार्यों से समाज में सकारात्मक बदलाव लाता रहेगा। हम सभी उनकी पहल की सराहना करते हैं। इसी क्रम में मंगलवार को संस्था के मार्गदर्शक जयप्रकाश खंडेलवाल का जन्मदिवस भी उत्साह, उल्लास और सौहार्द के साथ मनाया गया। यूथ विंग के सदस्यों ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की और दीर्घायु की कामना की। मौके पर उपाध्यक्ष विकास तिवारी, संस्था के मार्गदर्शक जय प्रकाश खण्डेलवाल,विकाश केशरी, कार्यकारिणी सदस्य सनी देव,सुनील साव,मृत्युंजय कुमार,विशाल कुमार दास,नीरज कुमार सिंह एवं अमित कुमार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एडुकेयर क्लासेस बसरिया के छात्रों ने किया शैक्षणिक भ्रमण, प्राकृतिक व ऐतिहासिक स्थलों का किया अध्ययन



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंड:-** एडुकेयर क्लासेस बसरिया द्वारा इंटरमीडिएट छात्रों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान छात्र रांची के हुंडरू जलप्रपात, पतरातू घाटी व डैम सहित हजारीबाग के विभिन्न प्राकृतिक और ऐतिहासिक स्थलों का अध्ययन करने पहुंचे। छात्रों ने जलप्रपात की संरचना, पर्यावरणीय तंत्र, घाटी की बनावट और जल-संसाधन प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कीं। हजारीबाग में भी विद्यार्थियों ने स्थानीय उद्यानों, प्राकृतिक स्थलों तथा इतिहास और भूगोल से जुड़े तथ्यों का अवलोकन किया। शिक्षकों ने बताया कि ऐसे भ्रमण छात्रों की समझ को व्यापक बनाते हैं। विद्यार्थियों ने इसे प्रेरणादायक अनुभव बताया। संस्थान ने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम जारी रखने की बात कही।

# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम 21 नवंबर से, हर पंचायत में लगेगा शिविर

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत अब समाज के अंतिम पायदान पर बैठा व्यक्ति भी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ आसानी से उठा सकेगा। यह विशेष जनकल्याणकारी अभियान 21 नवंबर से शुरू होकर 15 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना है। बरही प्रखंड में भी इस कार्यक्रम की व्यापक तैयारी की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल महतो ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत सचिवालय भवनों में शिविर लगाया जाएगा। इन शिविरों में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे राशन कार्ड, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, मत्स्य, पशुपालन, स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि शिविरों में संबंधित विभागों के कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है, जो ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त करेंगे और मौके पर ही उनका निष्पादन करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी पात्र लाभुक को सरकारी योजना का लाभ लेने से वंचित न रहना पड़े। कार्यक्रम की पंचायतवार तिथियाँ के अनुसार 21 नवंबर को बरही पूर्वी, नगर भवन बरही, 22 नवंबर पंचायत भवन भंडारों, 24 नवंबर पंचायत भवन कोल्हुआकला, 26 नवंबर पंचायत भवन विजैया, 27 नवंबर पंचायत भवन डपोक, 28 नवंबर को पंचायत भवन मलकोको, 29 नवंबर पंचायत भवन दुलमहा, 1 दिसंबर पंचायत भवन रानीचूआं, 2 दिसंबर पंचायत भवन बरसोत, 3 दिसंबर पंचायत भवन बसरिया उर्फ पंचमाधव, 4 दिसंबर पंचायत भवन करियातपुर, 5 दिसंबर - उत्क्रमित मध्य विद्यालय कोरियाडीह धनवार, 6 दिसंबर पंचायत भवन खोड़ाहर, 8 दिसंबर पंचायत भवन केदारूत, 9 दिसंबर पंचायत भवन गौरियाकरमा, 10 दिसंबर पंचायत भवन करसो, 11 दिसंबर पंचायत भवन रसोईया धमना, 12 दिसंबर पंचायत भवन बेंदगी, 13




दिसंबर पंचायत भवन कोनरा, 15 दिसंबर नगर भवन बरही पश्चिमी में आयोजित किया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे अपने आवश्यक दस्तावेजों के साथ शिविर में पहुंचकर लाभान्वित हों। उन्होंने कहा कि यह अभियान गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं को योजनाओं से जोड़ने का एक सुनहरा अवसर है। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों को विशेष जिम्मेदारी सौंप दी गई है। उम्मीद की जा रही है कि इस अभियान के माध्यम से बड़ी संख्या में लाभुक योजनाओं का लाभ प्राप्त करेंगे और सरकारी व्यवस्था पर उनका विश्वास और मजबूत होगा।

## आईसेक्ट विश्वविद्यालय कृषि विभाग में फ्रेशर्स पार्टी धूमधाम से संपन्न

### ● संगम बनीं मिस फ्रेशर, प्रिंस को मिला मिस्टर फ्रेशर का ताज

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हजारीबाग, झारखंड:-** आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के कृषि विभाग में मंगलवार को आयोजित फ्रेशर्स पार्टी उत्साह, ऊर्जा और प्रतिभा का शानदार संगम बना। कार्यक्रम का आगाज़ अतिथि स्वागत और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एसआर रथ, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, उपकुलसचिव ललित मालवीय एवं विजय कुमार, कृषि संकाय डीन डॉ अरविंद कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। स्वागत भाषण के दौरान कृषि संकाय डीन डॉ अरविंद कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा बतायी और कहा कि कृषि शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं, बल्कि यह नवाचार, तकनीक व शोध का व्यापक क्षेत्र है और हमारे विद्यार्थी कृषि क्षेत्र में नए अवसरों को भुनाने में सक्षम हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पीके नायक ने कृषि क्षेत्र की संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज कृषि सिर्फ परंपरा नहीं, बल्कि तकनीक, नवाचार और स्टार्टअप संस्कृति का विस्तृत क्षेत्र है। इसमें रोजगार के अपार अवसर हैं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ व्यावहारिक दक्षता और पर्सनैलिटी डेवलपमेंट भी बेहद जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान और आधुनिक कृषि नवाचारों की ओर कदम बढ़ाने की सलाह दी। कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय उपलब्धि-आधारित और छात्र-केंद्रित शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नए विद्यार्थियों से कहा कि वे बड़े लक्ष्य तय करें और पूरे जुनून के साथ उन्हें हासिल करने में जुट जाएं। वहीं समकुलपति डॉ गौरव शुक्ला ने ऐसे कार्यक्रम सीनियर और जूनियर विद्यार्थियों के बीच आपसी समझ और सकारात्मक संबंध बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला बताया। वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ एसआर रथ, उपकुलसचिव ललित मालवीय व विजय कुमार ने भी फ्रेशर्स का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि विश्वविद्यालय हमेशा विद्यार्थी-केंद्रित गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है, जिससे उनमें नेतृत्व और आत्मविश्वास का विकास होता है। कृषि विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, प्रभात किरण, फरहीन सिद्दीकी और डॉ सुजीत कुमार पटेल ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया। इसके बाद कार्यक्रम का सांस्कृतिक हिस्सा शुरू हुआ। तीसरे सेमेस्टर के ग्रुप डांस ने समां बांध दिया। प्रथम सेमेस्टर के



संगम, सोनम, प्रिंस और श्रुति ने मनमोहक एकल नृत्य प्रस्तुत किए। तीसरे सेमेस्टर की लवली-रचना, अनुश्का-पूजा और सृष्टि-गंगा ने बेहतरीन डुएट डांस से खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम का सबसे आकर्षक हिस्सा रहा रैंप वॉक, जिसमें नए विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अंत में प्रदर्शन के आधार पर संगम को मिस फ्रेशर और प्रिंस को मिस्टर फ्रेशर चुना गया। वहीं मिस रैंपवॉक सोनम व मिस्टर रैंपवॉक का खिताब रितेश ने अपने नाम कर लिया। कार्यक्रम के अंत में कुलपति, कुलसचिव, समकुलपति व उपकुलसचिव के अलावा कृषि संकाय डीन डॉ अरविंद कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, प्रभात किरण, फरहीन सिद्दीकी व डॉ सुजीत कुमार पटेल, सहायक कुलसचिव डॉ माधवी मेहता, सहायक कुलसचिव डॉ चांदनी कुमारी, सहायक कुलसचिव अमित कुमार सहित विश्वविद्यालय के सभी प्राध्यापक - प्रध्यापिकाओं, अधिकारियों व कर्मियों ने फ्रेशर्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## 24 घंटे के भीतर ज्वेलरी लूट का पर्दाफाश, तीन अपराधी गिरफ्तार, एसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी जानकारी

### ● लूटे गए 1.5 करोड़ के जेवरात, हथियार व वाहन बरामद

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बरही/हजारीबाग/झारखंड:-** हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बरही थाना क्षेत्र में हुई सनसनीखेज ज्वेलरी लूट का खुलासा किया। पुलिस ने मात्र 24 घंटे के भीतर कांड का निष्पादन करते हुए तीन कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से करीब 1.5 करोड़ रुपये मूल्य के सोना-चांदी के आभूषण, लूट में प्रयुक्त स्कॉर्पियो, केटीएम बाइक, तीन देशी कट्टे, एक देशी कारबाइन सहित जिंदा गोलियां बरामद की हैं। ज्ञात हो कि दिनांक 16 नवंबर 2025, रात करीब 9 बजे बरही चौक के समीप जय माता दी ज्वेलर्स के मालिक अपने दुकान के सोना-चांदी के आभूषणों को चार बैग में कार में रख रहे थे। तभी दो मोटरसाइकिलों पर सवार चार हथियारबंद अपराधियों ने फायरिंग करते हुए कार का शीशा तोड़ दिया और चारों बैग लूटकर फरार हो गए। अगले दिन 17 नवंबर को पीड़ित सुरेंद्र कुमार की शिकायत पर बरही थाना में कांड संख्या 439/25 धारा 392 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। घटना की गंभीरता देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरही अजीत कुमार बिमल के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। टीम ने सीसीटीवी फुटेज, गुप्त सूचना, तकनीकी विश्लेषण की मदद से 24 घंटे के भीतर पूरे गिरोह का भंडाफोड़ कर दिया। सबसे पहले अपराधियों को स्कॉर्पियो से लाने वाले इन्द्रराज चौधरी को पूछताछ के लिए रांची से लाया गया। उसकी निशानदेही पर चतरा जिले के हंटरगंज (मायापुर) से स्कॉर्पियो और एक देसी कट्टा बरामद किया गया। फिर सूचना मिली कि अन्य दो अपराधी चौपारण से शेरघाटी की ओर भाग रहे हैं। चोरदाहा चेकपोस्ट पर एड-हॉक चेकिंग लगाई गई, जहां दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनकी तलाशी में लूटे गए सभी जेवरात और हथियार बरामद हुए। गिरफ्तार अपराधियों में धनंजय चौधरी उर्फ छोटू, पितास्व. बिरेंद्र चौधरी, निवासी लेम्बोईया, थाना रौशनगंज गया बिहार, इन्द्रराज चौधरी पिता जगदीश चौधरी, निवासी मायापुर थाना हंटरगंज चतरा, रौशन यादव, पिताराजेंद्र यादव, निवासी गंगटी थाना शेरघाटी, गया बिहार शामिल है। बरामदगी में सोने के जेवरात 946 ग्राम + 200 ग्राम पोला, चांदी नया 11 किलो, चांदी पुराना - 1.760 किलो, कुल अनुमानित मूल्य लगभग 1.5 करोड़ रुपये है। स्कॉर्पियो वाहन 01, केटीएम बाइक 01, देशी कट्टा 03, देशी कारबाइन 01, जिंदा गोली 06,



मोबाइल 02 शामिल है। अपराधियों का इतिहास भी खंगाला गया। धनंजय चौधरी उर्फ छोटू के खिलाफ गया और आसपास के इलाकों में अर्म्स एक्ट, लूट, मारपीट, आगजनी, रंगदारी समेत कई मामलों में कुल 9 आपराधिक कांड दर्ज हैं। इन्द्रराज चौधरी वर्ष 2019 में बिहार के डोभी थाना क्षेत्र में लूट की घटना में शामिल। रौशन यादव पूर्व में आमस थाना क्षेत्र से जेल जा चुका है। छापामारी टीम में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल के नेतृत्व में बरही और चौपारण थाना की संयुक्त टीम, तकनीकी शाखा और सशस्त्र बल ने तेजी से कार्रवाई कर सफलता हासिल की। हजारीबाग पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यह सफलता पुलिस की त्वरित कार्रवाई और टीमवर्क का परिणाम है। जिले में अपराध पर अंकुश लगाने को लेकर ऐसी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बरही एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल, इंस्पेक्टर सह बरही थाना प्रभारी बिनोद कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

## जीटीपीएस विज्ञान प्रदर्शनी ने बटोरा क्षेत्र का गौरव बच्चों की प्रतिभा दिखाती है उज्ज्वल भविष्य : एसपी कुमार गौरव

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**चंदवा, झारखंड:-** जीटीपीएस स्कूल में मंगलवार को आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई। रंग-बिरंगे मॉडल, नए-नए प्रयोग और बच्चों की सृजनशीलता से सजा प्रदर्शनी स्थल देखते ही बन रहा था। इस कार्यक्रम का उद्घाटन लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के पश्चात उन्होंने एक-एक मॉडल का निरीक्षण करते हुए बच्चों से उनके प्रोजेक्ट का उद्देश्य, प्रक्रिया और परिणाम के बारे में विस्तार से जानकारी ली। बच्चों की समझ, प्रस्तुति और आत्मविश्वास ने एसपी को बेहद प्रभावित किया। एसपी कुमार गौरव ने अपने संबोधन में कहा कि जीटीपीएस के बच्चों की प्रस्तुति किसी बड़े शहर के स्कूलों से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि चंदवा जैसे ग्रामीण क्षेत्र में इतनी उत्कृष्ट विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन होना गर्व की बात है। बच्चों की ऊर्जा और लगन देखकर साफ झलकता है कि आने वाले समय में चंदवा शिक्षा का प्रमुख केंद्र बन सकता है। उन्होंने बच्चों को निरंतर सीखने और प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। जीटीपीएस के चेयरमैन प्रवीण सिंह ने कहा कि ऐसे मंच बच्चों की प्रतिभा को निखारने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन हमेशा यह सुनिश्चित करता है कि बच्चों को नवीन शिक्षा, संसाधन और बेहतर वातावरण मिले, ताकि वे अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर सकें। डायरेक्टर कादमरी सिंह ने भी बच्चों की सराहना करते हुए कहा कि गांव और कस्बों के बच्चे किसी से कम नहीं। यदि उन्हें सही अवसर मिले तो वे बड़ी उपलब्धियाँ हासिल कर सकते हैं। स्कूल के प्रिंसिपल हिमांशु सिंह ने बताया कि बच्चों ने कई दिनों की निरंतर मेहनत के बाद अपने मॉडल तैयार किए हैं। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाना, उन्हें नवाचार के लिए प्रेरित करना और भविष्य की वैज्ञानिक सोच विकसित करना है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि बच्चे आगे भी इसी तरह नए प्रयोग करेंगे और समाज का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान सामाजिक कार्यकर्ता अंकित कुमार गोलू ने झामुमो जिला अध्यक्ष लाल मोती नाथ शाहदेव को बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शाहदेव ने कहा कि बच्चों की प्रतिभा और परिश्रम देखकर अत्यंत गर्व महसूस होता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बच्चों को प्रोत्साहित करते हैं, बल्कि पूरे क्षेत्र



को शिक्षा के प्रति जागरूक बनाते हैं। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में इंस्पेक्टर रणधीर कुमार सिंह, राजेशचंद्र पांडेय, राजद जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, विधायक प्रतिनिधि आदर्श रविराज, शैलेश सिंह, स्कूल के शिक्षक, अभिभावक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने मिलकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। जीटीपीएस की यह विज्ञान प्रदर्शनी न सिर्फ बच्चों की रचनात्मकता का मंच बनी, बल्कि पूरे क्षेत्र में शिक्षा, नवाचार और सकारात्मक सोच का संदेश भी फैलाने में सफल रही। यह आयोजन बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**ललितपुर।** रिपोर्टिंग चौकी बिरधा अंतर्गत रहने वाले युवक का शव खेत में महुआ के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मंगलवार की सुबह बिरधा में रहने वाले बबलू पुत्र पूरन कुशवा का शव पेड़ से लटका मिलने से पूरे क्षेत्र में हड़क़ प मच गया। परिजनों ने बताया कि बबलू काफी समय से कर्ज के कारण परेशान था और उसकी आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गयी थी। यह भी बताया कि उसकी तीन पुत्रियां व एक पुत्र है। अंदेशा जताया कि इसी के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुये अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### महरौनी-राजबाहा नहर फटने से खेतों में भरा पानी, फसल डूबी

**नहर की सफाई में लापरवाही और भ्रष्टाचार पर किसानों का गुस्सा, मुआवजे की मांग**

**महरौनी।** टीकमगढ़ रोड के पास बालाजी मंदिर के समीप स्थित महरौनी-राजबाहा नहर आज रात अचानक फट गई। हादसे के कारण आसपास के खेत पानी में डूब गए। किसानों को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। किसानों ने आरोप लगाया कि नहर की सफाई और रखरखाव में प्रशासन लगातार लापरवाह रहा है। शिकायतों के बावजूद नहर में जमी मिट्टी और घास नहीं हटाई गई, जिससे पानी का दबाव बढ़ा और नहर फट गई। कई किसानों ने यह भी कहा कि नहर सफाई के लिए मिले बजट में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार भी बड़ी वजह है। किसानों की मुख्य मांगें हैं नहर की तुरंत मरम्मत और बंदोबस्तएनहर सफाई और रखरखाव की सख्त निगरानी हो, भ्रष्टाचार और बजट दुरुपयोग की तत्काल जांच की जाए।नहरों की नियमित निगरानी और समय पर सफाई न होने से भविष्य में ऐसे हादसे दोहराए जा सकते हैं। किसान उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन तत्काल और पारदर्शी कदम उठाकर खेतों की रक्षा और भविष्य की फसल की सुरक्षा सुनिश्चित करे।

### आटा चक्की की दुकान में घुसकर लूटपाट करने का आरोप

**ललितपुर।** आटा चक्की की दुकान में घुसकर लूट की घटना को अंजाम देकर लाठी.डण्डों का भय दिखाकर मारपीट करने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। इस प्रकरण में कोतवाली क्षेत्रांतर्गत मजरा गुजरातन में रहने वाले केहर सिंह पुत्र रघुवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि मंगलवार को अपराह्न 1 बजे जब वह घर में थाए तभी गांव के दबंग लोगों ने एकराय होकर जमीनी रंजिश को लेकर आये और गालियां देते हुये आटा चक्की की दुकान में घुस गये। आरोप है कि दुकान में पिसाई का रखा करीब 700 रुपया लूटकर लाठी.डण्डों का भय दिखाने लगे। इसी बीच खेत से लौट रहे कृपाल सिंह पुत्र शिवप्रसादए रघुवीर सिंह पुत्र बुद्दे ने उन्हें देखा और ललकाराए तब उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। पीड़ित ने पुलिस से उक्त लोगों के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

### रसराज में हुयी चोरी की एफआईआर दर्ज

**ललितपुर।** थाना कोतवाली अंतर्गत मोहल्ला नई बस्ती सिविल लाइन कपिल रेस्ट हाउस के पीछे रहने वाले राहुल जैन पुत्र राजकुमार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वह स्टेशन रोड पर रसराज रेस्टोरेंट का संचालन करता है। बताया कि बीती 15 नवम्बर को रात करीब 11ृ30 बजे वह होटल बंद कर घर चला गया था। रात के समय दो अज्ञात चोरों ने भोजनालय के ताले तोड़कर अंदर घुस आये और भोजनालय में रखा लैपटॉप व 12 हजार रुपये गुल्लक से चोरी कर लिये। बताया कि 16 नवम्बर को सुबह 6 बजे जब वह होटल पर पहुंचा तो उसने देखा कि भोजनालय की आधी शटर खुली हुयी है। उसने अंदर जाकर देखा तो लैपटॉप व नकदी गायब थी। बताया कि भोजनालय में लगे सीसीटीवी कैमरे में यह बारदात रिकार्ड हो गयी। पुलिस ने रेस्टोरेंट संचालक की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### जुगपुरा के मुकेश कटप्पा ने किराना व्यापारी को पीटा

**व्यापारी की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

**ललितपुर।** नई बस्ती मोहल्ले में रहने वाले राकेश जैन पुत्र भईयालाल जैन ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि उसकी दुकान नया ओवरब्रिज के नीचे किराने की हैए जिसका संचालन कर वह अपना व परिवार का भरण पोषण करता है। बताया कि 17 नवम्बर को शाम करीब 7ृ30 बजे जुगपुरा निवासी मुकेश कटप्पा शराब के नशे में चूर होकर उसकी दुकान पर आया और गालियां देने लगा। जब उसे गालियां देने से मना किया तो मुकेश कटप्पा ने उसके साथ मारपीट कर दी। उसकी दुकान का सामान फेंक दिया और सामान की तोड़फोड़ कर दी। आरोप है कि मुकेश ने धमकाते हुये कहा कि उसके खिलाफ शिकायत की तो उसे जान से मारकर फेंक देगा। पीड़ित ने बताया कि वह धमकाते हुये भागने लगा और दो.तीन बार जमीन पर गिर पड़ाए जिससे वह घायल भी हो गया। पीड़ित ने बताया कि मुकेश कटप्पा काफी दबंग और गुण्डा किस्म का व्यक्ति है और काफी कमजोर व गरीब है। पुलिस ने राकेश जैन की तहरीर पर मुकेश कटप्पा के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## कुड़वा में बाल मजदूरी पर कार्रवाई न होने से फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, एडीओ पंचायत के खिलाफ लगे मुर्दाबाद के नारे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोन / सोनभद्र-** 17 नवंबर 2025 विकास खंड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत कुड़वा में बाल मजदूरी कराए जाने के पूर्व के आरोपों पर कोई कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों का गुस्सा आज सड़क पर उतर आया। सोमवार तड़के, ग्रामीणों ने एडीओ पंचायत और संबंधित सफाईकर्मी के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। यह पूरा मामला बीते दिनों छठ पर्व के दौरान सामने आया था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया था कि सफाईकर्मी द्वारा नाबालिक बच्चों से सफाई का कार्य कराया गया था। इसके अलावा, कूड़े-कचरे को नदी में फेंककर पानी को दूषित किया गया था, जिससे ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त था। इस गंभीर आरोप के बाद, नाबालिग बच्चों के पिता नंदकेश्वर और लालमन चेरो ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, और उप श्रमायुक्त पिपरी को शपथ पत्र देकर संबंधित सफाईकर्मी और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। ग्रामीणों का कहना है कि इतने महत्वपूर्ण शिकायत पत्रों के बावजूद आज तक दोषी सफाईकर्मी और अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं होना योगीराज में एक बड़ा सवाल खड़ा करता है। सोमवार को रामेश्वर चेरो की अगुवाई में ग्राम पंचायत कुड़वा के तुमियां चौराहे पर ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से एडीओ पंचायत, कोन और सफाईकर्मी ओमप्रकाश के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि एडीओ पंचायत, कोन और कुछ स्थानीय लोगों की मिलीभगत से इस गंभीर मामले को दबाने का पुरजोर प्रयास किया जा रहा है। संबंधित जाँच अधिकारी द्वारा भी इस पूरे प्रकरण को ठंडे बस्ते में डालने की कोशिश की जा रही है, जिससे न्याय की उम्मीद कम होती दिख रही है। स्थानीय लोगों ने एक बार फिर सूबे के मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है, जिसमें दोषी सफाईकर्मी और एडीओ पंचायत के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की गई है। ग्रामीणों ने एक स्वर में चेतावनी दी है कि अगर दोषी सफाईकर्मी और एडीओ पंचायत के खिलाफ जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो हम ब्लॉक सहित जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। प्रदर्शन में रामेश्वर चेरो, लालमणि, रामसेवक, ग्राम पंचायत सदस्या सरिता देवी, प्रमोद, नंदकेश्वर, एड. रामनारायण, रीना कुमारी, कमला, कलावती, चिखुरी देवी आदि लोग शामिल रहे। इस मामले में जब खंड विकास अधिकारी, कोन, डॉ. जितेंद्र नाथ द्विवेदी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण में जाँच अधिकारी नामित कर दिए गए हैं। आगे की कार्यवाही जाँच आख्या आने के बाद की जाएगी। अब सबकी निगाहें खंड विकास अधिकारी पर टिकी हैं कि जाँच रिपोर्ट कब आती है और बाल मजदूरी जैसे गंभीर मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ क्या कार्रवाई की जाती है।

## गंदगी से सराबोर गांधी मैदान, अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



चारागाह





**बार।** ब्लाक मुख्यालय बार में एक मात्र खेल का मैदान है। जहां मैदान में चारो ओर गंदगी फैली हुई है वहीं कुछ लोग अवैध तरीके से इसका इस्तेमाल करने में लगे हुए है। भारत सरकार एक ओर स्वच्छ भारत अभियान चला रही है पर प्रशासन उनके कार्यक्रम में ठेंगा दिखाते नजर आते है। मैदान में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा को भी स्थापित किया गया है। पर उनकी याद खाली राष्ट्रीय पर्वों पर आती है। गांधी मैदान की बाउंड्री वॉल को कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा तोड़ दिया गया है लेकिन इस ओर भी प्रशासन का कोई ध्यान नही जाता और प्रशासन मौन बना हुआ है। मैदान के अन्दर ही नालियों का संचालन किया जा रहा है जिससे मैदान में भारी मात्रा में गन्दा पानी भरा पड़ा है। गंदे पानी की वजह से मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। गांधी मैदान के आस. पास स्थित दुकानदार मैदान के अंदर ही कूड़ा कचरा फेंकते नजर आते है। सुबह - सायं होते ही मैदान के चारो ओर ग्रामीण शौच क्रिया करते नजर आते है। जहां सरकार खुले में शौच नहीं करने के लिये प्रचार प्रसार कर रही है और आर्थिक मदद भी कर रही है इसका असर ग्रामीण क्षेत्रों में नजर नहीं आता है।

**खेल मैदान को बना दिया गया**

गांधी मैदान जो कभी साफ.सुथरा और गंदगी मुक्त था, अब अतिक्रमण, कीचड़ और गंदगी से भर गया है। प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की उदासीनता के कारण मैदान की स्थिति बदहाल हो गई है। मैदान में बड़े.बड़े कीचड़ भरे गड्ढे हो गए हैं और चारों ओर घास उग आई है। दोपहर के समय यहां मवेशियों का जमावड़ा रहता है।जिन्हें उनके मालिक सड़क किनारे बैठकर चराते हैं। कुछ स्थानीय लोगों ने मैदान में मुर्गा.मछली बाजार भी लगा दिया है।जिससे गंदगी और बढ़ गई है। मैदान में बने चबूतरों पर उपले पाथे जा रहे हैं, जो इसकी दुर्दशा को और उजागर करता है।

**अतिक्रमण धारियों ने बनाया अपना गैराज**

अतिक्रमणकारियों ने गांधी मैदान को गैराज बना लिया है। वे अपने वाहन मैदान के अंदर रखते हैं। बारिश के दौरान वाहनों की आवाजाही से मैदान में बड़े.बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे यह अब खेलने लायक नहीं बचा है। अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि यदि कोई खिलाड़ी उन्हें मना करता है, तो वे झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। यह स्थिति तब है जब योगी सरकार लगातार अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है।

**इनका कहना है**

जब इस सबंध मे खण्ड विकास अधिकारी से बात की तो उन्होंने कहा की अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ नोटिस जारी किया जाएगा साथ ही मैदान की साफ सफाई करवा कर गंदगी से मुक्त करवाया जायेगा। सर्वेश कुमार रवि खण्ड विकास अधिकारी, बार

## पुदुचेरी व सीतापुर एक्सप्रेस में चोरी की घटनाएं

**●महिला का बैग और युवक का मोबाइल फोन चोरी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश के जिला हमीरपुर अंतर्गत थाना मौदहा के ग्राम अरतरा निवासी मोहिनी देवी पुत्री सुशील कुमार त्रिपाठी ने जीआरपी ललितपुर थाना पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 5 अक्टूबर को वह ट्रेन नंण् 22404 पुदुचेरी एक्सप्रेस के कोच नंण् एस.6 में बर्थ 63 पर दिल्ली रेलवे स्टेशन से इटारसी की यात्रा कर रही थी। यात्रा के दौरान वह अपनी बर्थ पर सो गयी और अपना लेडीज हैण्ड बैग जिसमें मोबाइल फोन 17 हजार रुपये काए एक चांदी की अंगूठी 2 हजार कीए एक हजार रुपये की नकदीए मोबाइल चार्जर 1500 रुपयेए इयरफोन 1500 रुपयेए पेनकार्डए आधार कार्डए वोटर आईडीए पासपोर्ट साइज फोटोए एटीएम कार्डए मेट्रो कार्डए एटीएमए सामान की कुल कीमत 23 हजार रुपये था को सिरहाने रखकर सो गयी। बताया कि अगली सुबह 6 अक्टूबर को सुबह करीब 5ृ40 बजे उसकी नींद खुली तो उसका हैण्ड बैग उसके पास नहीं था। महिला ने आरोप लगाया कि अज्ञात चोर उसकी नींद का फायदा उठाकर बैग लेकर भाग गया। उसने बैग को कोच में काफी खोजाए लेकिन वह नहीं मिला। जीआरपी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ;सीद्ध के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। वहीं उत्तर प्रदेश के ही जिला बहराइच के थाना रूपईडीहा के ग्राम बकतावर निवासी शरीफ अहमद ने जीआरपी पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बीती 14 अक्टूबर को लखनऊ से बंबई की यात्रा ट्रेन नंण् 12108 सीतापुर एक्सप्रेस के कोच नंण् एस.5 की बर्थ संख्या 73 पर कर रहा था। यात्रा के दौरान उसने अपना 75 हजार रुपये कीमत का मोबाइल फोन पेंट की जेब में रख लिया और सो गया। जब उसकी नींद खुली तो ललितपुर रेलवे स्टेशन आने वाला था। पांच मिनिट बाद उसने देखा कि उसकी पेंट की जेब से मोबाइल फोन नहीं था। अज्ञात चोर उसकी नींद का फायदा उठाकर उसका मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 ;सीद्ध के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## सोनभद्र रेणुकूट में भीषण सड़क हादसा, युवक गंभीर रूप से घायल टीम निशा बबलू सिंह ने पहुंचाया अस्पताल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र-** रेणुकूट रविवार-सोमवार की दरमियानी रात रेणुकूट के चाचा कॉलोनी के पास दो मोटरसाइकिल सवारों के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को तुरंत स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं की मदद से हिंडालको अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दुर्घटना रात्रि लगभग 12:45 बजे रेणुकूट स्थित चाचा कॉलोनी के पास हुई। दो बाइक आपस में टकरा गई, जिससे एक बाइक पर सवार युवक को गंभीर चोटें आईं। बताया जा रहा है कि हादसे में युवक का एक हाथ और एक पैर टूट गया है। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता विकास और हर्ष ने तत्काल टीम निशा बबलू सिंह के सदस्यों को सूचित किया। बिना देर किए, टीम निशा के सदस्य मौके पर पहुँचे और घायल युवक को सहायता प्रदान की। टीम के सदस्यों ने तत्काल घायल युवक को उठाकर प्राथमिक उपचार के लिए हिंडालको हॉस्पिटल में भर्ती कराया। घायल युवक की पहचान रेणुकूट नगर पंचायत के वार्ड नंबर एक, कोयला मोहल्ला के निवासी के रूप में हुई है। टीम निशा बबलू सिंह के सदस्यों ने अस्पताल में भर्ती कराने के साथ ही घायल के परिवारजनों और स्थानीय पुलिस को भी इस घटना के बारे में सूचित कर दिया।टीम निशा बबलू सिंह के सदस्य डब्लू सिंह (बबलू सिंह) ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि, प्रिय साथियों, हम लोगों का कार्य जनहित में सही दिशा में है, तो वीडियो को शेयर करें! जय हिन्द, मैं डब्लू सिंह, अपने प्रभु का दास। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि जनहित के कार्यों को साझा कर लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए।फिलहाल, घायल युवक का इलाज हिंडालको अस्पताल में चल रहा है और पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

## नाफिस ऐप पर दर्ज होगा अपराधियों का फिंगर प्रिंट डाटा

**●लंबित विवेचनाओं के त्वरित निस्तारण करें अधिकारी : एसपी**

**गूगल मीटिंग कर एसपी ने अधीनस्थों को दिये निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने गूगल मीट के जरिए जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना व चौकी प्रभारियों के साथ गूगल मीटिंग कर दिशा-निर्देश दिये। इस दौरान आईजीआरएस से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई व शत.प्रतिशत संतुष्ट फीडबैक पर विशेष जोर दिया गया। गूगल मीट में एसपी आईजीआरएस की नियमित समीक्षा, जनपद में सर्किलध्थानों पर लंबित आईजीआरएस प्रकरणों की समीक्षा कर उनके उचित, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा शत-प्रतिशत प्रकरणों का अनिवार्य रूप से फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया। जनपद के समस्त स्कूल स्थानों पर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा कर विवेचनाओं के निस्तारण हेतु सभी को निर्देशित किया। चोरी, लूट, नकबजनी, टप्पेबाजी से सम्बन्धित अपराधियों का सम्पूर्ण विवरण त्रिनेत्र एप में अध्यावधिक करने हेतु निर्देशित किया। अपराधियों के फिंगर प्रिंट का विवरण नाफिस एप में अपलोड करने हेतु सम्बन्धित थाना प्रभारी को निर्देशित किया। जिले में अवैध शराब निर्माण व बिक्री के विरूद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया, जिससे किसी भी दशा में अवैध शराब व अवैध मादक पदार्थों की बिक्री न हो। यातायात अभियान माह.नवम्बर के दृष्टिगत दो पहिया, चार पहिया व बड़े वाहनों की दुष्टिकोण से प्रभावी रूप से चेकिंग कर उनके विरूद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया है। विभिन्न प्रकरणों में वांछित, इनामियां बदमाशों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाकर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया।

## बुढ़वार में पांच करोड़ की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

**●विधायक ने विकास कार्यों को जल्द पूरा करने की बात कही**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने विकास खण्ड जखौरा अंतर्गत ग्राम पंचायत बुढ़वार में ग्रामीण विकास की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत स्वीकृत लगभग 5 करोड़ रुपये की बहुप्रतीक्षित विकास परियोजनाओं का विधिवत लोकार्पण किया गया। इन परियोजनाओं में ग्राम विकास निधि, केन्द्रीय पंद्रहवां वित्त आयोग, राज्य पंचम वित्त निधि तथा बुंदेलखंड क्षेत्रीय विकास निधि के माध्यम से स्वीकृत अनेक कार्य शामिल हैं, जिनका उद्देश्य ग्राम पंचायत में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करना एवं ग्रामीण जीवन को बेहतर बनाना है। इन परियोजनाओं में सड़क निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण, नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति सुधार, सामुदायिक भवनों का विकास, स्ट्रीट लाइटें, स्वच्छता एवं अन्य जनसुविधा से जुड़े कार्य प्रमुख हैं। इन कार्यों के पूर्ण होने से ग्राम पंचायत में विकास की गति तेज होगी और ग्रामीणों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। विशिष्ट अतिथि देशपत कुशवाहा, श्यामबिहारी कौशिक, सुरेन्द्र रजक, बीडीओ सौरभ बरनवाल, ग्राम पंचायत प्रधान अनुपम चौबे, जितेंद्र रिछारिया, ग्राम पंचायत सचिव ब्रह्मकुमार रिछारिया मौजूद रहे। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के अनेक सम्मानित पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि सरकार ग्रामीण विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए लगातार कार्य कर रही है और आने वाले समय में भी विकास की यह श्रृंखला लगातार जारी रहेगी।

## जाखलौन में ट्रैक्टर व महरौनी में डम्पर अवैध परिवहन करते पकड़ा

**●अवैध खनन का आरोप, पुलिस के सुपुर्द किये वाहन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**ललितपुर।** ग्रामीणों द्वारा अवैध खनन की शिकायत मिलने पर तहसील ललितपुर थाना जाखलौन अंतर्गत ग्राम वेसरा में खनिज विभाग की टीम द्वारा बीती 13 नवम्बर क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर ग्राम सवेरा में वाहन ट्रेक्टर महिन्द्रा 275 डी.आई. ट्रैक्टर आईसर 551 एवं ट्रैक्टर पावर ट्रक कुल 03 ट्रैक्टर उप खनिज साधारण मिट्टी का अवैध खनन एवं परिवहन करते हुये पाये गये। जिस पर खनिज अधिनियम की धाराओं के अंतर्गत कार्यवाही करते हुये उक्त तीनों वाहनो को थाना जाखलौन में पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है। ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया कि उक्त वाहन ग्राम महेशपुरा निवासी संतोष राजपूत के है। खेत स्वामी पर भी अवैध खनन के आरोप में नियमानुसार कार्यवाही की गयी है। अवैध खनन एवं परिवहन करने वाले लोगों पर लगातार सतत निगरानी एवं कार्यवाही की जा रही है, अगर भविष्य में कोई भी इस प्रकार का कृत्य करेगा तो उसके खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। इधर जिला खान अधिकारी एवं पुलिस विभाग द्वारा मध्य प्रदेश से खनिज लेकर आने वाले वाहनों की चेकिंग की गई, जिस दौरान एक वाहन एमपी 36 जेड.एफ. 9977 की जांच की गई। जांच के दौरान डंपर में एम सैंड खनिज का परिवहन पाया गया। जिस पर वैध प्रपत्र न होने के कारण जिला खान अधिकारी ने खनिज अधिनियम की धाराओं में कार्यवाही करते हुए वाहन को महरौनी पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया गया है। अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु खनिज विभाग द्वारा लगातार कठोर कार्यवाही एवं निगरानी की जा रही है।

## एसआईआर की प्रक्रिया चार दिसम्बर तक

**●राजनैतिक दलों से अवशेष बीएलए जल्द नियुक्त करने के निर्देश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निर्देशों का हवाला देते हुये बताया कि अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण.2026 एसआईआर के निर्धारित कार्यक्रम के अन्तर्गत 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक बीएलओण् द्वारा घर.घर भ्रमण कर गणना प्रपत्र वितरण एवं संग्रहण का कार्य किया जा रहा है। उक्त कार्य में बीएलएओण् को बूथ लेवल एजेन्ट्स से सहयोग एवं समन्वय स्थापित किये जाने के दृष्टिगत समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से अपने दल के बूथ लेवल एजेन्ट्स को नियुक्त जाने की अपील की गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के द्वारा आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग 10 नवम्बर 2025 के माध्यम से भी समस्त राजनैतिक दलों को बीएलएण् नियुक्त करने हेतु अनुरोध किया गया है। उक्त के क्रम में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के सम्बन्ध में जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ आयोजित बैठकों 29 अक्टूबर 2025 एवं 06 नवम्बर 2025 एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति संख्या-498 तेरह नवम्बर के अनुरोध के क्रम में जनपद के कुल 1063 मतदेय स्थलों के सापेक्ष अब तक भाजपा द्वारा.1063, सपा द्वारा.1023, बसपा द्वारा 420 एवं इण्डियन नेशनल कांग्रेस द्वारा 518 बी.एल.ए. को नियुक्त कर सूची जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करायी जा चुकी है। उक्त के परीक्षणोपरान्त बसपा को अपने अवशेष 643, समाजवादी पार्टी को अपने अवशेष-40 एवं इण्डियन नेशनल कांग्रेस को अपने अवशेष 545 मतदेय स्थलों पर बी.एल.ए. तथा जनपद में सक्रिय शेष दलों यथा आम आदमी पार्टी एवं अपना दल सोने लाल से अपेक्षा है कि वे समस्त-1063 मतदेय स्थलों पर अपने बी.एल.ए. यथाशीघ्र नियुक्त करें ताकि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्य में सम्बन्धित बी.एल.ओ. के साथ परस्पर सहयोग एवं समन्वय स्थापित कर गुणवत्तापूर्ण पुनरीक्षण कार्य जनपद में ससमय सम्पादित किया जा सके।

## मतदेय स्थलों के सम्भाजन और समायोजन हेतु प्रस्तावों पर राजनैतिक दलों के साथ हुई गहन समीक्षा

**●1200 से अधिक मतदाता वाले 93 मतदेय स्थलों को बढ़ाया गया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदेय स्थल सम्भाजन/समायोजन से संबंधित प्रस्तावों को अंतिम रूप दिए जाने के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में उप जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव ने जनपद के मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। मतदेय स्थलों के विभाजन व संयोजन हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर गहन समीक्षा की गई और 1200 से अधिक मतदाताओं वाले कुल 93 मतदेय स्थल बढ़ाये जाने का निर्णय लिया गया, जिनमें 226 विधानसभा ललितपुर के 46 और 227 विधानसभा महरौनी के 47 मतदेय स्थल शामिल हैं। बताया गया कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा उक्त मतदेय स्थलों का प्रस्ताव आयोग के अनुमोदन हेतु 20 नवम्बर को मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजा जाएगा और मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा 24 नवम्बर को उक्त प्रस्ताव आयोग को भेजा जाएगा। बैठक में विधायक महरौनी मनोहर लालए विधायक प्रतिनिधि श्रीकांत, राजनैतिक दलों से जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी हरदयाल सिंह लोधी एड., जिलाध्यक्ष बसपा अमन संतोष, जिला महामंत्री भाजपा बब्बू राजा बुन्देला, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से जसपाल सिंह, समाजवादी पार्टी से प्रमोद इमलिया, जिला महासचिव अपना दल सोने लाल सोहन लाल निरंजन, पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा जगदीश सिंह लोधी, अधिकारियों में जिला सूचना अधिकारी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह उपस्थित रहे।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**●काम करते समय अचानक गिरने से हुयी थी मूर्छित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** तालबेहट तहसील अंतर्गत पूराकलां थाना क्षेत्र के गेवरा गुदेरा गांव में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। यह घटना मंगलवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे हुई। परिजनों ने महिला को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट पहुंचायाए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान विनीता पाल ;उम्र 32 वर्षद्ध के रूप में हुई हैए जो संतोष पाल की पत्नी और गेवरा गुदेरा गांव की निवासी थी। परिजनों के अनुसारए विनीता घर का काम कर रही थींए तभी अचानक वह गिर गईं और बेहोश हो गईं। इसके बाद परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ने चिकित्सीय परीक्षण के बाद महिला को मृत घोषित किया। घटना की सूचना परिजनों द्वारा पुलिस को दी गईए जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पूराकला थाना इंचार्ज रमेश मिश्रा ने बताया कि महिला की संदिग्ध मौत हुई है। हालांकिए थाने में अभी तक कोई औपचारिक शिकायती पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। नत्थी खेड़ा चौकी इंचार्ज मनीष शुक्ला ने जानकारी दी कि उन्हें अस्पताल से घटना की सूचना मिली है। पुलिस मौके पर जाकर आगे की कार्रवाई कर रही है। उन्होंने यह भी बताया कि परिजन महिला का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर रहे हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बस दुर्घटना के घायलों से मिले डीएम, घायलों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है



**कानपुर।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने हैलेट अस्पताल पहुंचकर बिल्हौर में हुए दुर्भाग्यपूर्ण सड़क हादसे में घायल व्यक्तियों का हालचाल लिया। उन्होंने उपचार प्राप्त कर रहे सभी घायलों से बातचीत कर उनकी स्थिति जानी और अस्पताल प्रशासन से उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। जिलाधिकारी ने चिकित्सकों को घायलों के समुचित उपचार में कोई कमी न रहने के निर्देश दिए और पीड़ितों को हर संभव सहायता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने बताया कि इस दुर्घटना में 27 लोग घायल हुए हैं जिन्हें अच्छे से अच्छा इलाज दिया जा रहा है तथा तीन लोगों की दुखद मृत्यु हो गई है। उन्होंने बताया कि जो लोग ठीक हुए हैं उन्हें निजी वाहन से उनके गंतव्य को भेजा जा रहा है। दुर्घटना का कारण पूछने पर जिलाधिकारी ने बताया कि बस में सवार यात्रियों ने बताया कि दुर्घटना से पहले बस एक दो बार लहराई थी और उसके बाद पलट गई। इसकी जांच हो रही है जांच में जो सामने आएगा उसी अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### नदीहा बुजुर्ग चौकी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन, चौकीदार सम्मानित



**कानपुर।** आज पुलिस उपायुक्त पश्चिम श्री दिनेश त्रिपाठी द्वारा थाना ककवन क्षेत्रान्तर्गत नदीहा बुजुर्ग चौकी के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया गया। नए भवन के निर्माण से क्षेत्र में पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर डीसीपी पश्चिम द्वारा क्षेत्र में सेवाएँ प्रदान करने वाले चौकीदारों को सम्मानस्वरूप शॉल भेंट किए गए, जिससे उनका मनोबल बढ़ेगा और समुदाय पुलिसिंग को प्रोत्साहन मिलेगा। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान चौकी परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। महोदय ने सभी को पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ परिसर और सुव्यवस्थित कार्य वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों, पुलिस अधिकारियों एवं चौकी स्टाफ की उपस्थिति रही।

### अफीम कोठी में 21 एवं 22 नवम्बर को जनपद स्तरीय सेमिनार गोष्ठी मेला का होगा आयोजन

**प्रतापगढ़।** जिला उद्यान अधिकारी सुनील कुमार शर्मा ने बताया है कि 21 एवं 22 नवम्बर को पूर्वान्ह 10 बजे से क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान अफीम कोठी सभागार में गुणवत्तायुक्त पान उत्पादन की प्रोत्साहन योजना एवं एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत जनपद स्तरीय सेमिनार/ गोष्ठी /मेला जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें वैज्ञानिकों द्वारा खेती से सम्बन्धित कृषकों को नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। उन्होने जनपद के कृषकों से अनुरोध किया है कि गोष्ठी/मेला में प्रतिभाग अवश्य करें।

### भण्डारे में उमड़े श्रद्धालु, ग्रहण किया प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** केशवपुर अझारा में श्रीमदभागवत कथा को लेकर मंगलवार को हुए भण्डारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं भजन संकीर्तन में भी श्रद्धालुओं को भक्तिभाव में देखा गया। भण्डारे का संयोजन रमाकांत मिश्र व विशालमूर्ति मिश्र ने किया। हरिशंकर मिश्र, चेतन मिश्र आदि ने प्रसाद वितरण के तहत श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे दिखे। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रधानाचार्य सुनील शुक्ल, हरिदत्त मिश्र, प्रकाशचंद्र मिश्र, राजेन्द्र द्विवेदी, संजय सिंह, विनय शुक्ला, डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय, देवानंद मिश्र, केशवराम ओझा, अनिल त्रिपाठी महेश आदि रहे।

## सिद्धार्थनगर में फसल अवशेष प्रबंधन पर जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम, कृषि वैज्ञानिक ने किसानों को किया प्रेरित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** कृषि विज्ञान केन्द्र सोहना द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन पर मंगलवार को जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्र के वैज्ञानिक डा. शेष नारायण सिंह ने किसानों से फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों पर चर्चा की तथा बताया कि फसल अवशेष जलाने से मृदा में उपस्थित सूक्ष्म जीवों की संख्या कम हो जाती है, मृदा में उपस्थित पोषक तत्व कम हो जाते हैं, मृदा कठोर हो जाती है मृदा की जल धारण करने की क्षमता कम हो जाती है जीवांश पदार्थ की मात्रा दिन प्रति दिन कम होने से मृदा बंजर हो जाती है और उपज कम होने लगती है। केन्द्र के बीज वैज्ञानिक डॉ सर्वजीत ने बताया फसल अवशेषों को जलाने से मृदा का स्वास्थ्य खराब हो रहा है और पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है इसलिए किसान फसल अवशेष को खेत में ही डिकंपोजर की सहायता से सड़ाये। हैपी सीडर, मल्चर, रोटावेटर, सुपर सीडर और स्मार्ट सीडर कृषि यंत्रों से फसल अवशेष का प्रबंधन करें। तथा लोगों को बताया कि फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में अपने - अपने गांवों के किसानों को जागरूक करें। मृदा वैज्ञानिक डॉ प्रवेश कुमार ने प्राकृतिक खेती के बारे में जानकारी दी। उद्यान वैज्ञानिक डॉ प्रवीण कुमार मिश्र ने फसल अवशेषों को सब्जियों की खेती एवं फलों के बगीचों में अच्छादन के रूप में प्रयोग करने से खरपतवार नियंत्रण एवं पानी की बचत और उत्पादन में वृद्धि होगी। कार्यक्रम सहायक नीलम सिंह ने कृषकों को जैविक तरीके से सब्जी उत्पादन के बारे में बताया कार्यक्रम में राम नारायण, रबी गिरी, राधेश्याम, मुकेश कुमार मिश्र, अशोक कुमार सहित भारी संख्या में कृषकों ने प्रतिभाग किया।

### दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने रंजिश हुई मारपीट की घटना में दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के रेहुआ लालगंज पूरे शिवचरन तिवारी निवासिनी स्व0 छंगू शर्मा की पत्नी कैराईन ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि 16 नवंबर को रात 11.45 बजे वह घर पर खाना बना रही थी,इसी बीच पुरानी रंजिश को लेकर गांव के माता प्रसाद पुत्र स्व0 रामकिशोर व राकेश शुक्ल पुत्र माता प्रसाद गालीगलौज करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने पीड़िता व उसके बेटे रवीन्द्र को लाठी डण्डा से मारपीट कर चुटहिल कर दिया। शोर मचाने पर आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। उदयपुर पुलिस ने सोमवार की रात आरोपी माता प्रसाद समेत दो के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## दिल्ली ब्लास्ट का डर दिखाकर महिला को किया डिजिटल अरैस्ट, 666000 रुपए की ठगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** 9 से 11 नवंबर के बीच कानपुर की एक महिला के साथ डिजिटल अरेस्ट फ्रॉड की घटना हुई। ठगों ने खुद को एटीएस बताकर दिल्ली ब्लास्ट का डर दिखाया और आरोप लगाया कि उनका नंबर आतंकी गतिविधियों में पाया गया है। डराने-धमकाने पर पीड़िता ने 6,66,000 की RTGS कर दी। यह जानकारी देते हुए अपर पुलिस उपायुक्त अपराध अंजली विश्वकर्मा ने बताया कि दिनांक 9,10 और 11 नवंबर में कानपुर की एक महिला मिसेज गौड़ के साथ डिजिटल अरैस्ट का एक फ्राड हुआ है, जिसमें उनको यह बताया गया है उनका नंबर और नाम आतंकवादी गतिविधियों में पाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि चूंकि यह घटना दिल्ली ब्लास्ट के आसपास हुई है जिससे यह शक किया जा रहा है कि साइबर फ्राड करने वाले अब नये तरीके से फ्राड कर रहे हैं और दिल्ली ब्लास्ट का सहारा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि 9 तारीख को एटीएस बन कार काल आई जब कि दिल्ली ब्लास्ट के बाद 11 तारीख को एनआईए बन कर काल आई जिसके डर से महिला ने 666000 रुपया आरटीजीएस कर दिया उन्होंने बताया कि मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई प्रचलित है।

## विवाहिता का शव छत के पंखे से शाल के सहारे लटकता हुआ मिला

● गृह कलह को लेकर आएदिन पति पत्नी के बीच होता था झगड़ा

मृतका के पिता ने बेटी का हत्या करने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के मिश्रौलिया थाना क्षेत्र के मिठौवा गांव निवासी विवाहिता रोशनी ( 21 ) पत्नी अमित कुमार ने छत के पंखे से शाल के सहारे लटकता हुआ शव मिला, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया । मृतका के पति अमित कुमार ने बताया कि मेरी पत्नी रात में फांसी लगा ली है जिससे उसकी मौत हो गई हम लोगों में आए दिन घरेलू कलह होता रहता था रात में भी झगड़ा हुआ था सब लोग घर में भोजन करके सो रहे थे रात में हमको लघु शंका लगा और हम घर से बाहर निकले जब घर में आया तो देखा की मेरी पत्नी रोशनी ने घर में लगे पंखे में साल बांधकर लटक गई और उसकी मौत हो गई। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है इस मामले में लड़की के पिता से जब बात की गई तो उन्होंने बताया कि मेरी लड़की को 2 साल पहले अमित कुमार लेकर भाग गया था जिसकी सूचना हम लोगों ने पुलिस को दी थी पुलिस ने उस समय गांव के प्रधान के साथ बैठकर सुला समझौता करा कर गांव के ही काली मंदिर पर मेरी बेटी की शादी करा दी थी। मेरी बेटी रोशनी,अमित कुमार से प्यार करती थी जिससे मजबूर होकर हम लोगों ने भी हां कर दिया था। मृतका के पिता नेबूलाल का आरोप है कि मेरी बेटी को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था। दहेज की मांग कर कर मेरी बेटी को रात में मार कर पंखे से और कह रहे हैं की आत्महत्या कर दी लेकिन मेरी बेटी की हत्या की गई है इस मामले में थानाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है मौके पर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## किसान कर रहे रेशम की खेती कई राज्यों में मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**घाटमपुर-** कानपुर नगर जिले में रेशम का उत्पादन नित नए आयाम गढ़ रहा है,जिस जिले को कभी रेशम उत्पादन से नहीं जोड़ा जाता था, वहीं आज घाटमपुर,पतारा, भीतरगांव, क्षेत्र के गांवों में ऐरी,और मलबरी,रेशम का काम तेजी से फैल रहा है,खेती के बीच शुरू हुआ यह प्रयोग अब सैकड़ों किसानों की अतिरिक्त आय का भरोसे मंद आधार बन गया है,जिले के करीब 600 प्रगतिशील किसान ऐरी,मलबरी,रेशम उत्पादन से जुड़ चुके हैं, किसान खेतों में अरंडी की बुआई करतें हैं, और उसकी पत्तियों पर कीट पालते हैं ,साल में तीन से चार चक्र में कीटपालन हो जाता है, एक किसान 100 से 150 डीएफएल डाल कर 50 से 60 किलो कोया तैयार कर लेता है,बीजू खोया बीजू कोया 300रूपये किलो और व्योवसायिक कोया 100 से 110 किलो मे खरीदा जाता है एक कोया में 800 सेइ1200 मीटर रेशमी धागा मिलता है, गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, और बनारस,के व्यापारी गांव पहुंच कर ख़रीद करते हैं, जिससे किसानों को दाम और बाजार की चिंता नहीं रहती, गांव सुजान पुर के किसानों ने बताया कि रेशम ने खेती की अनिश्चितता काफी हद तक खत्म कर दी,हर चक्र में नकद आए हो जाती है,अब व्यापारी गांव में खरीद लेते हैं, इससे समय और खर्च दोनों बचते हैं, किसानों ने बताया कि अरंडी के साथ रेशम जोड़ना आसान काम है,साल में कई बार आय मिल जातीं हैं,अब गांव के अन्य किसान जुड़ने लगें हैं, सहायक निदेशक रेशम,,एस के,रावत ने बताया कि क्षेत्र के घाटमपुर,पतारा, भीतरगांव, में ऐरी रेशम कीटपालन एक मजबूत मांडल हैं लगभग 600किसान हर चक्र में 50 से 60 किलो कोया तैयार कर रहे हैं, जिला धिकारी कानपुर नगर जितेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि शासन की नीति है कि किसानों को स्थिर और सुरक्षित आए के नए अवसर मिलें,रेशम कीटपालन उसी दिशा में सफल मांडल बनकर सामने आया है,प्रशिक्षण तकनीक और विपणन की पूरी व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।

## सिद्धार्थनगर में जिला स्तरीय उद्योग व्यापार की बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जिला स्तरीय उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु एवं एम.ओ.यू. की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं विधायक श्यामधनी राही, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, सांसद प्रतिनिधि एस0पी0अग्रवाल, की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा सभी व्यापारियों का परिचय प्राप्त किया गया। जिलाधिकारी द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्ति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बैठक की कार्यवृत्त में की कार्यवाही का पूरा विवरण लिखे। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि जिन लोगो द्वारा एम0ओ0यू0 पर हस्ताक्षर किये गये है उनसे सम्पर्क करके उनकी समस्याओं का समाधान करायें तथा ज्यादा से ज्यादा निवेश करने के लिए प्रेरित करें। जिलाधिकारी ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित अधिकारियों को उसके निस्तारण हेतु निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को ओडीओपी योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना हेतु शासन से प्राप्त लक्ष्य को शतप्रतिशत पूर्ण करने तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के लाभार्थियों के आवेदन को अधिक से अधिक कराने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने उद्योग स्थापित करने हेतु, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना की जो पत्रावलियां बैंको में ऋण उपलब्ध कराने के लिए जाती हैं उसको समय से स्वीकृत कराने का निर्देश दिया। निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समयान्तर्गत निस्तारण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त उद्योग को निर्देश दिया कि व्यापारियों की समस्याओं का सम्बंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर निस्तारण करायें। विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से सम्पादित कराये जाने हेतु निर्देश दिया गया। जर्जर विद्युत पोल को ठीक कराये। नगर पंचायत शोहरतगढ़ में मीट कामपलेक्स बनकर तैयार हो गया है उसमें संचालित कराने हेतु निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया मीट/मछली की दुकान आबादी दूर होना चाहिए। टैक्सी स्टैण्ड निर्धारित स्थान पर ही संचालित हो। इसके अलावा दुग्ध विभाग पशुपालन विभाग, एमएसएमई, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग, प्रधानमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, एक जपपद एक उत्पाद योजना आदि के संबध में व्यापारियों को लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। व्यापारियों द्वारा समस्याओं का समय से निस्तारण कराने पर जिलाधिकारी को बधाई दिया गया। इस दौरान उपायुक्त उद्योग उदय प्रकाश, जिला पर्यटन अधिकारी प्रिया सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, लीड बैंक अधिकारी आर0के0सिन्हा, व अन्य सम्बंधित अधिकारी तथा व्यापारियों की उपस्थिति रही।

### आरोपी के खिलाफ चोरी का मुकदमा हुआ दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** पीड़िता के घर में ताला तोड़कर जेवरात व नकदी की चोरी की घटना को लेकर उदयपुर पुलिस ने आरोपी उसके देवर के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रामपुर भासो निवासी स्व0 शिवमूर्ति वर्मा की पत्नी सुशीला ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह अपनी माता का इलाज कराने घर में ताला लगाकर प्रयागराज मायके चली गयी थी।12 सितंबर को वह ससुराल वापस आयी तब कमरे का ताला टूटा देखा। पता करने पर मालूम हुआ कि उसके देवर राहुल वर्मा पुत्र रामलाल ने कमरे का ताला तोड़कर नया ताला लगा दिया है। पीड़िता ने खिड़की से कमरे के अंदर झांका तब देखा कि उसका बाक्स का भी ताला टूटा हुआ है। पीड़िता ने तहरीर में कहा है कि आरोपी ने उसके कमरे में अपना ताला जबरिया लगा दिया है। पीड़िता ने अपने कमरे के अंदर जेवरात व नकदी की भी चोरी की बात कही है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी राहुल के खिलाफ चोरी समेत गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

## आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलटी, 3 की मौत, 25 घायल





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** दिनांक 18.11.2025 को लगभग प्रातः 03:20 बजे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 216 के पास दिल्ली से सिवान जा रही डबल डेकर बस संख्या BR 23 P 9389 अनियंत्रित होकर पलट गई। इस दुर्घटना में करीब तीन लोगों की मृत्यु हो गई और 25 यात्री घायल हो गए। सहायक पुलिस आयुक्त मंजय सिंह ने बताया कि इस दुर्घटना में करीब 25 यात्री घायल हुए हैं, जिनमें से 15 यात्रियों को एम्बुलेंस द्वारा सीएचसी बिल्हौर लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार उपरांत सभी घायलों को हैलेट अस्पताल, कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया, जहाँ उनका उपचार जारी है। दुर्घटना में तीन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है। तीनों मृतकों के पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर उन्हें पोस्टमार्टम हेतु हैलेट अस्पताल भेज दिया गया है। घटना के संबंध में आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचलित है। पुलिस के अनुसार मृतकों का विवरण इस प्रकार है, शशि गिरी पुत्र धर्मेंद्र गिरी निवासी मीरापुर थाना सिवान जनपद सिवान बिहार, नसीम अलम पुत्र सोहेल अहमद 30 वर्ष निवासी थाना डुमरियागंज जनपद ईस्ट चंपारण मोतिहारी बिहार, एक बालक उम्र करीब 5 वर्ष निवासी सोनबरसा थाना श्रियानी जनपद शिवहर बिहार।

## कानपुर में दिल्ली से बिहार जा रही डबल डेकर बस पलटने से तीन की मौत, दो दर्जन घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** नशे की हालत में तेज रफ्तार से वाहन चलाना लोगों की असमय मौत का कारण लगातार बना रहा है। इसी क्रम में दिल्ली से बिहार जा रही डबल डेकर बस के पलटने से तीन यात्रियों की मौत हो गई, जबकि दो दर्जन से ज्यादा घायल हो गए । उन्हें यहां के हैलट हालत अस्पताल में भर्ती कराया गया है । आज मंगलवार की सुबह हुई इस घटना में 15 लोगों की हालत गंभीर बताई गई है। बताते हैं की घटना चालक को झपकी आ जाने की वजह से हुई। साथ ही वह नशे में भी बताया गया है। यहां पुलिस से प्राप्त विवरण के मुताबिक बिल्हौर के अरौल थानाक्षेत्र अंतर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर मंगलवार तड़के दिल्ली से बिहार जा रही एक डबल डेकर बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे मौके पर ही तीन यात्रियों की मौत हो गई और दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस वक्त हुआ जब बस दिल्ली से बिहार की तरफ जा रही थी और बिल्हौर के अरौल थानाक्षेत्र में एक्सप्रेसवे पर मोड़ के पास पहुंची। भोर का समय होने के कारण संभवतः चालक नियंत्रण खो बैठा और बस पलट गई। हादसा इतना भीषण थी कि बस के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को तत्काल सीएचसी ले गई। वहीं, 15 लोगों की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें कानपुर के हैलट अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मृतकों की शिनाख्त की कोशिश की जा रही है।

### 20 नवम्बर को कृषि यंत्रों के लाभार्थियों का होगा चयन

**प्रतापगढ़।** उप कृषि निदेशक विनोद कुमार यादव ने बताया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग द्वारा संचालित मैकेनाइजेशन एंव इन-सीटू योजनान्तर्गत समस्त कृषि यन्त्रों जिसकी बुकिंग 15 अक्टूबर से 29 अक्टूबर के मध्य जनपद के जिन कृषको द्वारा कृषि विभाग के पोर्टल पर आनलाइन बुकिंग की गयी है, जिसमें लाभार्थियो का चयन 20 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से कृषि भवन प्रतापगढ़ के सभागार कक्ष में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जनपद स्तरीय कार्यकारी समिति की उपस्थिति में ई-लाटरी के माध्यम से किया जाना है। उप कृषि निदेशक ने जनपद के समस्त संबधित कृषकों, जिनके द्वारा कृषि यन्त्रो हेतु आनलाइन बुकिंग की गयी है उनसे अपील किया है कि ई-लाटरी हेतु निर्धारित तिथि, स्थान व समय पर उपस्थित रहकर ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थियो के चयन में सहभागिता करें।

## कानपुर में बच्चों की कविताएं कहानियां बनी किताब का हिस्सा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर-** कानपुर के सहायक शिक्षक शेखर यादव ने बच्चों को किताबों से जोड़ने के लिए एक अनूठी पहल की है, उन्होंने उत्तर प्रदेश के 30 जिलों के 134 बच्चों की कहानियों कविताओं और चित्रों को संकलित कर बाल -मन नामक पुस्तक तैयार की हैं, यह पुस्तक बाल दिवस के अवसर पर लांच की गई थी, और देश भर में चर्चा का विषय बनीं हुई हैं,अब तक इसकी 300से अधिक प्रतियां आनलाइन माध्यम से बिक चुकी है,शेखर यादव के अनुसार बाल - मन ग्रामीण परिवेश के बच्चों को अपनी लेखन और कला के माध्यम से खुद को अभिव्यक्त करने का अवसर प्रदान करतीं हैं,यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020के तहत् स्थानीय भाषा और रचनात्मक को बढ़ावा देने की दिशा में एक प्रयास हैं, पुस्तक के लिए बच्चों से स्थानीय भाषा में मौलिक कहानी या कविता लिखने और उस पर आधारित चित्र बनाने को कहा गया था,इस प्रक्रिया ने बच्चों में लेखन और पठन के प्रति नई रूचि जगाई,हाल ही में लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित गोमती महोत्सव में इस पुस्तक को प्रदर्शित किया गया था,इसे जल्द ही विश्व पुस्तक मेला नई दिल्ली में प्रस्तुत किया जाएगा,शेखर यादव ने बताया कि इस पहल से बच्चों में पुस्तकों के प्रति लगाव बढ़ेगा,आईसीटी पाठशालाओ के माध्यम से सैकड़ों शिक्षक इस पहल को आनलाइन आगे बढ़ाने में सहयोग कर रहे हैं, छात्रा शान्विका यादव और छात्र हिमांशु जैसे बाल रचनाकारों ने अपनी कविताओं को किताब में देखकर गर्व और प्रेरणा व्यक्त की है।

## सीडीओ ने बैंकर्स को लगायी फटकार, लक्ष्य पूर्ति के दिये सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई। आवंटित 1750 लक्ष्यों के सापेक्ष बैंको द्वारा 831 आवेदन पत्रों में ऋण स्वीकृत किये गये तथा 924 आवेदनों में ऋण वितरित किया गया है। समीक्षा के दौरान बैंक ऑफ बड़ौदा, भारतीय स्टेट बैंक और पंजाब नेशनल बैंक की प्रगति सन्तोषजनक नहीं पाई गई। बैठक में उपस्थित समन्वयक बैंक ऑफ बड़ौदा, क्षेत्रीय प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, समन्वयक पंजाब नेशनल बैंक द्वारा आश्वस्त किया गया कि उनके स्तर से सभी शाखा प्रबंधकों को प्रत्येक माह का लक्ष्य निर्धारित करते हुए लक्ष्य पूर्ति हेतु निर्देशित कर दिया गया है। औसत से अधिक समय तक बैंको में आवेदन पत्र लम्बित रखने पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी बैंक समन्वयकों को निर्देशित किया गया कि बैकर्स अपना रवैया सकारात्मक बनाये।आवेदकों का सहयोग करें और किसी भी दशा में आवेदन निरस्त न करें। यदि आवेदन पत्रों में कुछ कमियां हो तो उपायुक्त उद्योग से समन्वय बनाकर निस्तारण करायें। सभी बैंकर्स लक्ष्यानुरूप प्रगति अनिवार्य रूप से पूर्ण करें अन्यथा उनके विरूद्ध कार्यवाही हेतु उनके उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा जायेगा। बैठक में क्षेत्रीय प्रबन्धक स्टेट बैंक, क्षेत्रीय प्रबन्धक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, अग्रणी प्रबन्धक के साथ सभी प्रशिक्षणदायी संस्थाओं के अधिकारी, सभी बैंको के बैंक समन्वयक उपस्थित थे। बैठक का संचालन उपायुक्त उद्योग अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## प्रदेश सरकार मत्स्य पालन को बढ़ावा दे रही हैं - मंत्री डॉ संजय निषाद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री, मत्स्य विभाग, डा. संजय कुमार निषाद की अध्यक्षता में मत्स्य सम्पदा योजना अन्तर्गत रिवर रैचिंग कार्यक्रम सांसद जगदम्बिका पाल, मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में राप्ती नदी घाट बांसी में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने मछुआ समाज व मत्स्य पालकों से कहा कि मछुआ समाज के लोगों को प्रदेश सरकार आगे बढ़ाने का काम कर रही है। मत्स्य पालन के लिए बेहतर अनुदान, संसाधन व बाजार उपलब्ध करा उन्हें मजबूत व आर्थिक संपन्नता की ओर अग्रसर करने में प्रयासरत है। हम आप सभी से आग्रह करते हैं कि आप संगठित रहें। अपने हक व अधिकार के लिए लड़ें और अपने पाल्यों को शिक्षित करें। शिक्षा क्षेत्र में भी सरकार बहुत सारी सुविधाएं मुहैया करा रही हैं। उन्होंने कहा कि जिले में मछली उत्पादन का क्षेत्र बड़ा है। यहां की मछलियां बाहर तक जा रहीं हैं। इनके लिए और बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासरत हैं। आज एक लाख मछली के बच्चों को नगर स्थित राप्ती नदी में प्रवाहित किया गया।

सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनपद को आकांक्षी जनपद में शामिल कर इसके विकास के लिए निरन्तर कार्य कर रहे है। नदियों का पानी दूषित हो चुका था और जीवन दायिनी नदियों का अस्तित्व खतरे में पड़ गया था लेकिन हमारी सरकार ने अभियान चलाकर इसका पुनर्चक्रण किया जिससे जहां मछुवा समाज को फिर से रोजगार उपलब्ध हुआ वहीं नदियां भी हरी भरी हों रहीं हैं। मछली पालन क्षेत्र में सिद्धार्थनगर का प्रदर्शन काफी बेहतर है। मत्स्य पालकों को बेहतर बाजार मुहैया हो और उन्हें सरकार के अनुदान का लाभ मिले इसके लिए हमेशा प्रयासरत हैं। उन्होंने मछुआ समाज के लोगों से कहा कि योगी मोदी की सरकार आपके बेहतर भविष्य में विषय में सोच रही और काम कर रही। आप अपने को एकता के सूत्र में पिरोए रहें ताकि आप अपने हक व अधिकार की लड़ाई लड़ सके।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में घुसकर ग्राम प्रधान को दी धमकी,चार नामजद

**हमीरपुर-** बिंवार थाना क्षेत्र के ग्राम कल्ला के ग्राम प्रधान शिवशरण पुत्र काशीराम ने थाने में तहरीर देकर बताया सोमवार सुबह जब वह गांव की गौशाला की देखरेख करने पहुंचा तो देखा कि, गांव को रोहित पुत्र आनंद सिंह गौशाला में टहल रहा था। ग्राम प्रधान ने बताया कि जब उससे घूमने की वजह पूछी तो गाली गलौज करने लगा। ग्राम प्रधान ने बताया कि उसके बाद दिन मे रोहित, जगदेव, आनंद सिंह और राजकुमार लाठी डण्डा लेकर उसके घर आ गए और गाली गलौज तथा जान से मारने की धमकी देने लगे।ग्राम प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने चारों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर शांति भंग में चालान कर दिया है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी नंदलाल प्रजापति ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच मारपीट का मामला है। मुकदमा दर्ज कर शांति भंग की कार्यवाही की गई है।

### श्याम सेवादार मंडल नोएडा रजि. ने मनाया छठा श्री श्याम वार्षिक महोत्सव



**नोएडा।** श्री श्याम सेवादार मंडल नोएडा रजि. ने धूमधाम से छठा श्री श्याम वार्षिक महोत्सव नोएडा स्टेडियम सेक्टर 21 मे मनाया। जिसमे हजारों की संख्या में श्याम भक्त मजूद रहे। भजन गायक शीतल पाण्डेय, शिवम रावल एवं भजन गायिका अनुष्का ने बाबा खाटू श्याम के गीतों से पूरा पंडाल भक्तिमय कर दिया। आयोजक मंडल के प्रधान श्याम सेवक एवं अध्यक्ष विजय भारद्वाज ने बताया की श्री श्याम सेवादार मंडल नोएडा रजि. के द्वारा, पूरी टीम की मेहनत व सहयोग से छठा श्री श्याम वार्षिक महोत्सव धूमधाम से और भक्ति में माहौल में भंडारे के साथ आयोजित हुआ। 15 नवंबर को इस्कॉन मंदिर से स्टेडियम तक भव्य निशान यात्रा भी निकली गई। उन्होंने बताया की संस्था 7 साल पुरानी है और हर चौथे शनिवार को मासिक संकीर्तन करते हैं। पंडाल में उपस्थित सभी श्याम भक्तों को राम मेहर भारद्वाज, मांगेराम, महेश गुप्ता,आलोक यादव व संजय गर्ग ने धन्यवाद दिया।

### राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन से कूदकर छात्र ने की आत्महत्या, शिक्षक से परेशान होने की बात आ रही सामने

**छात्र ने मेट्रो स्टेशन पर की आत्महत्या।**

**मानसिक तनाव के कारण उठाया कदम।**

**पुलिस ने शुरू की मामले की जांच।**

**नई दिल्ली।** राजधानी के राजेंद्र नगर मेट्रो स्टेशन पर मंगलवार को एक छात्र ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद स्टेशन पर अफरा-तफरी मच गई। सूत्रों के मुताबिक, मृतक छात्र हाल ही में मानसिक तनाव से गुजर रहा था। प्रारंभिक जानकारी में यह बात सामने आई है कि उसे एक शिक्षक की ओर से लगातार परेशान किया जा रहा था, जिसके कारण वह गंभीर तनाव में था। उसी तनाव के चलते उसने यह कदम उठाया है। घटना की सूचना मिलते ही मेट्रो पुलिस और स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस छात्र का मोबाइल फोन और अन्य सामान जब्त कर चुकी है और जांच जारी है। पुलिस के मुताबिक सभी एंगल पर जांच चल रही है। परिवार से भी पूछताछ की जा रही है, ताकि छात्र के मानसिक हालात और संभव कारणों की स्पष्ट जानकारी मिल सके।

### आजमगढ़ में पशुशाला में घुस कर गोकशी करने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

**आजमगढ़।** अतरौलिया थाना क्षेत्र की गोरथानी गांव में आठ नवंबर 2025 को पशुशाला (बरदौर) में घुस कर गोकशी करने वाले दो अपराधियों को पुलिस ने मंडोही-गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे के पास से मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान इरफान निवासी कौड़ाही थाना बसखारी जिला अंबेडकर नगर और शहजादे आलम उर्फ चांद निवासी मोहल्ला अब्दुल कलाम नगर, अतरौलिया के रूप में हुई है। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि गिरफ्तार अपराधियों ने पूछताछ में बताया कि वे अपने साथियो आरिफ, अखलाक, शमीम व करीम (सभी अंबेडकर नगर के रहने वाले हैं) के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से गोकशी की घटना को अंजाम देते थे। आठ नवंबर को सभी पशुशाला का ताला तोड़ अंदर घुसे थे। यहां बंधी दो गोवंशों का वध कर मांस लेकर कार से फरार हो गए थे। उक्त मांस को बचने के बाद मिले राशि को आपस में बांट लिया था। पुलिस ने बदमाशों के पास से घटना में प्रयुक्त दो चापड़,10,500 नकद बरामद किया है। इरफान पर आजमगढ़ के विभिन्न थानों में 13 गोकशी सहित अन्य आपराधिक मामला दर्ज है। वहीं शहजादे आलम पर दो मामले दर्ज हैं। पुलिस शेष अपराधियों के गिरफ्तारी को दबिश दे रही है।

# फर्जी बिल लगाकर मालामाल हो रहे सचिव सरपंच करकटी

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिनेश चौधरी की रिपोर्ट**




**शहडोल** जिले के जनपद पंचायत सोहागपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत करकटी में भ्रष्टाचार चरम पर हैं। जहाँ एक ओर सरकार हर व्यक्ति को हर सम्भव योजना के साथ साथ व्यक्ति विशेष को लाभान्वित करने का संकल्प लिया हैं। वही पंचायत सचिव के द्वारा सभी बिलों को छोटे छोटे अमाउंट में पंचायत दर्पण सहित अन्य पोर्टल पर अपलोड किया जा रहा है। जिससे यह साफ हो रहा कि भ्रष्टाचार किस कदर सचिव सरपंच के द्वारा मचा रखा हैं। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में निर्माण कार्य के लिए लाखों रुपए मुहैया करा रही है। जिससे ग्रामीण स्तर पर उपयोगी व सभी कार्य गुडवत्ता पूर्व हो सके। जिसमें ग्रामीणों को सुविधा मुहैया और जरूरते पूरी की जा सकें। जिसके तहत पंचायत स्तर पर शासन द्वारा चलाए गए कई योजनाएं जो ग्रामीण हित के लिए कराई जाती है, पर इस कालाबाजारी के दौर पर और मिलावट खोरी के इस दौर में हर कोई सिर्फ अपने कमिशन से मतलब रखता है। उसे निर्माण कार्य से कोई भी मतलब नहीं रहता। फिर चाहे वह किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य क्यों ना हो, कारण यह भी हैं कि अधिकारी जमीनी स्तर पर मौका मुआयना करने नहीं जाते। जिससे कि निर्माण एजेंसी और अधिकारियों की साठ-गाठ से निर्माण धीन कार्य भी अधूरा और ढहने की कगार पर हैं।

**फर्जी बिलों का कारखाना है पंचायत करकटी**

ग्राम पंचायतों में राजीव जायसवाल की फर्जी बिलों का जमावड़ा लगा हुआ हैं। आपको बता दे कि हाल ही लगे दो बिल ये दर्शाता हैं कि ग्राम पंचायत के बाहर 16 ट्रैक्टर मुरुम भाड़ा सहित जिसकी कीमत 15104 रुपये का बिल 16/09/25 को लगी हैं। वही दूसरी ओर 19/08/25 को रोड़ा 4000 रुपये और ट्रैक्टर भाड़ा 4000 रुपये की लागत से बिल लगाया गया हैं। लेकिंजो सच्चाई दिखती हैं उसको कोई अनदेखा नहीं कर सकता। आपको बता दे ग्राम पंचायत के बाहर देखकर कोई यह नहीं कर सकता हैं कि दो टाली से ज्यादा मुरुम गिरा हो। पर पंचायत सरपंच सचिव की जुगाड़ इतना कि जिले में कोई ऐसा अधिकारी भी की ग्राम पंचायत करकटी का बिल रोक सके चाहे फर्जी हो या गलत ऐ जय वीरू की जोड़ी ग्राम पंचायत में इस कदर चर्चित है कि इनकी मनमर्जी के बिना कोई काम नहीं होता।

फर्जी बिल लगाकर लूट रहे हैं ग्राम पंचायत करकटी को सरपंच सचिव की जोड़ी बनी है नं 1

हम दोनों की जोड़ी को कोई कुछ नहीं कर सकता है शासन प्रशासन को मैं अपनी जेब में रखता हूं हमारी सरकार है इस लिए सरकार के रहते मनमौजी करूंगा यहां हम दोनों का राज चलता है और हमेशा चलेगा यह बड़े दबंगई से दोनों का कहना मेरी मर्जी, इस संबंध में जानकारी मांगे गए तो फोन नहीं उठा, जिला कलेक्टर डॉ केदार सिंह शहडोल।

## संकुल शिक्षक बैठक में विद्यालयों को निपुण बनाने पर हुई चर्चा



**हमीरपुरः-** महानिदेशक स्कूल शिक्षा एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर के निर्देशन में मंगलवार के दिन इंगोहटा न्याय पंचायत के विद्यालयों के शिक्षकों की संकुल शिक्षक बैठक प्राथमिक विद्यालय बिल्हडी विकास खंड सुमेरपुर जनपद हमीरपुर में



आयोजित की गयी। बैठक में एकेडमिक रिसोर्स परसन अकबर अली ने शिक्षक शिक्षिकाओं को निपुण प्लस, विद्यालय एप, बच्चों के आकलन, शिक्षक संदर्शिका प्रयोग, टीएलएम, परख सर्वेक्षण, निपुण लक्ष्य, दक्षताएं एवं विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।एआरपी अभिषेक शुक्ला ने गणित टीएल एम, आकलन व एनडीएमसी को बताया। बैठक में विभिन्न विषयांतर्गत शिक्षण सामग्री को लक्ष्मी देवी, रीना राठोर, रिचा, प्रीति, किशोर कुमार, कुसुमा, नौशाद खां, बीनू पुरषोत्तम, गुरमीत कौर, संध्या व राजीव कुमार निगम ने प्रदर्शित कर समझाया। संचालन रणजीत सिंह प्रधानाध्यापक द्वारा किया गया। न्याय पंचायत इंगोहटा सुमेरपुर के समस्त नामित शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के आदेश को ठेंगा दिखा ट्रैक्टर ट्रॉली पर भर रहे सवारियां




**● यातायात पुलिस को किसी बडे हादसे का इंतजार**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हमीरपुर-** ट्रैक्टर ट्राली में यात्रा के दौरान होने वाले हादसों से पुलिस और यातायात पुलिस सबक नहीं ले रही है जिसके चलते एक बार फिर बडे हादसे की आहट सुनाई देने लगी है।

ज़िले में इन दिनों गांव-गांव में मेलों का दौर चल रहा है। लेकिन मेला देखने की उत्सुकता लोगों के लिए जानलेवा साबित हो सकती है, क्योंकि बड़ी संख्या में लोग अपनी सुरक्षा की परवाह किए बिना ट्रैक्टर-ट्रॉलियों में सवार होकर सफर कर रहे हैं।

सरकार द्वारा ट्रैक्टर-ट्रॉली पर सवारी ढोने पर सख्त रोक लगाए जाने के बावजूद, मौदहा क्षेत्र में मुख्य मार्गो पर पर ऐसी कई तस्वीरें कैमरे में कैद हुई हैं, जहां मेले में जाने वाले लोग ट्रैक्टरों में बैठे दिखाई दे रहे हैं। यह वही मार्ग हैं जिन पर कई हादसे हुए हैं और लगातार हो रहे हैं सवाल यह है कि क्या ट्रैफिक पुलिस को यह ट्रैक्टर सवारियां भरकर दौड़ते दिखाई नहीं दे रहे हैं, या फिर पुलिस किसी बड़े हादसे के इंतज़ार में है?

यातायात नियमों के मुताबिक, ट्रैक्टर केवल कृषि कार्यों के लिए मान्य हैं – लेकिन हमीरपुर में इन दिनों इनका इस्तेमाल खुलेआम सार्वजनिक सवारी ढोने में किया जा रहा है। ट्रैफिक पुलिस की जिम्मेदारी बनती है कि ऐसे वाहन चालकों पर सख्त कार्रवाई करे, ताकि किसी अनहोनी से पहले ही सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।बताते चलें कि बीते सप्ताह जिला मुख्यालय के शीतलपुर के पास ट्रैक्टर ट्राली पलटने से डेढ दर्जन लोग घायल हुए थे जबकि मौदहा कोतवाली क्षेत्र के सिजवाही निवासी एक बच्चे का मुण्डन कराने गए थे और ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे वहीं बीते साल भगत बाबा का मेला देखने जाते समय कपसा रोड पर ट्रैक्टर ट्राली पलटने से दो दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे , जिम्मेदार एक बार फिर किसी बडे हादसे के इंतजार में हैं।

## सिलापथार में जुबीन गर्ग का 53 वां जन्मदिन पालन, जिला भाजपा की तरफ़ से रक्तदान शिविर का आयोजन





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**धेमाजी असम।** असम के दिवंगत हार्टथ्रोब जानेमाने कलाकार जुबीन गर्ग का 53वां जन्मदिन आज राज्य के विभिन्न प्रांत के साथ सिलापथार के विभिन्न क्षेत्रों में पालन किया गया। भैरबपुर आंचलिक बंगाली युवा छात्र फेडरेशन ऑफिस परिसर में असम जातीयताबादी युवा परिषद और कृषक मुक्ति संग्राम समिति के धेमाजी जिला समिति ने भैरवपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स और स्थानीय लोगों के सहयोग से जुबिन गर्ग की प्रतिच्छ्बि पर पुष्पांजलि अर्पित कर नाहर पेड़ के पौधा लगाकर जन्म दिवस पालन किया।

इस कार्यकम में धेमाजी जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीटूपन नियोग और साहित्यकार कस्तोरी चुटिया ने भाग लिया और जुबीन गर्ग पर बात लम्बे टिप्पणी दिया। अनुष्ठान से जुबिन गर्ग की मृत्यु के विचार पक्रिया जल्द समाप्त कर न्याय दिलाने की मांग की। दूसरी और दोनी पोलो कंपल्स सिलापथार में धेमाजी जिला बीजेपी की तरफ से रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

शिविर में भारत तिब्बत बॉर्डर पुलिस फ्रेंच की जवानों ने भी रक्तदान किया। अनुष्ठान में विधायक भुवन पेगू, लायन्स क्लब सिलापथार के कार्यकर्ताओं, सिलापथार मंडल भाजपा के अध्यक्ष गंगा पेगू, युवा मार्च के कार्यकर्ताओं ने शिविर में भाग बढ़चढकर भाग लिया।

## मिर्जापुर में सड़क हादसे में दो मजदूरों की मौत




**मिर्जापुर** जिले के पड़री थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह मोटरसाइकिल सवार दो मजदूरों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे उनकी मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पड़री थाना प्रभारी अजीत सिंह ने बताया कि कपसौर इलाके में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दोनों युवक दिहाड़ी-मजदूरी के लिए घर से निकले थे। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के शादी बनकट निवासी इज़्मान (25) और इस्राइल (22) के रूप में हुई है। थाना प्रभारी के अनुसार, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अज्ञात वाहन का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

## अमृतदीप महोत्सव में भव्य शोभा यात्रा निकाल स्वामी ब्रम्हानंद की प्रतिमा का हुआ अनावरण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**हमीरपुरः-** जिलापंचायत अध्यक्ष जयंती सन्तराम राजपूत के पिता स्व0अर्जुन सिंह व माता जी स्व0 ब्रम्हारानी की याद में जनपद के उनके पैतृक गांव करही, सरीला में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अमृत दीप महोत्सव का आयोजन व बुन्देलखण्ड में शिक्षा की अलख जगाने वाले परम पूज्य त्याग पुरुष स्वामी ब्रम्हानंद जी की शोभायात्रा और उनकी मूर्ति का अनावरण किया गया।वही महोत्सव में एक दिवसीय दंगल का भी आयोजन किया गया।महोत्सव में पूर्वाह्न सुबह 9 बजे से स्वामी ब्रम्हानंद जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में दर्जनों घोड़े, रबी बाजे, भांगड़ा, डीजे, बहरूपिया पार्टी,के साजबाज के साथ बज रही धुनों से गूँजते सुर सुहावने लग रहे थे। वही सैकड़ो महिलाएं अपने सिर पर सजे कलस शोभा यात्रा की शोभा बढ़ा रही थी।वही सैकड़ो की संख्या में आये जनप्रतिनिधि व लोग शोभा यात्रा के साथ चल रहे थे। यह यात्रा उनके ग्रामीण निज निवास से चल कर समूचे गांव का भ्रमण कर उनकी माता पिता की समाधि स्थल पर समाप्त हुई। तदुपरांत वही आवास के निकट गांव में ही त्याग पुरुष स्वामी ब्रम्हानंद जी महाराज की अलोकित प्रतिमा का जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, प्रतिनिधि सन्तराम राजपूत व राठ विधायक मनीषा अनुरागी व अन्य आये मेहमान जनप्रतिनिधियों ने अनावरण किया।इस बीच स्वामी जी अमर रहे के नारों ने समूचा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। स्वामी जी की प्रतिमा के अनावरण होने पर सभी लोगो ने इस कार्य की भूरी भूरी प्रशंशा की।वही इस दौरान एक दिवसीय दंगल का उटघाटन भी जिला पंचायत प्रतिनिधि सन्तराम राजपूत ने द्वारा पहलवानों का हाथ मिलवा कर किया गया।

इस बीच दूरदराज से आये प्रसिद्ध पहलवानों ने अपने दांव पेंच दिखाए जिसको देख भव्य दंगल लोगो को खूब भाया।इस बीच दो दर्जन से अधिक कुश्तियां हुई यह दंगल अत्यंत रोचक रहा। वही महोत्सव में लगे मेले में बच्चों ने झूलों का खूब आनंद उठाया तो वही मेले में लगी दुकानों में महिलाओ पुरुषों व बच्चों ने जमकर खरीददारी की। जिससे आये ब्यापारियों के चेहरों पर खुसी देखने को मिली।राठ विधायक मनीषा अनुरागी, सरीला ब्लॉक प्रमुख चंद्रिका राजपूत, मुस्कुरा ब्लॉक प्रमुख वीर नारायण राजपूत, जिला पंचायत सदस्य करण सिंह, मदन पासवान, अनुज राजपूत, महेंद्र अनुरागी, राम सजीवन यादव, विमलेश कुमारी,गोहांड ब्लाक प्रमुख अरविंद मुखिया, राठ ब्लॉक प्रमुख रामदुलारी अनुरागी नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, सत्यप्रकाश राजपूत, शक्ति चौरसिया, राम आसरे राजपूत, राम औतार राजपूत, रामसेवक राजपूत, गोहांड के पूर्व चेयरमैन जीतेन्द्र राजपूत, पूर्व ब्लाक प्रमुख महेंद्र राजपूत, पूर्व ब्लाक प्रमुख द्रगपाल राजपूत, पूर्व ब्लाक प्रमुख मुकेश राजपूत, लीला राजपूत, एवं लक्ष्य परिवार की पूरी टीम सहित आसपास के प्रधानगण सहित समस्त ग्रामवासी और जनपदवासी उपस्थित रहे।

# 6 साल पहले पेरोल से फरार मुजरिम कभी बिहार तो कभी कोलकाता में छिपा रहा, क्राइम ब्रांच ने शामिर लुटेरे को दबोचा

**● साल 2019 में बंदूक की नोक पर लूट करने वाला गिरफ्तार।**

**तंबाकू की दुकान से दोस्तों के साथ मिलकर की थी लूटपाट।**

**पहले बिहार के सहरसा और बाद में कोलकाता में जा छुपा।**




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अपराध करने के बाद अपराधी खुद को बचाने के लिए कितनी भी जुगत कर ले लेकिन एक न एक दिन वह कानून के शिकंजे में फंस ही जाता है। यहां भी यही हुआ है। छह साल पहले सरस्वती विहार थाना क्षेत्र में अपने साथियों के साथ मिलकर बंदूक की नौक पर तंबाकू की दुकान में लूटपाट करने वाले वांछित को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। इस बीच वह कभी बिार तो कभी कोलकाता में छिपा रहा।

पुलिस के मुताबिक, उसे अगस्त 2019 में इस मामले में दो सप्ताह की पैरोल मिली थी, लेकिन उसने आत्मसमर्पण नहीं किया और पिछले छह साल से फरार चल रहा था। आरोपित की पहचान शकरपुर के सरफराज उर्फ सोनू के रूप में हुई है जो पहले भी डकैती, लूटपाट और सेंधमारी के सात आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

उपायुक्त आदित्य गौतम ने बताया कि वर्ष 2011 में थाना सरस्वती विहार में लूट का मामला दर्ज किया गया था, जिसमें आरोपित सरफराज ने अपने साथियों के साथ मिलकर एक तंबाकू की दुकान में बंदूक की नोक पर 30 हजार लूट लिए थे। पुलिस ने उसे मामले में गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन पैरोल मिलने के बाद वह फरार हो गया।

उसे पकड़ने के लिए एसीपी रमेश चंद्र लांबा की देखरेख में और इंस्पेक्टर पंकज मलिक और रोहित कुमार के नेतृत्व में टी गठित की गई थी। एएसआई सुरेश गुप्ता को सूचना मिली कि आरोपित शकूर बस्ती छिपा हुआ है। सूचना पर टीम ने 14 नवंबर को छापेमारी करते हुए उसे दबोच लिया।

पूछताछ में पता चला कि फरारी के दौरान वह बिहार के सहरसा जिले में अपने पैतृक गांव में छिपा रहा और बाद में कोलकाता चला गया, जहां उसने बैटरी रिक्शा चालक के रूप में काम किया। इसी वर्ष अगस्त में वह दिल्ली लौट आया और पकड़े जाने से बचने के लिए शकूर बस्ती में पहचान बदलकर रह रहा था।

# अल फलाह ट्रस्ट के दफ्तर पर 12 घंटे से चल ही ED की रेड, दिल्ली पुलिस और अर्धसैनिक बल तैनात

**● ईडी की दिल्ली में अल फलाह ट्रस्ट पर छापेमारी।**

**फरीदाबाद यूनिवर्सिटी में स्पेशल सेल की जांच।**

**दस्तावेजों की जांच और सुरक्षा कड़ी।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**मोहम्मद रईस।** जमिया नगर स्थित अल फलाह चैरिटेबल ट्रस्ट के दफ्तर पर ईडी की छापेमारी लगातार 12 घंटे से जारी है। मौके पर बड़ी संख्या में दिल्ली पुलिस व अर्धसैनिक बल तैनात हैं। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा घेरा कड़ा कर दिया गया है और ट्रस्ट कार्यालय के बाहर आवाजाही नियंत्रित की जा रही है। इसी कार्रवाई से जुड़े क्रम में दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की टीम फरीदाबाद स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी भी पहुंच गई, जहां जांच से जुड़े दस्तावेज और रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

स्पेशल सेल की टीम यूनिवर्सिटी के मुख्य गेट पर रखे उस फाइल रिकॉर्ड की जांच में जुटी है, जिसमें कैंपस में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति और वाहनों का विवरण दर्ज होता है। टीम इस पूरे डेटा को अपने कब्जे में ले रही है ताकि जांच को आगे बढ़ाया जा सके। सूत्रों के अनुसार, ईडी की टीम पहले से ही यूनिवर्सिटी परिसर के अंदर मौजूद है, और अलग-अलग विभागों में दस्तावेजों की जांच जारी है। यूनिवर्सिटी कैंपस में बढ़ी हलचल और सुरक्षा बंदोबस्त को देखते हुए प्रशासन ने सभी गैर-आवश्यक गतिविधियों पर निगरानी बढ़ा दी है। छापेमारी और सुरक्षात्मक कार्रवाई को लेकर आधिकारिक बयान अभी तक जारी नहीं किया गया है, लेकिन दोनों स्थानों पर जांच एजेंसियों की गतिविधि तेज बनी हुई है।

## शिक्षा के साथ- साथ बच्चों में खेल भावना विकसित करना जरूर- विधायक श्याम धनी राही

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**





**सिद्धार्थनगर।** जिले के बर्डपुर ब्लॉक के जूनियर हाई स्कूल बर्डपुर के परिसर में मंगलवार को आयोजित बेसिक शिक्षा विभाग की ओर बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में विधायक श्याम धनी राही ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ बच्चों में खेल की भावना विकसित करना अति आवश्यक है। जिससे बच्चे विभिन्न खेल विधाओं में दक्ष होकर अपना व देश का नाम रोशन कर सकते हैं। खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिये भी बेहद जरूरी हैं। बर्डपुर में बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में 33 वीं बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का बच्चों के खेलकूद कार्यक्रमों के साथ आगाज हुआ। बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि सदर विधायक श्याम धनी राही ने करायी। इसके बाद बच्चों ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी।

विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार स्पोटर्स के क्षेत्र में लगातार ऐतिहासिक कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे के लिये पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद के लिए भी समय देना चाहिये। इस ग्राउंड पर खेलने वाले खिलाड़ी जीत हासिल कर तहसील , जिला ,मंडल स्तर एवं प्रदेश स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लें यह मेरी शुभकामनायें हैं। इस दौरान निवर्तमान मंडल अध्यक्ष नीतेश पाण्डेय ने कहा कि खेलों से बच्चों का तन एवं मन स्वस्थ होता है। वर्तमान में गांव-गांव खेल मैदान तैयार किये गये हैं। जहां ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को बेसिक शिक्षा विभाग के माध्यम से तलाशा जा रहा है। खण्ड विकास अधिकारी ओम प्रकाश सिंह यादव ने कहा कि खेल बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करते हैं। इसलिये बच्चों को विद्यालय में प्रतिदिन खेल गतिविधियों से जोड़ना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, शैलेंद्र कुमार मिश्रा, कलीमुल्लाह आदि मौजूद रहे।

# गोबरिया में घटिया सड़क निर्माण पर ग्रामीणों का हंगामा

**● पत्नी ठेकेदार, पति सरकारी अध्यापक-फील्ड में करवाते मिले काम, ग्रामीणों से विवाद बढ़ा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**चित्रकूट।** मुख्यालय से सटे गोबरिया गाँव में पीडब्ल्यूडी द्वारा कराए जा रहे बेडीपुलिया-गोबरिया मार्ग के निर्माण को लेकर भारी विवाद की स्थिति बन गई। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण में कथित लापरवाही, घटिया सामग्री और मानकों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए जोरदार हंगामा किया। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तारकोल की परत नहीं डाली गई और सीधे डामर बिछा दिया गया। इसके चलते निर्माण के कुछ ही दिनों में कई स्थानों पर सड़क उखड़ने लगी है। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह की लापरवाही से सरकारी धन की बर्बादी हो रही है और बारिश में सड़क पूरी तरह खराब होने का खतरा है।

सरकारी अध्यापक पर लगे गंभीर आरोप ग्रामीणों के मुताबिक निर्माण कार्य कराने के लिए ठेकेदार की जगह उसके पति वेद प्रकाश रलिहा, जो कि सरकारी शिक्षक बताए जाते हैं, मौके पर मौजूद थे और स्कूल का समय छोड़कर फील्ड में मजदूरों से काम करवा रहे थे। ग्रामीणों ने इस पर आपत्ति जताई तो विवाद बढ़ गया।

'मैं तो आम जनता हूं, रास्ते से जा रहा था'- पति** ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विरोध दर्ज कराने पर वेद प्रकाश ने उनके साथ गाली-गलौज की और धमकी दी।

घटना की जानकारी मिलते ही मीडिया मौके पर पहुंचा तो उन?होंने स्वयं को 'आम जनता' बताते हुए कहा कि वह तो सिर्फ 'रास्ते से गुजर रहे थे ', निर्माण कार्य से उनका कोई संबंध नहीं है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि वे लंबे समय से निर्माण स्थल पर ठेकेदार की जगह काम देखते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए जिलाधिकारी चित्रकूट सहित विभागीय अधिकारियों को लिखित शिकायत भेजी है। उन्होंने पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही जांच कर दोष तय नहीं किया गया, तो वे मजबूर होकर आंदोलन करेंगे। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये की परियोजना में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।